सनातनजैनग्रंथमाला।

१५

अमृतचंद्रसूरिविरचित

परमाध्यात्मतरंगिणी।

(भट्टारक शुभचंद्र कृत संस्कृत और पं० जयचंद्रजी कृत हिंदीटीकासहित)

जिसका

गांधी हरिभाई देवकरण एंड संस द्वारा संरक्षित

भारतीयजैनसिद्धांतप्रकाशिनी संस्थाके महामंत्रीने

धरणगांवनिवासी शेठ चुन्नीलाल अंबुसासावजीके

पूज्य पिता-शेठ अंबुसासावजीके

और

माता श्रीमती मागावाईजीके स्मरणार्थ तथा ज्ञानावरणीय कर्मक्षयार्थ

प्रदत्त द्रव्यसे जीर्णोद्धार किया।

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S.   Jin Gun Aaradhak Trust

प्रकाशक—

पन्नालाल बाकलीवाल

महामंत्री—भारतीयजैनसिद्धांतप्रकाशिनी संस्था

८ महेंद्रबोस लेन बाघबाजार, कलकत्ता।

मुद्रक—

श्रीराखालचंद्र मित्र

विश्वकोष प्रेस, ९ विश्वकोष लेन

बाघबाजार कलकत्ता।

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S.

Jin Gun Aaradhak Trust

ये धर्मलीना मुनयः प्रधानं ते दुःखहीना नियमे भवंति ।
संप्राप्य शीघ्रं परमात्मतत्त्वं व्रजंति मोक्षं क्षणमेक एव ॥

चिदानंदमयं शुद्धं निराकारं निरामयं ।
अनंतगुणसंपन्नं सर्वसंगविवर्जितं ॥
आनंदं ब्रम्हणो रूपं निजदेहे व्यवस्थितं ।
ध्यानहीना न पश्यति जात्यंधा इव भास्करं ॥

युगपज्जायते कर्ममोचनं तात्त्विकं सुखं ।
लयाच्च शुद्धचिद्रूपे निर्विकल्पस्य योगिनः॥
ये याता यांति यास्यंति योगिनः शिवसंपदं ।
समासाध्यैव चिद्रूपं शुद्धमानंदमंदिरं ॥

कारंजाभिधसंस्थानभट्टारकमहत्तमः ।
शुद्धचिद्ध्यानदक्षोऽयं वीरसेनो महामनाः ॥

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

परमाध्यात्मतरंगिणी ।

(समयसार कलश)

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

प्रस्ताव ।

अध्यात्म रहस्यके परिपूर्ण वेत्ता स्वनाम धन्य भगवान कुंदकुंद जैन समाजके एक प्रसिद्ध आचार्य होगये हैं । इतना ही नहीं बल्कि–

मंगलं भगवान् वीरो मंगलं गौतमो गणी ।
मंगलं कुंदकुंदार्यो जैनधर्मोऽस्तु मंगलं ॥

इस वचनानुसार गौतम स्वामीके वाद अपनेको मंगलस्वरूप कहलवानेका श्रेय भगवान कुंदकुंद को ही है । इनके बनाये हुए पंचस्तिकाय प्रवचनसार आदि अनेक प्राकृत ग्रंथ हैं परंतु उन सबमें इनके अनुभवका सर्वस्व समयसार प्राभृत ही है । इस ग्रंथकी यद्यपि कई टीका हैं परंतु जैसी अनुपम, और गाथासूत्रोंका स्पष्ट तात्पर्य वतलानेवाली श्रीमान् अमृतचंद्राचार्य कृत आत्मख्याति टीका है वैसी अन्य नहीं । बल्कि न्यायस्वरूपके वेत्ता भगवान अकलंकके विषयमें जैसी यह किंवदंती है कि ' तदभिप्रायसाकल्यं तु स्याद्वादविद्यापतिर्विवेद ' अर्थात् भगवान् अकलंक देवका पूर्ण अभिप्राय स्याद्वादविद्यापति आचार्यप्रवर विद्यानंद प्रभु ही जानते हैं उसीप्रकार भगवान कुंदकुंदके रहस्यके ज्ञाता आचार्यवर अमृतचंद्र सूरि ही थे यह कहना अत्युक्त नहिं हो सक्ता ।

पाठक महोदय ! जो अनुपम ग्रंथ आपके कर कमलोंमें विराजमान है वह उन्हीं अमृतचंद्रसूरिकी कृति है । इन्होंने जो आत्मख्याति टीका लिखी है उसीमें गाथा सूत्रोंके भावको इन श्लोकोंसे भी प्रकट किया है जो एक स्वतंत्र ग्रंथस्वरूपमें परिणत हो गया है । यह ग्रंथ नाटकसमयसारकलशके नामसे प्रसिद्ध है इसग्रंथके इस नामके रखनेसे यह जान पड़ता है कि जिसप्रकार विशाल भी मंदिरकी विना कलशोंके शोभा नहिं होती उसीप्रकार समयसार वा आत्मख्याति टीकाकी शोभा भी इस ग्रंथके विना नहिं हो सक्ती अर्थात् समयसार भी पढिये परंतु जब तक इस ग्रंथको–आत्मख्याति टीकामें दिये हुये इन श्लोकोंको नहिं पढा जाता तब तक पूर्णरूपसे आत्मा आत्मिक अनुपम आनंदका अनुभव नहिं करसक्ता । इस ग्रंथका संस्कृत टीकानुसार परमाध्यात्मतरंगिणी नामभी है जोकि विषयानुकूल है । आचार्य अमृतचंद्रसूरिके पुरुषार्थसिद्ध्युपाय तत्त्वार्थसार आदि स्वतंत्र भी अनुपम ग्रंथ है जो इनकी लोकोत्तर विद्वत्ताका भान कराते हैं । इन्होंने किसी ग्रंथमें अपना परिचय नहिं दिया न गुरु आदिका नाम लिखा इसलिये ये अमुकके शिष्य, अमुकके गुरु, अमुक देश वा पत्तनके निवासी अमुक कालमें हुये इसबातका उल्लेख करनेके लिये हम सर्वथा असमर्थ हैं तथापि इनका काल दशमी शताब्दी अनुमानसे माना जाता है परंतु उसमें भी कोई पुष्ट प्रमाण नहीं । १

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

इस ग्रंथकी संस्कृत टीका भी इसीके साथ प्रकाशित है जो कि मूलको भलेप्रकार लगाती है। इसके कर्ता भट्टारक शुभचंद्र हैं जो १५ वीं शताब्दीमें हो गये हैं यद्यपि यह ग्रंथ दो संस्कृतटीकाओंसे युक्त संस्कृत समयसारके साथ और भाषाटीका युक्त समयसारके साथ मय भाषाटीकाके निकल चुका है इसलिये इसके प्रकाशित करनेकी अवश्यकता न थी तथापि स्वतंत्र न प्रकाशितकर साथमें प्रकाशित होनेसे और विना संस्कृतटीकाके जैसा इस ग्रंथका महत्व है वैसा लोगोंको जल्दी ज्ञात नहिं हो सक्ता इसलिये इसका जुदा प्रकाशित करना उचित समझा गया। हमारी यह प्रबल भावना थी कि इस अनुपम ग्रंथकी अन्य २ ग्रंथोंके आधारसे विस्तृत टीका लिखीजाय परंतु सहायक महाशयका प्रबल आग्रह पं. जयचंद्रजीकी ढूंढाडी भाषाका ही प्रकाशित होनेका देखा गया इसलिये जबरन वैसा करना पडा।

धारणगांव निवासी शेठ चुन्नीलाल अंबुसासाकी सज्जनताकी हम प्रशंसा किये विनां नहि रहते कि जिन्होंने बहुत दिनसे हमारे पास आधी सहायताका रुपया भेजदिया परंतु संस्कृत टीकाकी दूसरी प्रतिके वर्षों प्रयत्न करनेपर भी न मिलनेसे हम इसे जल्दी प्रकाशित न करसके। अब भी जब हमें दूसरी प्रति नहीं प्राप्त हुई तब लाचारीसे एक ही प्रतिके आधारसे इसकी संस्कृत टीका प्रकाशित करनी पडी इसलिये जहांपर स्खलना हो गई हो पाठक उसे शोधनेकी कृपा करें। विना संस्कृत टीकाके लोगोंपर महत्त्व नहिं प्रकट हो सक्ता था दूसरे एकप्रकारसे भषाटीका सहित यह ग्रंथ भाषाटीकासहित समयसारमें निकल भी चुका था इसलिये संस्कृतटीकाकेलिये हमारा इतने दिनोंतक प्रयत्न करना उचित ही था इस ग्रंथकी कविताके सौंदर्यके बारेमें लिखना व्यर्थ है। पाठक इसका रसास्वादनकर स्वयं अनुभव करलेंगे तथापि हम इतना जरूर लिख देते हैं कि जिसप्रकार वीर श्रृंगार आदिकी कवितामें मनुष्यका उसीकी ओर ध्यान खिच जाता है उसीप्रकार इस अध्यात्मरसकी भी कविताके पढते समय चित्त इसीमें लीन हो जाता है बडा मिठास मालूम पडता है आरंभकर फिर जल्दी छोडनेको जी नहिं चाहता।

निवेदन–

हमें भाषा और संस्कृतटीकामें कहींपर अर्थमें विलक्षणता मालूम हुई थी इसलिये उसे विशेषमें लिखदिया है कहींपर भावमें भी कठिनता जान पडी थी वह भी विशेषमें खुलासा करदिया है यदि कहींपर त्रुटि किंवा भूल हुई होय तो पाठक क्षमा करें।

निवेदक

मनोहरलाल

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S.   Jin Gun Aaradhak Trust

सनातनजैनग्रंथमाला ।

१५

श्रीमद्–अमृतचंद्रसूरिविरचित

परमाध्यात्मतरंगिणी ।

(समयसारकलश)

संस्कृत–व्याख्यान और हिंदीवचनिका सहित ।

शुद्धं सच्चिद्रूपं भव्यांबुजचंद्रममृतमकलंकं । ज्ञानाभूषं वंदे सर्वविभावस्वभावसंमुक्तं ॥ १ ॥
सुधाचंद्रमुनेर्वाक्यपद्यान्युद्धृत्य रम्याणि । विवृणोमि भक्तितोऽहं चिद्रूपे रक्तचित्तश्च ॥ २ ॥

अथ श्रीमदमृतचंद्रसूरिः श्रीकुंदकुंदाचार्योक्तसमयसारप्राभृत-व्याख्यानं कुर्वाणः संस्तदंतरे चित्स्वरूपप्रकाशकानि--चिन्नाटकरंगावनि-वितीर्णानि पद्यानि परमाध्यात्मतरंगिण्यपरनामधेयानि रचयन् प्रथमतः परमात्मादिनमस्कृतिरूपमंगलमाचष्टे—

नमः समयसाराय स्वानुभूत्या चकासते ।
चित्स्वभावाय भावाय सर्वभावांतरच्छिदे ॥ १ ॥

समयसाराय भावाय नमः-सं०-सम्यक् त्रिकालावच्छिन्नतया अयंति-गच्छंति-प्राप्नुवंति स्वगुणपर्यायानिति समयाः-

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

पदार्थाः, तेषां मध्ये सारः-सरति-गच्छति सर्वोत्कृष्टत्वमिति सारः-परमात्मा, तस्मै । भूयते सत्स्वरूपेणेति भावः-पदार्थस्तस्मै-परमात्मरूपपदार्थाय, नमः-त्रिशुद्धया नमस्कारोऽस्तु । किंलक्षणाय ? चकासते-देदीप्यमानाय । कया ? स्वानुभूत्या-स्वस्य आत्मनः, अनुभूतिः-अनुभवनं तया, स्वानुभवप्रत्यक्षेण चकासते । पुनः किंभूताय ? चित्स्वभावाय-चित्-ज्ञानदर्शनरूपा सैव स्वभावः स्वरूपं यस्य तस्मै । पुनः किंलक्षणाय ? सर्वभावांतरच्छिदे-आत्मनो भावात् अन्ये भावाः-स्वभावाः पदार्था वा भावांतराः, सर्वे च ते भावांतराश्च, सर्वभावांतराः, तान् छिनत्ति-स्वस्वभावात् पृथक्करोतीति सर्वभावांतरच्छित् तस्मै । सामान्यपक्षोयं ।

जिनपक्षे-समयसाराय सं-सम्यक्-यथोक्तरूपेण, अयंति जानंतिःस्याद्वादात्मकं वस्तु निश्चिन्वंति, ते समयाः-सातिशयसम्यग्दृष्टिप्रभृतिक्षीणकषायपर्यंता जीवाः, तेषां पूज्यत्वेन सारो जिनस्तस्मै नमः । स्वानुभूत्या-स्वस्यानुभूतिः-विभूतिः समवसरणादिलक्षणा तया चकासते-प्रकाशमानाय, चित्स्वभावाय-घातिकर्मक्षयात्साक्षात् चित्स्वभावाय, भावाय-भानि-नक्षत्राणि, उपलक्षणात् चतुर्निकायदैवतानि अवति-रक्षति-पातीति भावस्तस्मै । सर्वभावानां, अंतरं भेदं-'जीवाजीवादिकं भिन्नमित्यादिरूपं विचारं' छिनत्ति-परिछिनत्ति-जानातीति सर्वभावांतरच्छित् तस्मै ।

सिद्धपक्षे-परमात्मवत्प्रक्रिया । समं-साम्यं यांति-प्राप्नुवंतीति समया योगिनस्तेषां मध्ये ध्येयतया सारः सिद्धपरमेष्ठी । स्वानुभूत्या-सु-सुष्ठु [ध्रा] जगत्त्रयासंभाविनी, आ-अतिशयेनानुभूतिर्वृद्धिः-अगुरुलघ्वादिगुणानां षट्वृद्धिः, तया । भूधातुर्वृद्ध्यर्थे वर्तते, तथाचोक्तं--

सत्तायां मंगले वृद्धौ निवासे व्याप्तिसंपदोः । अभिप्राये च शक्तौ च प्रादुर्भावे गतौ च भूः ॥ इति ।

चकासते । चित्स्वभावाय, पूर्ववत् । भावाय-भाः-दीप्तिः-ज्ञानज्योतिः, तया वाति-प्राप्नोति जगदिति भावः-सकलस्य जगतः ज्ञानांतर्गतत्वात्, वा गतिगंधनयोः, ये गत्यर्थास्ते प्राप्त्यर्थाः, 'आतोऽनुपसर्गात्कः' इति कप्रत्ययेन सिद्धं । सर्वेत्यादि-सर्वभावानामंतः-अभ्यंतरं तेषां अच्छित्-अविच्छेदोऽविनाशो यस्मात्स तथोक्तस्तस्मै, सिद्धपरमेष्ठिनः केषांचित् पदार्थानां विनाशाभवात् ।

आचार्यपक्षे--सं-सम्यक्, अयनं-गमनं यतं चरेदित्यादिलक्षणं चरणं येषां ते समया योगिनस्तेषु सारः-आचार्यः, तस्मै । स्वानुभूत्या षट्त्रिंशद्गुणलक्षणया चकासते--प्रकाशमानाय । चित्स्वभावायभावाय-चित्सु-चिद्रूपेषु, स्वस्य आत्मनः भावः परिणतिः स एव अघभावः शुभावहभावो यस्य स यथोक्तस्तस्मै । सर्वभावेत्यादि पूर्ववत् ।

उपाध्यायपक्षे-समयः-सिद्धांतः-स्त्रियते, प्राप्यते येन स तथोक्तस्तस्मै स्वानुभूत्येति पूर्ववत् । चित्स्वभावायभावाय-चित्सु-चेतनेषु पदार्थेषु, उपलक्षणादचेतनेष्वपि अभावः स्यान्नास्तित्वं तेन सह आयः भणनं कथनमिति यावत्-इङ् अध्ययनेऽस्य धातोर्भावे घञ्प्रत्ययविधानात्, भावस्य स्यादस्तित्वरूपस्य यस्योपाध्यायस्य तथोक्तस्तस्मै पदार्थेष्वस्तित्वं नास्तित्वेनोपलक्षितमिति कथकायेत्यर्थः ।

---

१ पंचंदीसंवरणो नवविहवंभचेरु गुत्तिधरो । चउविय कसायमुक्को ए अट्ठारस गुणसंजुओ ॥ १ ॥ पंचमहव्वयजुत्तो पंचविहायारपालणसमत्थो । पंच समिओतिगुत्तो वत्तीसगुणो अ हवइ सूरी ॥ २ ॥

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

साधुपक्षे-समयेषु कालावलिषु सारःसाधुः शेषं पूर्ववत्। मयो--गतिः, मय गतावस्य धातोः प्रयोगः, तेषु सारं--रत्नत्रयं, तेन सह वर्तत इति समयसारः साधुरित्यर्थो वा।

रत्नत्रयपक्षे-सं-सम्यक्त्वं, अयो-ज्ञानं, सरणं-सारः-चरित्रं. द्वंद्वैकत्वं, तस्मै, शेषं पूर्ववद्यथासंभवं व्याख्येयं। एवमर्थाष्टकं व्याख्यातं। अत्याक्षिप्यमाणं बहुशोऽर्थेन व्याख्यायते, विस्तरभयान्नेक्षितं पद्यं। अथ सरस्वतीमभिष्टौति—

स्वर्गीय-पं० जयचंद्रकृत हिंदीवचनिका।

अर्थ–समय कहिये जीव नामा पदार्थ, ताविषैं सार जो द्रव्यकर्मभावकर्मनोकर्मरहित शुद्ध आत्मा, ताकै अर्थि मेरा नमः नमस्कार होऊ। कैसा है? 'भावाय' कहिये शुद्धसत्तारूप वस्तु है। इस विशेषणकरि सर्वथा अभाववादी जो नास्तिक, ताका परिहार है। बहुरि कैसा है? 'चित्स्वभावाय' कहिये चेतनागुणरूप है स्वभाव जाका। इस विशेषणकरि गुणगुणिकै सर्वथा भेद माननेवाला जो नैयायिक, ताका निषेध है॥ बहुरि कैसा है? 'स्वानुभूत्या चकासते' कहिये अपनी ही अनुभवरूप क्रिया, ताकरि प्रकाश करता है--आपकूं आपहीकरि जानेहै, प्रगट करेहै। इस विशेषणकरि आत्माकूं तथा ज्ञानकूं सर्वथा परोक्ष ही माननेवाले जे जैमिनीय भट्ट प्रभाकर मतके मीमांसक तिनिका व्यवच्छेद है। तथा ज्ञान अन्यज्ञानकरि जान्या जाय है आप आपकूं जानै नाहीं ऐसैं मानते जे नैयायिक तिनिका प्रतिषेध है॥ बहुरि कैसा है? 'सर्वभावांतरच्छिदे' कहिये सर्व जीव अजीव जे आपतैं अन्य चराचरपदार्थ, तिनिकूं सर्वक्षेत्रकालसंबंधी सर्वविशेषणनिकरि सहित एककाल जाननेवाला है। इस विशेषणकरि सर्वज्ञका अभाव माननेवाले जे मीमांसक आदि तिनिका निराकरण है॥ ऐसैं विशेषणनिकरि अपना इष्ट देव सिद्ध करि नमस्कार किया है॥

भावार्थ--इहां मंगलके अर्थि शुद्ध आत्माकूं नमस्कार किया है, सो कोई पूछै है–इष्टदेवका नाम ले नमस्कार क्यों नहीं किया? ताका समाधान–जो यह अध्यात्मग्रंथ है, तातैं जो इष्टदेवका सामान्यस्वरूप सर्वकर्मरहित सर्वज्ञ वीतराग शुद्ध आत्माही है। सो समयसार कहनेमैं इष्टदेव आयगया, एक ही नाम लेनेमैं अन्यवादी मतपक्षका विवाद करे हैं, तिनि सर्वका निराकरण विशेषणनितैं जनाया। अन्यवादी अपने इष्टदेवका नाम लेहैं, ताका तो अर्थ बाधासहित है। बहुरि स्याद्वादी जैनीनिकै सर्वज्ञ वीतराग शुद्ध आत्मा इष्ट है, ताकै नाम कथंचित् सर्व ही सत्यार्थ संभवे हैं। इष्टदेवकूं परमात्मा भी कहिये, परमज्योति कहिये, परमेश्वर कहिये, शिव कहिये, निरंजन कहिये, निष्कलंक कहिये, अक्षय कहिये,

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

अव्यय कहिये, शुद्ध कहिये, बुद्ध कहिये, अविनाशी कहिये, अनुपम कहिये, अच्छेद्य, अभेद्य, परमपुरुष, निराबाध, सिद्ध, सत्यात्मा चिदानंद, सर्वज्ञ, वीतराग, अर्हत्, जिन, आप्त, भगवान्, समयसार इत्यादि हजारा नामकरि कहिये । किछू विरोध नाहीं । सर्वथा एकांतवादीनिकै भिन्न नाममैं विरोध है, अर्थ यथार्थ समझना ऐसैं जानना ॥ दो०--प्रगटै निज अनुभव करै, सत्ता चेतनरूप। सबग्याता लखिकै नमो, समयसारसिवभूप ॥ १ ॥ आगैं सरस्वतीकूं नमस्कार करे हैं–

विशेष—यद्यपि ग्रंथकारने यहां किसी विशेष इष्टदेवका उल्लेख न कर सामान्यरूपसे समयसार-परमात्माका उल्लेख किया है तथापि अर्हंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय साधु और सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्रस्वरूप रत्नत्रयको भी इसश्लोकसे नमस्कार हो जाता हैं जैसे–अर्हंत परमेष्ठीके पक्षमें-'सम्' वास्तविक रीतिसे 'अय' पदार्थोंको जाननेवाले जो सातिशय सम्यग्दृष्टिसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थान पर्यंतके जीव उनमें 'सार' मुख्य, समवसरणादि लक्ष्मीसे प्रकाशमान, घातिया कर्मोंके नष्ट हो जानेसे साक्षात् ज्ञान दर्शनरूप चेतनाके धारक, 'भाव' चारो प्रकारके देवोंके रक्षक और समस्त पदार्थोंके भेदाभेदको जाननेवाले अर्हंत परमेष्ठीको नमस्कार है । सिद्धपरमेष्ठीके पक्षमें-जो सिद्ध परमेष्ठी, अगुरुलघु आदि निजगुणोंकी वृद्धिके धारक हैं । चैतन्य स्वभावसे भूषित हैं, जिनके ज्ञानमें तीनोंलोक प्रतिफलित हैं–झलकते हैं और जिनके किसी भी ज्ञान आदि पदार्थका कभी नाश नहिं होता ऐसे समताको धारण करनेवाले-समय-योगियोंमें मुख्य सिद्धपरमेष्ठीको नमस्कार है । आचार्यके पक्षमें-जो आचार्य पांचो इंद्रियोंका दमन करना, नौ प्रकारके ब्रह्मचर्यका पालन करना, चारो कषायोंका जीतना आदि छत्तीस गुणोंके धारक हैं, सम्यग्ज्ञान अर्हंत सिद्ध आदि चेतन शुभ पदार्थोंमें अपनी परिणति लगानेवाले हैं और जीव अजीव आदि समस्त पदार्थोंका भेद समझते हैं ऐसे सम्यक्चारित्रको भलेप्रकार पालन करनेवाले योगियोंमें मुख्य श्रीआचार्य परमेष्ठीको नमस्कार है । उपाध्यायपरमेष्ठीके पक्षमें–जो उपाध्याय परमेष्ठी स्वानुभवप्रत्यक्षसे प्रकाशमान हैं, चेतन अचेतन दोनों पदार्थोंमें स्यादस्तित्व स्यान्नास्तित्व आदि सप्तभंगीका स्वरूप बतलानेवाले हैं और भिन्न भिन्न रूपसे जीव अजीव आदि पदार्थोंके ज्ञाता हैं ऐसे सिद्धांतको प्राप्त होनेवाले–सिद्धांतका अध्ययन करने करानेवाले उपाध्याय परमेष्ठीको नमस्कार है । साधुके पक्षमें –जो साधु, स्वानुभवप्रत्यक्षसे प्रकाशमान, चैतन्यस्वभावके धारक, सत्स्वरूप और जीव अजीव आदि पदार्थोंका भेद जाननेवाले हैं ऐसे सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्रस्वरूप रत्नत्रयसे भूषित साधु परमेष्ठीको नमस्कार है । रत्नत्रयके पक्षमें-स्वस्वरूपसे प्रकाशमान चैतन्य और सत्स्वरूप, जीव अजीव आदि पदार्थोंके ज्ञान श्रद्धान आदि करानेवाले सं- सम्यक्त्व, अय-सम्यग्ज्ञान, सार-सरण-सम्यक्चारित्रस्वरूप रत्नत्रयकेलिये नमस्कार है । इसप्रकार इस श्लोकके आठ अर्थ कियेगये हैं ॥ १॥

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

अनंतधर्मणस्तत्त्वं पश्यंती प्रत्यगात्मनः ।
अनेकांतमयी मूर्तिर्नित्यमेव प्रकाशतां ॥ २ ॥

सं॰ टी॰—अनेकांतमयी मूर्तिः-अनेकांतेन-स्याद्वादेन निर्वृत्ता स्याद्वादात्मिका मूर्तिर्यस्याः सा अनेकांतमयी मूर्तिः-जिनवाणी, जिनवाण्या अनेकांतात्मकत्वादनुक्तापि सामर्थ्याज्जिनवाणी लभ्यते । नित्यं-सदैव, त्रिकालं प्रकाशतां–नित्योद्योतं कुरुतां । किंविशिष्टा सा ? प्रत्यगात्मनः-परमात्मनः-अथवा आत्मनः–चिद्रूपस्य, प्रत्यक् तत्त्वं पश्यंती--भिन्नं तत्त्वं--स्वरूपं अवलोकयंती-प्रकाशयंतीत्यर्थः । किंविशिष्टस्य तस्य ? अनंतधर्मणः- अनंता छिकवारानंतप्रमाणाः अस्तित्वनास्तित्वनित्यत्वानेकत्वादिरूपा धर्माः--स्वभावा यस्य स तथोक्तस्तस्य । धर्मशब्दोत्र स्वभाववाची, "धर्माः पुण्यसमन्यायस्वभावाचारसोमपाः" इत्यनेकार्थः । अथ स्वचित्तविशुद्ध्यर्थं प्रार्थयति—

अर्थ–अनेक हैं अंत कहिये धर्म जामैं ऐसा जो ज्ञान तथा वचन तिसमयी मूर्ति है सो नित्य कहिये सदा ही प्रकाशतां कहिये प्रकाशरूप होऊ । कैसी है ? अनंत हैं धर्म जामैं ऐसा अर प्रत्यक् कहिये परद्रव्यनितैं तथा परद्रव्यके गुणपर्यायनितैं भिन्न अर परद्रव्यके निमित्ततैं भये अपने विकारनितैं कथंचित् भिन्न एकाकार जो आत्मा ताका तत्त्व कहिये असाधारण सजातीय विजातीय द्रव्यनितैं विलक्षण निजस्वरूप ताही पश्यंती कहिये अवलोकन करती है ॥ भावार्थ–इहां सरस्वतीकी मूर्तिकूं आशीर्वचनरूप नमस्कार किया है, सो लौकिकमैं सरस्वतीकी मूर्ति प्रसिद्ध है, परंतु यथार्थ नाहीं, तातैं ताका यथार्थ वर्णन किया है ॥ जो यह सम्यग्ज्ञान है सो सरस्वतीकी सत्यार्थ मूर्ति है, तहां संपूर्णज्ञान तो केवलज्ञान है, जामैं सर्वपदार्थ प्रत्यक्ष प्रतिभासे हैं, सोही अनंतधर्मनिसहित आत्मतत्त्वकूं प्रत्यक्ष देखे है । बहुरि ताहीका अनुसारी श्रुतज्ञान है सो परोक्ष देखे है, तातैं यह भी ताहीकी मूर्ति है । बहुरि द्रव्यश्रुत वचनरूप है, सो यह भी ताही की मूर्ति है, जातैं वचनद्वारकरि अनंतधर्मा आत्माकूं यह जनावे है । ऐसैं सर्वपदार्थनिके तत्त्वकूं जनावती ज्ञानरूप तथा वचनरूप अनेकांतमयी सरस्वतीकी मूर्ति है, याहीतैं सरस्वतीका नाम वाणी, भारती, शारदा, वाग्देवी इत्यादि अनेक कहिये है । अनंतधर्मनिकूं स्यात्पदतैं एक धर्मीविषैं अविरोधरूप साधे है, तातैं सत्यार्थ है । अन्यवादी केई सरस्वतीकी मूर्ति अन्यथा थापे हैं, सो पदार्थकूं सत्यार्थ कहनहारी नाहीं ॥ इहां कोई पूछै–आत्माका अनंतधर्मा विशेषण किया, सो ते अनंतधर्म कौन कौन हैं ? तहां कहिये--जो वस्तुमैं सत्पणा, वस्तुपणा, प्रमेयपणा, प्रदेशपणा, चेतनपणा, अचेतनपणा, मूर्तिकपणा, अमूर्तिकपणा इत्यादिक तौ गुण हैं । बहुरि तिनि गुणनिका परिणमनरूप पर्याय तीनकालसंबंधी

P.P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

समयसमयवर्ती अनंत हैं ॥ बहुरि एकपणा, अनेकपणा, नित्यपणा, अनित्यपणा, भेदपणा, अभेदपणा, शुद्धपणा, अशुद्धपणा आदि अनेकधर्म हैं, ते सामान्यरूप तो वचनगोचर हैं, अर विशेष वचनतैं अगोचर हैं, ते अनंत हैं ज्ञानगम्य हैं। ऐसैं आत्मा भी वस्तु है, तामैं भी अपने अनंतधर्म हैं। तिनिमैं चेतनपणा असाधारण है, अन्य अचेतनद्रव्यमैं नाहीं। अर सजातीय जीवद्रव्य अनंत हैं, तिनिमैं है तोऊ अपना अपना जुदा जुदा निजस्वरूपकरि कह्या है। जातैं द्रव्य द्रव्यनिके प्रदेशभेद हैं, तातैं काहूका काहूमैं मिलता नाहीं। सो यह चेतनपणा अपने अनंतधर्मनिमैं व्यापक है, तातैं याहीकूं आत्माका तत्त्व कह्या है, ताकूं यह सरस्वतीकी मूर्ति देखे है, अर दिखावे है, तातैं याकूं आशीर्वादरूप वचन कह्या है- जो, सदा प्रकाशरूप रहौ, यातैं सर्वप्राणीका कल्याण होय है ऐसैं जानना ॥ २ ॥ आगैं टीकाकार इस ग्रंथका व्याख्यान करनेका फलकूं चाहता संता प्रतिज्ञा करे है—

परपरिणतिहेतोर्मोहनाम्नोऽनुभावादविरतमनुभाव्यव्याप्तिकल्माषितायाः ।
मम परमविशुद्धिः शुद्धचिन्मात्रमूर्तेर्भवतु समयसारव्याख्ययैवानुभूतेः ॥ ३ ॥

सं० टी०—मम-मे, भवतु-अस्तु। का ? परमविशुद्धिः-परमा उत्कृष्टा-कर्ममलकलंकरहिता, सा चासौ विशुद्धिश्च-विशुद्धता, कुतः ? अनुभूतेः-अनुभवात्, कया ? समयसारव्याख्ययैव-समयेषु-पदार्थेषु सारः-परमात्मा, तस्य व्याख्या-विशेषेण वर्णनं, एव-निश्चयेन, परमात्मव्यावर्णनात्, अनुभूतिः, ततो विशुद्धिर्भवतु । अथवा-समयसाराख्यमिदं शास्त्रं तद्व्याख्यया कृत्वा अनुभूतिः ततः शुद्धिश्च । कस्याः ? शुद्धेत्यादि-शुद्धं कर्मकलंकरहितं, चिन्मात्रं-ज्ञानमात्रं तदेव मूर्तिर्यस्याः सा तथोक्ता तस्याः, व्यवहारदशायां तु किंलक्षणा ? अविरतं-निरंतरं, अनुभेत्यादि-संसारिणां, अनुभवितुं योग्याः-अनुभाव्याः-विषयाः, तेषां व्याप्तिः प्राचुर्यं तया कल्माषिता-कश्मलीकृता या सा तथोक्ता तस्याः, कुतः ? अनुभावात्-प्रभावात्, कस्य ? मोहनाम्नः शत्रोरित्याध्याहार्यं, किंलक्षणस्य तस्य ? परेत्यादि-परेभ्यः पुत्रमित्रकलत्रशत्रुभ्यः, उत्पन्ना परिणतिः-परिणामः। अथवा परा आत्मस्वरूपाद्भिन्ना विभावरूपा परिणतिः सैव हेतुः कारणं यस्य स तथोक्तस्तस्य ॥ ३ ॥ अथ जिनवचसः समयसारस्य प्राप्तिं द्रढयति—

याका अर्थ—श्रीमान् अमृतचंद्र आचार्य कहे हैं, जो इस समयसार कहिये शुद्धात्मा तथा यह ग्रंथ, ताकी व्याख्या कहिये कथनी तथा टीका, ताहीकरि मेरी अनुभूति कहिये अनुभवनक्रियारूपपरिणति, ताकै परमविशुद्धि कहिये समस्त रागादिविभावपरिणतिरहित उत्कृष्ट निर्मलता होऊ। कैसी है यह मेरी परिणति ? परपरिणतिकूं कारण जो मोहनामा कर्म, ताका अनुभावकहिये उदयरूपविपाक, तातैं अनुभाव्य कहिये रागादिक परिणाम तिनिकी जो व्याप्ति ताकरि

P.P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

निरंतर कल्माषित कहिये मैली है । बहुरि मैं कैसा हूं ? द्रव्यदृष्टिकरि शुद्धचैतन्यमात्रमूर्ति हूं ॥ भावार्थ—आचार्य कहै हैं–जो शुद्धद्रव्यार्थिकनयकी दृष्टिकरि तो मैं शुद्धचैतन्यमात्र मूर्ति हूं । परंतु मेरी परिणति मोहकर्मके उदयके निमित्त करि मलिन है, रागादिरूप होय रही है। सो इस शुद्ध आत्माकी कथनीरूप यह जो समयसार ग्रंथ, ताकी टीका करनेका फल यह चाहूं हूं, जो मेरी परिणति रागादिकतैं रहित होयकरि शुद्ध होऊ, मेरै शुद्धस्वरूपकी प्राप्ति होऊ, अन्य किछु ख्याति, लाभ, पूजादिक नाहीं चाहूं है । ऐसैं आचार्यनें टीका करनेकी प्रतिज्ञागर्भित याका फलकी प्रार्थना करी है ॥ ३ ॥

उभयनयविरोधध्वंसिनि स्यात्पदांके जिनवचसि रमंते ये स्वयं वांतमोहाः ।
सपदि समयसारं ते परंज्योतिरुच्चैरनवमनयपक्षाक्षुण्णमीक्षंत एव ॥ ४ ॥

सं० टी०—ते-पुरुषा, सपदि-तत्कालं, एव-निश्चयेन, ईक्षंते-अवलोकयंति,-साक्षात्कुर्वंतीत्यर्थः । किं तत् ? परंज्योतिः-परं-उत्कृष्टं-अतिक्रांतसूर्यादि, तच्च तज्ज्योतिश्च-ज्ञानतेजः-परंब्रह्मेत्यर्थः । किंलक्षणं तत् ? समयसारं-सर्वपदार्थेषु सारं, पुनः किंभूतं? उच्चैः-अतिशयेन, अनवं-ननवं अकृत्रिमं-पुराणमित्यर्थः, अनादिनिधनत्वात् । पुनः किंभूतं ? अनयपक्षाक्षुण्णं-नयो नैगमादिः स्याद्वादसापेक्षः, ततो विपरीतः-एकांतरूपोऽनयस्तेषु पक्षोऽभिनिवेशो येषां तेऽनयपक्षाः, एकांतवादिनः, तैरक्षुण्णं-अक्षुभितं-अध्वस्तमित्यर्थः ‘ सूक्ष्मं जिनोदितं तत्त्वं हेतुभिर्नैव हन्यते ’ इति वचनात् । ते के ? ये स्वयं-स्वत एव वांतमोहाः संतः- वांतो-वमितो मोहो रागद्वेषरूपो यैस्तथोक्ताः, रमंते-क्रीडंति एकत्वं भजंत इत्यर्थः । क्व ? जिनवचसि-जिनोक्तसिद्धांतसूत्रे, किंलक्षणे तस्मिन् ? उभयेत्यादि-उभये नया द्रव्यपर्यायार्थिकाः–अस्तित्वनास्तित्वं, एकत्वानेकत्वं, नित्यत्वानित्यत्वमित्येवमादयः, ? तेषां विरोधः-परस्परं विरोधित्वं,-यत्रास्तित्वं तत्र नास्तित्वस्य विरोधः, यत्र नास्तित्वं तत्रास्तित्वस्य विरोध इत्याद्येकांतवादिनां विरोधः, तं ध्वंसते इत्येवंशीलं तस्मिन् तथा चोक्तमष्टसहस्र्यां--‘विरोधान्नोभयैकात्म्यं स्याद्वादन्यायविद्विषां” पुनः किंभूते ? स्यात्पदांके-कथंचित्पदेन लक्षिते, जिनवचसः स्याद्वादात्मकत्वात् । तथा चोक्तं सोमदेवसूरिणा-स्याच्छब्दमंतरेण उन्मिषितमात्रमपि न सिद्धिरधिवसतीति’ ।

अर्थ–निश्चय व्यवहाररूप जे दोय नय तिनिके विषयके भेदतैं परस्पर विरोध है, तिस विरोधका दूर करनहारा स्यात्पदकरि चिन्हित जो जिनभगवानका वचन तिसविषैं जे पुरुष रमै हैं प्रचुरप्रीतिसहित अभ्यास करे हैं ते स्वयं कहिये स्वयमेव विनाकारण आपै आप वम्या है मोह कहिये मिथ्यात्वकर्मका उदय जिनिनैं ते पुरुष इस समयसार जो शुद्ध आत्मा

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S.
Jin Gun Aradhak Trust

अतिशयरूप परमज्योति प्रकाशमान ताहि शीघ्र ही अवलोकन करे हैं। कैसा है समयसार ? अनव कहिये नवीन उपज्या नाहीं है, कर्मतैं आच्छादित था सो प्रगट व्यक्तिरूप भया है । बहुरि कैसा है ? अनय जो सर्वथा एकांतरूप कुनय ताकी पक्षताकरि अक्षुण्ण कहिये खंड्या न जाय है निर्बाध है।। भावार्थ–जिनवचन स्याद्वादरूप है। सो जहां दोय नयकै विषय का विरोध है, जैसैं--सद्रूप होय सो असद्रूप न होय, एक होय सो अनेक न होय, नित्य होय सो अनित्य न होय, भेदरूप होय सो अभेदरूप न होय, शुद्ध होय सो अशुद्ध न होय इत्यादि नयनिके विषयनिविषैं विरोध है। तहां जिनवचन कथंचित् विवक्षातैं सत् असद्रूप, एक अनेकरूप, नित्य अनित्यरूप, भेद अभेदरूप, शुद्ध अशुद्धरूप जैसैं विद्यमान वस्तु है तैसैं कहिकरि विरोध मेटे है, झूटी कल्पना नाहीं करे है। तातैं द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक दोय नयमैं प्रयोजनके वशतैं शुद्ध द्रव्यार्थिककूं मुख्यकरि निश्चय कहे हैं। अर अशुद्ध द्रव्यार्थिकरूप पर्यायार्थिककूं गौणकरि व्यवहार कहे हैं। ऐसैं जिनवचनविषैं जे पुरुष रमे हैं ते इस शुद्ध आत्माकूं यथार्थ पावे हैं। अन्य सर्वथा एकांती सांख्यादिक नाहीं पावे हैं। जातैं सर्वथा एकांतपक्षका वस्तु विषय नाहीं। एक धर्ममात्रहीकूं ग्रहणकरि वस्तुकी असत्यकल्पना करे है । सो असत्यार्थही है, बाधासहित मिथ्यादृष्टि है ऐसैं जानना ॥४॥ आगैं आचार्य शुद्धनयकूं प्रधानकरि निश्चयसम्यक्त्वका स्वरूप कहे हैं । जातैं अशुद्धनय जो व्यवहारनय ताकी प्रधानतामैं जीवादितत्त्वनिका श्रद्धानकूं सम्यक्त्व कह्या है। तिनही जीवादिककूं भूतार्थ जो शुद्धनय तिसकरि जानै सम्यक्त्व होय है ऐसैं कहे हैं ॥ तहां टीकाकार ताकी सूचनिकारूप तीन काव्य कहे हैं । तिनिमैं पहले काव्यमैं कहे हैं जो व्यवहारनयकूं कथंचित् प्रयोजनवान् कह्या तौऊ यह कछू वस्तूभूत नाहीं है—

व्यवहरणनयः स्याद्यद्यपि प्राक्पदव्यामिह निहितपदानां हंत हस्तावलंबः।
तदपि परममर्थं चिच्चमत्कारमात्रं परविरहितमंतःपश्यतां नैष किंचित् ॥ ५ ॥

सं० टी०—प्राथमिकानां व्यवहारनयोपयोगित्वं प्रदर्श्य निश्चयात्मकानां निश्चयं निश्चिनोति-हंत इति वाक्यालंकारे, इह जगति, यद्यपि व्यवहरणनयः-व्यवहाराख्यो नयः, हस्तावलंबः-करावलंबनं, स्यात्-भवति, केषां निहितपदानां-निहितं-आरोपितं, पदं-स्थानं सन्मार्गे यैस्ते तथोक्ताः तेषां, 'पदं-व्यवसितत्राणस्थानलक्ष्मांघ्रिवस्तुषु' इत्यनेकार्थः। कदा ? प्राक् पदव्यां-शुद्धचिद्रूपप्राप्तितस्तत्संमुखत्वे सति पूर्वं-प्राथमिकावस्थायां, तदपि व्यवहारनयः पूर्वमुपयोगी यद्येषोऽस्ति तथापि एष

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S.
Jin Gun Aradhak Trust

व्यवहारनयः, न किंचित्कार्यकारी। केषां? पश्यतां-अवलोकयतां, कं? परममर्थं-शुद्धचिद्रूपलक्षणं पदार्थं, क्व? अंतः-अभ्यंतरे चेतसि, किंभूतं? चिच्चमत्कारमात्रं-चित्-दर्शनज्ञानलक्षणा, तस्याश्चमत्कारः-आश्चर्योद्रेकः, स एव मात्रा-प्रमाणं, यस्य स तथोक्तस्तं। भूयः किंभूतं? परविरहितं-परैः-पुद्गलादिद्रव्यैः, विरहितं-त्यक्तं, तथा चोक्तं-कुंदकुंदाचार्यवरैः 'ववहारोऽभूयत्थो भूयत्थो देसिदो दु सुद्धणओ' इति। अथ आत्मन एकत्वं वितनोति—

अर्थ—व्यवहारनय है सो यद्यपि इस पहिली पदवी जो शुद्धस्वरूपकी प्राप्ति जेतैं न होय तेतैं तिसविषैं स्थाप्या है अपना पद जानैं ऐसे पुरुषनिकूं हस्तावलंबतुल्य कह्या है। सो "हंत" कहिये यह बड़ा खेद है। तथापि जे पुरुष चैतन्यचमत्कारमात्र परम अर्थ शुद्धनयका विषयभूत परद्रव्यभावनिसूं रहितकूं अतरंगविषैं अवलोकन करे हैं, ताका श्रद्धान करे हैं, तथा तिसस्वरूपलीन होय चारित्रभावकूं प्राप्त होय हैं तिनिकैं यह व्यवहारनय किछूभी प्रयोजनवान् नाहीं है॥ भावार्थ--शुद्धस्वरूपका ज्ञान, श्रद्धान तथा आचरण भये पीछैं अशुद्धनय किछूभी प्रयोजनकारी नाहीं है॥५॥ अब दूसरा काव्यमें निश्चयसम्यक्त्वका स्वरूप कहे हैं—

विशेष—श्लोकमें जो 'निहितपदानां' यह पद है वहांपर पं० जयचंद्रजीने पद शब्दका 'पैर' अर्थकर और प्राक्पदव्यां निहितपदानां, ऐसा अन्वयमें संघटितकर 'शुद्धस्वरूपकी पहिली श्रेणीमें पैर रखनेवाले मनुष्योंको यद्यपि व्यवहार नय कार्यकारी है' यह अर्थ प्रगट किया है और संस्कृतटीकाकार भट्टारक शुभचंद्रजीने पदका अर्थ-स्थानकर और सन्मार्गका अध्याहार कर निहितपदानां प्राक्पदव्यां, इत्यादि अन्वय संठनकर 'जिनके हृदयमें सन्मार्गकी न्यूँ जमचुकी है ऐसे मनुष्योंको शुद्धस्वरूपकी पहिली श्रेणीमें यद्यपि व्यवहार नय कार्यकारी है' यह अर्थ किया है परंतु भावांशमें उनमें किसीप्रकारका विरोध नहीं। यद्यपि संस्कृतटीकाकारके अर्थमें चमत्कारी है परंतु उन्हें 'सन्मार्ग' शब्दका अध्याहार करना पडा है। वास्तवमें 'सन्मार्ग' का अध्याहार पं० जयचंद्रजीको भी अभिमत होना चाहिये क्योंकि सन्मार्ग शब्दसे सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रका ग्रहण है और अंतके आधे श्लोकमें "जिन्होंने चैतन्य चमत्कारका भलेप्रकार ज्ञान श्रद्धान करलिया है और उसके स्वरूपमें लीन हो चारित्रभावकोभी प्राप्त करलिया है उनकेलिये व्यवहार नय जरा भी कार्यकारी नहीं' यह अर्थकर उन्होंने स्पष्टरूपसे यह आशय प्रगट करदिया है कि जबतक अखंड सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र प्राप्त न हो तबतक व्यवहार नय कार्यकारी है किंतु उनके प्राप्त होते ही उसकी कोई आवश्यकता नहीं। तथा-भट्टारक शुभचंद्रजीने 'हंत इति वाक्यालंकारे' ऐसा कहकर हंत अव्ययका प्रयोग वाक्यकी सुंदरताकेलिये

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

वतलाया है परंतु पं० जयचंद्रजीने हंत अव्ययका अर्थ खेद किया है। हम पंडित जयचंद्रजीके अर्थसे सहमत हैं क्योंकि व्यवहार नयको हेय माना हैं इसलिये हंत शब्दसे ग्रंथकारने यहां खेद प्रगट किया है कि शुद्धस्वरूपकी प्राप्तिके पहिलें उसकी प्राप्तिकेलिये हमैं जबरन व्यवहारनयका अवलंबन करना पड़ता है यदि हमारा वश चलता अर्थात् विना व्यवहारके अवलंबन किये ही शुद्धचिद्रूपकी प्राप्ति होजाती तो हम व्यवहार नयकी ओर झांककर भी न देखते ॥ ५ ॥

एकत्वे नियतस्य शुद्धनयतो व्याप्तुर्यदस्यात्मनः पूर्णज्ञानघनस्य दर्शनमिह द्रव्यांतरेभ्यः पृथक्।
सम्यग्दर्शनमेतदेव नियमादात्मा च तावानयं तन्मुक्त्वा नवतत्त्वसंततिमिमामात्मायमेकोऽस्तु नः॥

सं. टी.—इह–जगति नियमात्-निश्चयनयमाश्रित्य, एव-निश्चयेन, एतत्सम्यग्दर्शनं-शुद्धसम्यक्त्वं, एतत् किं ? यत् अस्य-जगत्प्रसिद्धस्य, आत्मनः-चिद्रूपस्य, दर्शनं-अवलोकनं, ध्यानेन आत्मनः साक्षात्करणमित्यर्थः। कथं द्रव्यांतरेभ्यः-शुद्धचिद्रूपद्रव्यादन्यद्रव्याणि द्रव्यांतराणि पुद्गलादिद्रव्याणि, तेभ्यः. पृथक्-भिन्नं भवति, तथा किंविशिष्टस्यात्मनः ? शुद्धनयतः-निश्चयनयात्, एकत्वे-अहमात्मा, आत्माहमित्येतल्लक्षणे एकत्वे, नियतस्य--रतिं प्राप्तस्य, पुनः किं भूतस्य ? व्याप्तुः-स्वगुणपर्यायव्यापकस्य, व्यवहारनयाद्वा लोकालोकव्यापकस्य, ज्ञानेन ज्ञानत्वात्सर्वस्य, तथाचोक्तमकलंकपादैः—

स्वदेहप्रमितिश्चात्मा ज्ञानमात्रोऽपि संमतः। ततः सर्वगतः सोऽपि विश्वव्यापी न सर्वथा ॥ इति

पूर्णज्ञानघनस्य-पूर्णः-परिपूर्णः, ज्ञानस्य-बोधस्य घनो यत्र स तथोक्तस्तस्य, च-पुनः अयं-प्रत्यक्षीभूतः आत्मा-चिद्रूपः, तावान् मात्रः सम्यग्दर्शनमात्र इत्यर्थः । तत्-तस्मात् कारणात्, अयं-आत्मा-चिद्रूपः, नः-अस्माकं, एकः-अद्वितीयः, अस्तु भवतु। किं कृत्वा? इमां-प्रसिद्धां, नवतत्त्वसंहतिं-जीवादिनवतत्त्वानां समूहं, मुक्त्वा-त्यक्त्वा, कर्मकलंकितजीवादितत्त्वानि विहाय एकः आत्मा, नः शुद्धयेऽस्तु सदेति यावत्। ६। अथात्मनः प्रकाशो द्योतत इति द्योतयति—

अर्थ-जो इस आत्माका अन्यद्रव्यनितैं न्यारा देखना श्रद्धान करना सोही यहू नियमतैं सम्यग्दर्शन है ॥ कैसा है आत्मा ? अपने गुणपर्यायनिविषैं व्यापनेवाला है। बहुरि कैसा है ? शुद्धनयतैं एकपणाविषैं निश्चित कीया है । बहुरि कैसा है ? पूर्णज्ञानघन है बहुरि जेता यह सम्यग्दर्शन है तेताही आत्मा है ॥ तातैं आचार्य प्रार्थना करेहैं जो इस नवतत्त्वकी परिपाटीकूं छोडि यहू आत्माही हमारै प्राप्त होहू ॥ भावार्थ–सर्व जे स्वाभाविक तथा नैमित्तिक अपनी अवस्थारूप गुणपर्यायभेद तिनिमैं व्यापनेवाला जो यहू आत्मा शुद्धनयकरि एकपणाविषै निश्चित कीया, शुद्धनयतैं

P. P. A... ratansuriji M.S. Jin Gun ... chak Trust

ज्ञायकमात्र एक आकार दिखाया, ताका सर्व अन्यद्रव्य अर अन्यद्रव्यनिके भाव तिनितैं जो न्यारा देखना श्रद्धान करना सो यह नियमतैं सम्यग्दर्शन है। व्यवहार नय आत्माका अनेक भेद रूप कहि सम्यग्दर्शनकूं अनेकभेदरूप कहे है तहां व्यभिचार आवै, यातैं नियम न रहै। शुद्धनयकी हद पहुंचे व्यभिचार नाहीं है। तातैं नियमरूप है। कैसा है? शुद्ध-नयका विषयभूत आत्मा पूर्णज्ञानघन है। सर्व लोकालोकका जाननहारा ज्ञानस्वरूप है॥ बहुरि याका श्रद्धानरूप स-म्यग्दर्शन है सो किछु न्यारा पदार्थ नाहीं है आत्माहीका परिणाम है तातैं आत्माही है, तातैं सम्यग्दर्शन है सोही आत्मा है, अन्य नाहीं है॥ भावार्थ–इहां एता और जानना जो नय हैं ते श्रुतप्रमाणके अंश हैं यातैं यह शुद्धनय है सोऊ श्रुतप्रमाणहीका अंश है। अर श्रुतप्रमाण है सो परोक्षप्रमाण है वस्तुकूं सर्वज्ञके आगमके वचनतैं जाणै है। सो यह शुद्धनय है सो यहू परोक्ष सर्वद्रव्यनितैं न्यारा असाधारण चैतन्यधर्मकूं सर्व आत्माकी पर्यायनिविषैं व्याप्त पूर्ण चैतन्य केवलज्ञानरूप सर्व लोकालोकका जाननहारा दिखावै। तिसकूं यह व्यवहारी छद्मस्थजीव आगमकूं प्रमाण करि पूर्ण आत्माका श्रद्धान करै सोही श्रद्धान निश्चयसम्यग्दर्शन है। जेतैं व्यवहारनयके विषयभूत जीवादिकभेदरूप तत्त्वनि-का केवल श्रद्धान रहै, तेतैं निश्चयसम्यग्दर्शन नाहीं, यातैं आचार्य कहे हैं जो इस तत्त्वनिकी संतति परिपाटीकूं छोडि-करि यह शुद्धनयका विषयभूत एक आत्मा है सोही हमकूं प्राप्त होऊ। अन्य किछु न चाहे हैं॥ यह वीतराग अवस्था-की प्रार्थना है, किछु नयपक्ष नाहीं, जो सर्वथा नयनिका पक्षपात होऊही करै तो मिथ्यात्वही है॥ इहां कोई पूछै-यह अनुभवमैं चैतन्यमात्र आवै एता ही आत्माकूं मानि श्रद्धान करै तो सम्यग्दर्शन है कि नाहीं? ताका समाधान-जो चैतन्य-मात्र तौ नास्तिकविना सर्वही मतके आत्माकूं माने हैं, सो एताही श्रद्धानकूं सम्यक्त्व कहिये तौ सर्वहीकै सम्यक्त्व ठहरै तातैं सर्वज्ञकी वाणीमैं जैसा पूर्ण आत्माका स्वरूप कह्या है तैसा श्रद्धान भये निश्चयसम्यक्त्व होय है॥६॥ अब ती-सरा काव्यमैं कहे हैं जो सूत्रकार आचार्य ऐसैं कहे हैं जो याके आगे शुद्धनयके आधीन जो सर्वद्रव्यनितैं भिन्न आत्म-ज्योति है सो प्रगट होय है–

अतः शुद्धनयायत्तं प्रत्यग्ज्योतिश्चकास्ति तत्।
नवतत्त्वगतत्वेऽपि यदेकत्वं न मुंचति॥ ७॥

सं. टी.—अतः-यतो नवतत्त्वेष्वपि, अयमेक आत्मास्तु नः, अतः कारणात्, चकास्ति-द्योतते। तत्प्रसिद्धं प्रत्यग्ज्योतिः-

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

परंधाम, शुद्धनयायत्तं यत्-शुद्धनयस्य,निश्चयनयस्य, आयत्तं-अधीनं, शुद्धनिश्चयनयेनेति यावत्। यत् परं ज्योतिः-एकत्वं-अद्वितीयत्वं, न मुंचति-नो जहाति, क्व सति ? नवतत्त्वगतत्वेऽपि-नवतत्त्वेषु गतत्वं प्राप्तत्वं तस्मिन् सत्यपि। अपि शब्दात्तेषु, अगतत्वेऽपि-सिद्धात्मनो नवतत्त्वेष्वगतत्वात्, संसार्यात्मनः, नवतत्त्वायतत्वान्नवतत्त्वगतत्वं। ७। अथात्मैव दृश्य इति प्रेरयति-

अर्थ-इहातैं आगैं जो शुद्धनयके आधीन भिन्न आत्मज्योति है सो प्रगट होय है। जो नवतत्त्वमैं गत होय रह्या है, तोऊ आपना एकपणाकूं नाहीं छोडे है ॥ भावार्थ-जो नवतत्त्वमैं आत्मा प्राप्त हुवा अनेकरूप दीखे है, सो याका भिन्न-स्वरूप विचारिये तो अपना चैतन्यचमत्कारमात्र ज्योतिकूं छोडे नाहीं है, सोही शुद्धनयकरि जाणिये है सोही सम्यक्त्व है।

चिरमिति नवतत्त्वच्छन्नमुन्नीयमानं कनकमिव निमग्नं वर्णमालाकलापे।
अथ सततविविक्तं दृश्यतामेकरूपं प्रतिपदमिदमात्मज्योतिरुद्योतमानं ॥ ८ ॥

सं. टी.—अथ परंज्योतिषः प्रकाशकथनादनंतरं, इदं, आत्मज्योतिः-परमात्मज्योतिः दृश्यतां-अंतरदृष्ट्या अवलोक्यतां, इति-अमुना प्रकारेण, कोऽसौ प्रकारः ? एकस्मिन् संसार्यात्मनि, जीवाजीवादिनवतत्त्वसद्भाव इति। चिरं-आसंसारं-पूर्वं पश्चाच्च, नवतत्त्वच्छन्नं-नवतत्त्वैः-जीवाजीवादिभिः, छन्नं-आच्छादितं, किमिव ? कनकमिव,-यथा स्वर्णं, वर्णमालाकलापे-वर्णस्य सप्ताष्टादिरूपवर्णस्य, माला-पंक्तिः, तस्याः कलापः-समूहस्तस्मिन्, निमग्नं-अंतःपतितं। ननु च तत्त्वाच्छादितं परंज्योतिः, वर्णमालाच्छादितं स्वर्णं च कथमस्तीति ज्ञायते ? उन्नीयमानं-नयप्रमाणादिभिर्निश्चीयमानं, निघर्षणच्छेदनादिभिर्ज्ञायमानं, सततं-निरंतरं, वि-विशेषेण-निश्चयनयेन, वि (वि) क्तं-द्रव्यभावमलाद्भिन्नं, स्वर्णं च निजकिट्टकालिकादिमलात् परमार्थतो भिन्नं, एकरूपं-सर्वत्र पर्यायेषु चिद्विवर्तत्वेनैकस्वरूपं, लब्ध्यपर्याप्तादिषु लब्ध्यक्षरादिचिद्विवर्तस्याऽपरित्यक्तत्वात्। स्वर्णं च पीतत्वादिस्वरूपेण सर्वत्र वर्णेषु, एकस्वरूपं प्रतिपदं-एकेंद्रियादिपदेषु ज्ञानादिशक्तितः, उद्योतमानं-प्रकाशमानं, स्पर्शनेंद्रियज्ञानात् द्वींद्रियादिषु रसनेंद्रियज्ञानानां वृद्धिस्वभावत्वात्, कनकमपि-प्रतिपदं-सप्ताष्टकादिवर्णकारस्थानेषु उद्योतमानं, इति छायार्थः कनकेष्वपि ज्ञातव्यः। ८। अथ परज्योतिषि प्रकाशिते सति नयादीनां वैयर्थ्यं स्पष्टयति—

अर्थ-ऐसैं नवतत्त्वनिविषैं बहुतकालतैं छिप्या हुवा यह आत्मज्योति शुद्धनयकरि निकाशि प्रगट कीया है, जैसैं सुवर्णकी मालाके समूहमें सुवर्णका एकाकार छिप्याकूं निकासै तैसैं। सो अब भव्यजीव याकों निरंतर अन्यद्रव्यनितैं तथा तिनितैं भयो नैमित्तिकभावनितैं भिन्न एकरूप अवलोकन करो। यहू पदपदप्रति कहिये पर्यायपर्यायप्रति एकरूप चिचम-

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

त्कारमात्र उद्योतमान है ॥ भावार्थ–यह आत्मा सर्व अवस्थामैं नानारूप दीखेथा सो शुद्धनय एक चैतन्यचमत्कारमात्र दिखाया है । सो अब सदा एकाकारही अनुभवन करो पर्यायबुद्धिका एकांत मति राखो यह श्रीगुरुनिका उपदेश है ॥ अब टीकाकार फेरि कहे हैं, जो, जैसैं नवतत्त्वमें एक जीवहीका जानना भूतार्थ कह्या, तैसैही एकपणाकरि प्रकाशमान जो आत्मा ताका अधिगमनके उपाय ये प्रमाणनयनिक्षेप हैं तेभी निश्चयतैं अभूतार्थ हैं ॥ तिनिविषैंभी यह एक आत्माही भूतार्थ है । जातैं ज्ञेयकै अर वचनके भेदतैं ते अनेक भेदरूप होय हैं ॥ तहां प्रथमही प्रमाण दोय प्रकार है परोक्ष अर प्रत्यक्ष । तहां उपात्त कहिये इंद्रियनितैं भिडिकरि प्रवर्तै अर अनुपात्त कहिये विनाभिडे मनकरि प्रवर्तै ऐसैं दोय परद्वारकरि प्रवर्त्तमान सो परोक्ष है । बहुरि केवल आत्माहीकरि प्रतिनिश्चितपणाकरि प्रवर्त्तमान होय सो प्रत्यक्ष है ॥ भावार्थ–प्रमाण ज्ञान है, सो ज्ञान पांचप्रकार है मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय, केवल । तिनिमैं मति, श्रुत तौ परोक्ष हैं। अर अवधि, मनःपर्यय विकलप्रत्यक्ष हैं । केवलज्ञान सकलप्रत्यक्ष है । सो ये दोऊही प्रमाण हैं ॥ ते प्रमाता प्रमाण प्रमेयके भेदकूं अनुभव करते संते तौ भूतार्थ हैं, सत्यार्थ हैं । बहुरि गौण भये हैं समस्तभेद जामैं ऐसा जो एक जीवका स्वभाव ताका अनुभव करते संते अभूतार्थ हैं असत्यार्थ है ॥ बहुरि नय हैं सो द्रव्यार्थिक है, पर्यायार्थिक है । तहां वस्तु है सो द्रव्यपर्यायस्वरूप है । तामैं द्रव्यकूं मुख्यपणाकरि अनुभवन करावे ऐसा तौ द्रव्यार्थिक है । बहुरि पर्यायकूं मुख्यपणाकरि अनुभवन करावै सो पर्यायार्थिक है । सो ए दोऊही नय द्रव्यपर्यायकूं भेदरूप पर्यायकरि अनुभवन करते संते तो भूतार्थ हैं सत्यार्थ हैं॥ बहुरि द्रव्यपर्याय दोऊहीकूं नाहीं आलिंगन करता ऐसा शुद्ध वस्तुमात्र जो जीवका स्वभाव चैतन्यमात्र ताकूं अनुभव करते संते भेद अभूतार्थ असत्यार्थ है ॥ बहुरि निक्षेप है सो नाम स्थापना द्रव्य भाव भेदकरि चारि प्रकार है । तहां जामैं जो गुन तौ न होय अर तिसके नाम वस्तुकी संज्ञा करीये सो तौ नामनिक्षेप है । बहुरि अन्यवस्तुविषै अन्यकी प्रतिमारूप स्थापना करना जो यहू वह वस्तु है सो यहू स्थापनानिक्षेप है । बहुरि वर्त्तमानपर्यायतैं अन्य अतीत, अनागत पर्यायरूप वस्तु होय ताकूं वर्त्तमानवस्तुमैं कहिये सो द्रव्यनिक्षेप है । वर्त्तमानपर्यायरूप वस्तूकूंही वर्त्तमान कहिये सो भावनिक्षेप है । सो ए चारोही निक्षेप अपने अपने लक्षणभेदतैं न्यारे न्यारे विलक्षणरूपकरि अनुभवन करते संते भूतार्थ हैं सत्यार्थ हैं ॥ बहुरि भिन्नलक्षणतैं रहित एक अपना चैतन्यलक्षणरूप जीवके स्वभावकं अनुभवन करते संते चारोही अभूतार्थ हैं असत्यार्थ हैं ॥ ऐसैं इनि प्रमाणनयनिक्षेपनिविषैं भूतार्थप-

P. P. A. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

णाकरि एक जीवही प्रकाशमान है ॥ भावार्थ–इहां इनि प्रमाणनयनिक्षेपनिका विस्ताररूप व्याख्यान इनिके प्रकरणके ग्रंथनिमें है, तहांतें जानना । इनितें वस्तु द्रव्यपर्यायात्मक साधिये है । सो साधक अवस्थामैं तौ ए सत्यार्थही हैं जातें ए ज्ञानहीके विशेष हैं, इनिविना वस्तूकूं यथाकथंचित् साधे तब विपर्यय होय है ॥ अवस्थाके व्यवहारके अभावकी तीन रीति हैं । एक तो यथार्थवस्तूकूं जानि ज्ञानश्रद्धानकी सिद्धि करना, सो ज्ञानश्रद्धान सिद्धि भये पीछे इनि प्रमाणादिकतैं श्रद्धानके अर्थि तो किछु प्रयोजन नाहीं ॥ बहुरि दूजी अवस्था विशेष ज्ञान अर राग द्वेष मोह कर्मका सर्वथा अभावरूप यथाख्यात चारित्रका होना है, याहीतैं केवलकी प्राप्ति है । सो यहू भये पीछे प्रमाणादिकका आलंबन नाहीं है ॥ तापीछै तीसरी साक्षात् सिद्ध अवस्था है, सो तहां भी किछु आलंबन नाहीं है ॥ ऐसें सिद्ध अवस्थामैं प्रमाणनयनिक्षेपनिका अभावही है इस अर्थका कलशरूप काव्य कहे हैं–

विशेष––यद्यपि पं० जयचंद्रजीने इस श्लोकका अर्थ किया है भावार्थ भी विस्तृतरूपसे समझाया है परंतु श्लोकमें जो दृष्टांत है उसका बिलकुल स्पष्टीकरण नहिं किया भट्टारक शुभचंद्रजीने श्लोककी टीका यद्यपि स्पष्ट लिखी है परंतु अधिक दृष्टि लगानेसे श्लोकका असली तात्पर्य समझमें आता है इसलिये हमारी समझसे इस श्लोकका सुगम और स्पष्ट अर्थ इसप्रकार है–

यह जगत्प्रसिद्ध बात है कि सुवर्णको तपाकर शुद्ध किया जाता है और ज्यों ज्यों उसमें अग्निके ताव दिये जाते हैं त्यों त्यों उसके कीट कालिमा आदि मल दूर होते जाते हैं इसरीतिसे उसके असली स्वरूपके प्राप्त करनेकेलिये एकसे लेकर सोलह ताव दिये जाते हैं और वह हर एक तावमें कुछ २ कीट कालिमा आदिसे रहित होता हुआ उत्तरोत्तर प्रकाश मान होता चला जाता है जिससमय उसके सोलहों ताव समाप्त हो जाते हैं उससमय वह सोलहवानी अर्थात् निखालस सोना कहा जाता है और सुवर्णकी परीक्षा करनेवाले मनुष्य उस सोलहवारके तपाये हुये सोनेको कसौटीपर घिसकर उसके असलीस्वरूपको देखते हैं तो यद्यपि वह सुवर्ण एक शुद्धस्वरूप है तथापि कीट आदिके संबंधसे उसके तावों (उत्तरोत्तर अवस्थाओं) के भेदसे उसमें भेद होता जाता है वह अनेक स्वरूप जान पड़ने लगता है परंतु कीट आदिके नष्ट होजानेपर वह ज्योंका त्यों प्रकट होजाता है उसीप्रकार यह आत्मा भी एक चैतन्यमात्र शुद्ध स्वरूप है और जैसा जैसा वह एकेंद्रियसे दो इंद्रिय, दो इंद्रियसे ते इंद्रिय, ते इंद्रियसे चौ इंद्रिय, चौइंद्रियसे पंचेंद्रिय, पंचेद्रियोंमें मनुष्य, मनुष्योंमें अणुवृती श्रावक, ऐलक, क्षुल्लक, क्षुल्लकसे मुनि, मुनियोंमें भी सातवेंसे लेकर वारहवें गुणस्थानवर्ती और केवली आदि होता जाता है त्यों त्यों वह कर्म मलसे रहित होता हुआ प्रत्येक पर्यायमें प्रकाशमान होता

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

जाता है और अनेकाकार दिखता है परंतु सिद्ध अवस्थामें यह अकेले शुद्ध चैतन्यमात्र स्वरूपका धारक ही रहता है इसलिये विद्वानोंको चाहिये कि वे इस प्रकारके चैतन्यमात्रस्वभावके धारक शुद्ध सिद्ध स्वरूपका अनुभव करैं ॥ ८ ॥

उदयति न नयश्रीरस्तमेति प्रमाणं क्वचिदपि च न विद्मो याति निक्षेपचक्रं ।
किमपरमभिदध्मो धाम्नि सर्वंकषेऽस्मिन्ननुभवमुपयाते भाति न द्वैतमेव ॥ ९ ॥

सं. टी.—अस्मिन्-परात्मलक्षणे, धाम्नि-ज्योतिषि, सर्वंकषे-सर्वं-लोकालोकं, कषति-त्रासमानं करोति जानातीति लक्षणया धातूनामनेकार्थत्वात् सर्वंकषः 'सर्वकूलाभ्रकरीषेषु कषः' इति खश्प्रत्ययविधानात्। अनुभवं-स्वानुभवप्रत्यक्षं, उपयाते-प्राप्ते सति, नयश्रीः-नया द्रव्यार्थिकपर्यायार्थिकाः-नैगमादयः, तेषां श्रीः, न उदयति-न प्राप्नोति 'नयानां परमात्मन्यधिकाराऽयोगात्' वाह्यवस्तुप्रकाशकत्वाच्च, पुनस्तस्मिन् प्रकाशिते, प्रमाणं-प्रमीयते परिच्छिद्यते वस्तु तत्त्वं येन तत्प्रमाणं-स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं, तच्च द्वैधं-प्रत्यक्षपरोक्षभेदात्। तत्र विशदं प्रत्यक्षं, तच्च द्वेधा साकल्यवैकल्यभेदात्। साकल्यं केवलज्ञानं सामग्रीविशेषविश्लेषिताखिलावरणत्वात्। वैकल्यं-अवधिमनःपर्ययभेदाद् द्वेधा। ऐंद्रियं प्रत्यक्षं सांव्यवहारिकं स्पर्शनादींद्रियभेदात्, षोढा। तच्च प्रत्येकं-अवग्रहेहावायधारणाभेदाच्चतुर्धा, तच्च वहुवहुविधादिद्वादशविषयभेदात्, षट्त्रिंशदधिकशतभेदभिन्नं। परोक्षं-स्मृतिप्रत्यभिज्ञानतर्कानुमानागमभेदाद् वहुधा, एतद्द्विविधलक्षणं प्रमाणमस्तं गतमेति प्रमाणानां तत्प्राप्तिनिमित्तत्वात् तत्प्राप्ते वैयर्थ्याच्च। च पुनः, निक्षेपचक्रं-निक्षेपस्तु नामस्थापनाद्रव्यभावभेदतश्चतुर्धा-तत्रातद्गुणे वस्तुनि संज्ञाकरणं नाम, अन्यत्र सोयमिति व्यवस्थापनं स्थापना, वर्तमानतत्पर्यायादन्यद्द्रव्यं, तत्कालपर्यायाक्रांतं वस्तु भावोऽभिधीयते, तस्य चक्रं-समूहः क्वचिदपि-कुत्रचिदपि, आत्मनोऽन्यत्रालक्ष्ये स्थाने, याति गच्छति, तद् वयं न विद्मः-न जानीमः। अतिशयालंकारकथनमेतत्। प्राथमिकानां निक्षेपस्योपयोगित्वात्। अत्रापरं-'निर्देशस्वामित्वसाधनाधिकरणस्थितिविधानलक्षणं' 'सत्संख्याक्षेत्रस्पर्शनकालांतरभावाल्पवहुत्वलक्षणं' च किमभिदध्मः किं-कथयामः ?, तत्र तेषामनुपयोगित्वात्। एव-निश्चयेन, द्वैतं-द्वाभ्यां-नयनेय-प्रमाणप्रमेय-निक्षेपनिक्षेप्यादिलक्षणाभ्यां, इतं-प्राप्तं, द्वीतं, द्वीतमेव द्वैतं, स्वार्थिकाऽण्प्रत्ययविधानात्। न भाति-न प्रतिभासते, तथा चोक्तं—

प्रमाणनयनिक्षेपा अर्वाचीनपदे स्थिताः। केवले च पुनस्तस्मिंस्तदेकं प्रतिभासतां ॥

अथ-स्वात्मस्वभावं प्रकाशयंतं शुद्धनयं व्यनक्ति— १५

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

अर्थ–आचार्य शुद्धनयका अनुभवनकरि कहे हैं, जो, इस सर्वभेदनिका गौण करनहारा जो शुद्धनयका विषयभूत चैतन्यचमत्कारमात्र तेजःपुंज आत्मा ताकै अनुभव आये संते नयनिकी लक्ष्मी है सो उदयकूं नाहीं प्राप्त होय है। बहुरि प्रमाण है सो अस्तकूं प्राप्त होय है। बहुरि निक्षेपनिका समूह है सो कहूं जाता रहैहै सो हम नाहीं जाने हैं। इससिवाय और कहा कहैं द्वैतही नाहीं प्रतिभासे है॥ भावार्थ–भेदकूं अत्यंत गौण करि कह्या है जो प्रमाणनयादिकका भेदकी कहा चली है? शुद्ध अनुभव होतैं द्वैतही नाहीं भासे है, एकाकार चिन्मात्रही दीखे है॥ इहां विज्ञानाद्वैतवादी तथा वेदांती कहैं जो परमार्थ तौ अद्वैतहीका अनुभव भया सोही हमारा मत है, तुमने विशेष कहा कह्या? ताकूं कहिये जो तुमारा मतमैं सर्वथा अद्वैत माने है, सो सर्वथा माने तौ बाह्यवस्तुका अभाव होय है, सो ऐसा अभाव प्रत्यक्षविरुद्ध है। बहुरि हमारे नयविवक्षा है सो बाह्यवस्तुका लोप नाहीं करे है। शुद्ध अनुभवतै विकल्प मिटे है, तब परमानंदकूं आत्मा प्राप्त होय है, तातैं अनुभव करावनेकूं ऐसा कह्या है। अर बाह्यवस्तुका लोप कीये तौ आत्माकाभी लोप आवै तब शून्यवादका प्रसंग आवे है, सो तुम कहो तैसे वस्तुस्वरूप सधै नाहीं, अर वस्तुस्वरूपकी यथार्थश्रद्धाविना जो शुद्ध अनुभवभी करे तौ मिथ्यारूप है, शून्यका प्रसंग आया तब आकाशके फूलका अनुभव है॥ ९॥ आगैं शुद्धनयका उदय होय है ताकी सूचनिकाका काव्य कहे हैं—

विशेष–पं० जयचंद्रजीने 'सर्वंकषे' पदका अर्थ सब पदार्थोंको गौण करनेवाला किया है और भट्टारक शुभचंद्रका अर्थ, सब पदार्थोंको जाननेवाला यह है। यद्यपि ये दोनो ही अर्थ अनुकूल हैं तथापि खुलासा अर्थ 'परद्रव्य और उनके विकारोंसे रहित' यह है। पं० जयचंद्रजीने 'किमपरमभिदध्मः' इस वाक्यका अर्थ 'इसके सिवाय और क्या कहैं? और पं० शुभचंद्रजीने प्रत्यक्ष परोक्ष प्रमाण पदसे उल्लेखकर अपर शब्दसे निर्देश स्वामित्व आदि ग्रहण किये हैं और यह आशय प्रकट किया है कि शुद्धचिन्मात्र तत्त्वके अनुभव होनेपर जब बलवान्से बलवान भी प्रत्यक्ष परोक्ष आदि प्रमाण लापता होजाते हैं तब न कुछ शक्तिके धारक निर्देश स्वामित्व आदि तो ठहर ही कैसे सकते हैं? इन दोनों अर्थोंमें भट्टारक शुभचंद्रजीका अर्थ चमत्कार पूर्ण है॥ ९॥

आत्मस्वभावं परभावभिन्नमापूर्णमाद्यंतविमुक्तमेकं।
विलीनसंकल्पविकल्पजालं प्रकाशयन् शुद्धनयोऽभ्युदेति॥ १०॥

सं. टी.—अभ्युदेति-उदयं गच्छति, कोसौ? शुद्धनयः-शुद्धपरात्मग्राहकद्रव्यार्थिकः, किं कुर्वन्? प्रकाशयन्-व्यक्तीकु-

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

र्वन्, कं ? तं, आत्मस्वभावं-शुद्धचिद्रूपस्वरूपं, कीदृक्षं तं? परभावभिन्नं-परे च ते भावाश्च परभावाः-स्वात्मान्यपदार्थाः, अथवा परेषां-अचेतनादीनां भावाः स्वभावाः, तैर्भिन्नं । भूयः कीदृक्षं ? आपूर्णं-आ-अतिशयेन परिपूर्णं, ज्ञानाद्यनंतगुणपूर्णत्वात्तस्य, पुनः किंभूतं ? आद्यंतविमुक्तं-अनादिनिधनमित्यर्थः, पुनः कीदृशं ? एकं-अद्वैतं, अखंडद्रव्यत्वात्, विलीनेत्यादि-परद्रव्ये ममेदमिति मतिः संकल्पः, अहं सुखी दुःखीत्यादिमतिः, विकल्पः, संकल्पश्च विकल्पश्च संकल्पविकल्पौ, विलीनं संकल्पविकल्पयोर्जालं समूहो यस्य तं, । १० । अथात्मनोऽनुभवनं भावयति—

अर्थ–शुद्धनय है सो आत्माके स्वभावकूं प्रगट करता संता उदय होय है। कैसा प्रगट करे है? परद्रव्य तथा पर द्रव्यके भाव तथा परद्रव्यके निमित्तैं भये अपने विभाव ऐसें परभावनितैं भिन्न प्रगट करे है। बहुरि कैसा प्रगट करे है? आपूर्ण कहीये समस्तपणाकरि पूर्णस्वभाव समस्त लोकालोकका जाननहारा ऐसा स्वभावकूं प्रगट करे है। जातैं ज्ञानमैं भेद तो कर्मसंयोगतैं है, शुद्धनयमैं कर्म गौण है॥ बहुरि कैसा प्रगट करे है? आदि अंतकरि रहित, जो कछू हू आदि लेकरि काहूंते भया नाहीं, तथा कवहूं काहूकरि जाका विनाश नाहीं ऐसा पारिणामिक भावकूं प्रगट करे है। बहुरि कैसा प्रगट करे है? एक है, सर्व भेदभावतैं द्वैतभावतैं रहित एकाकार है, बहुरि विलय भये हैं समस्त संकल्प अर विकल्पके समूह जामैं। संकल्प तौ द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म आदि पुद्गलद्रव्यनिविषैं आपा कल्पै सो लेणै अर विकल्प जे ज्ञेयनिके भेदतैं ज्ञानमैं भेद दिखै ते लेणै। ऐसा शुद्धनय प्रकाशरूप होय है। सो इस शुद्ध नयकूं जानना।

नहि विदधति बद्धस्पृष्टभावादयोमी स्फुटमुपरि तरंतोप्येत्य यत्र प्रतिष्ठां।
अनुभवतु तमेव द्योतमानं समंताज्जगदपगतमोहीभूय सम्यक् स्वभावं॥ ११॥

सं. टी.—भो जगत्-भोजगन्निवासिलोक ! आधारे आधेयस्योपचारः, लोकोक्तिरपीदृक्षास्ति 'मालवो देशः समागतोऽत्र, इत्युक्ते तत्रत्या भूमिर्नागता किंतु तत्रत्यो लोकः' तथा जगदित्युक्ते जगन्निवासिलोकः, अनुभवतु-अनुभवगोचरीकरोतु, कं ? तमेव स्वभावं, शुद्धनिश्चयनयोक्तत्वात्, यथोक्तस्वभावं, अथवा स्वभावं-स्वपदार्थं-स्वशुद्धचिद्रूपमित्यर्थः, सम्यक्-यथोक्ततया, किंभूतं ? समंतात्-सामस्त्येन, द्योतमानं-लोकप्रकाशमानं, किं कृत्वा ? अपगतमोहीभूय-अपगतमोहोभूत्वा-विनष्टमोहो भूत्वेत्यर्थः । यत्र-आत्मनि, अमी, बद्धेत्यादि-बद्धः कर्मनोकर्मभ्यां संश्लेषरूपेण बंधेन बद्धः, स्पृष्टः-विस्रसोपचयादिपरमाणुभिः; अन्यैश्च संयोगमात्रतया स्पृष्टः, बद्धश्च स्पृष्टश्च बद्धस्पृष्टौ तावेवादिर्येषामन्ययुतादीनां ते च ते भावाश्च ते तथोक्ताः, एत्य-आगत्य- १७

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

प्राप्येत्यर्थः, प्रतिष्ठां-स्थितिं-माहात्म्यं वा, नहि विदधति-नैव दधते; स्फुटं-व्यक्तं-यथा भवति तथा; जगदुपरि-सर्वतः तरंतोऽपि-सर्वतः उत्कृष्टा भवंतोऽपि-व्यवहारदृष्ट्या दृश्यमाना अपि-व्यवहारिभिः कथ्यमाना अपीत्यर्थः, उक्तं च—

अस्पृष्टमबद्धमनन्यमयुतमवशेषमविभ्रमोपेतः । यः पश्यत्यात्मानं स पुमान् खलु शुद्धनयनिष्ठः ॥ १ ॥ इति

अथ पूर्वापरबंधविनाशकत्वेनात्मानमुद्बोधयति—

अर्थ—टीकाकार उपदेश करे हैं, जो जगतके प्राणिसमूह सो तिस सम्यक्स्वभावकूं अनुभवन करौ। जाविषैं ए बद्ध स्पृष्ट आदि भाव हैं ते प्रगटपणैं इस स्वभावके उपरि तरते हैं, तौऊ प्रतिष्ठाकूं नाहीं प्राप्त होय हैं, जातैं द्रव्यस्वभाव तो नित्य है एकरूप है अर ए भाव अनित्य हैं अनेकरूप हैं॥ पर्याय है सो द्रव्यस्वभावमैं नाहीं प्रवेश करे है उपरि ही रहे है ॥ कैसा है यह शुद्ध स्वभाव ? सर्व अवस्था मैं प्रकाशमान है ॥ कैसैं होयकरि अनुभव करो ? अपगतमोहीभूय कहिये दूरि भया है मोह जाका ऐसा होयकरि। जातैं मोहकर्मके उदयजनित मिथ्यात्वरूप अज्ञान जेतैं हैं तेतैं यह अनुभव यथार्थ नाहीं होय है । भावार्थ—शुद्धनयका विषयस्वरूप आत्माका अनुभव करो यह उपदेश है । आगैं इसही अर्थके कलशरूप काव्य फेरि कहे हैं, जो, ऐसा अनुभव कीयें आत्मदेव प्रगट प्रतिभासमान है—

भूतं भांतमभूतमेव रभसा निर्भिद्य बंधं सुधीर्यद्यंतः किल कोप्यहो कलयति व्याहत्य मोहं हठात् ।
आत्मात्मानुभवैकगम्यमहिमा व्यक्तोयमास्ते ध्रुवं नित्यं कर्मकलंकपंकविकलो देवः स्वयं शाश्वतः॥

सं. टी.—किल-इति आगमोक्तौ, अहो इति आश्चर्ये । यदि कोऽपि सुधीः-धीमान्, अंतः अभ्यंतरे, शुद्धचिद्रूपं कलयति-अनुभवति,-अवलोकयति-साक्षात्करोतीत्यर्थः । व्याहत्य-निःशेषमुन्मूल्य, कं ? मोहं-अष्टाविंशतिप्रकृतिभेदभिन्नं मोहनीयं कर्म, कथं ? हठात्-बलात्कारेण तपोध्यानादिभिः, पुनः किंकृत्य ? निर्भिद्य-निःशेषं भेदयित्वा, बंधं-प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशलक्षणं चतुर्धा कर्मबंधं, रभसा-शीघ्रं-शुक्लध्यानावाप्त्यनंतरं अंतर्मुहूर्ततः, कीदृक्षं बंधं ? भूतं-पूर्वं संसारावस्थायां समयप्रबद्धस्वरूपेण बद्धं निर्जरावशान्निर्जीर्य, भांतं-वर्तमानं, योगादिभिरागमकर्मसमयप्रबद्धं, अंतः संवरवशान्निरुद्ध्य, अभूतं-अनागतं-अग्रे बध्यमानं निरुध्य, तत्कारणयोगकषायानामभावात् 'कारणाभावे कार्यस्याप्यभावादिति' न्यायात्, एव निश्चयेन, तदिति, अध्याहार्यं । अयं-प्रत्यक्षीभूतः, आत्मा-शुद्धचिद्रूपः, व्यक्तः-साक्षात्-अनंतचतुष्टयापन्नः, ध्रुवं-निश्चितं, आस्ते-तिष्ठति, कीदृक्षः ? आत्मेत्यादि-आत्मनश्चित्स्वरूपस्य, अनुभवः, तेन एकः-अद्वितीयः, गम्यः-ज्ञेयः, महिमा-माहात्म्यं यस्य सः, नित्यं-सदैव, १८

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

परमावस्थायां कर्मेत्यादि-कर्म एव कलंकपंकः, संसारस्य कालंक्यहेतुत्वात्, तेन विकलः-रहितः। पुनः किंभूतः ? देवः-दीव्यति-क्रीडति एकलो (ल्लो) लीभावमनुगच्छति परमात्मपदे द्योतते वा देवः। स्वयं कर्माद्यनपेक्षत्वेन शाश्वतः-नित्यः ॥१२॥ अथात्मानुभूतिमेव समर्थयति—

अर्थ–जो कोई सुबुद्धि, सम्यग्दृष्टि, भूत कहिये पहले भया अर भांत कहिये वर्तमानका अर अभत कहिये आगामी होयगा ऐसा तीन कालसंबंधी कर्मका बंधकू अपने आत्मातैं तत्काल शीघ्र न्यारा करि, बहुरि तिस कर्मके उदयके निमित्ततैं भया जो मिथ्यात्वरूप अज्ञान ताकूं अपने बलपुरुषार्थतैं न्यारा करि, अंतरंगविषैं अभ्यास करै देखै तौ यह आत्मा अपने अनुभव ही करि जानने योग्य है मगट महिमा जाकी ऐसा व्यक्त अनुभव गोचर निश्चल शाश्वत नित्य कर्मकलंककर्दमतैं रहित ऐसा आप स्तुति करनेयोग्य देव तिष्ठै है। भावार्थ–शुद्धनयकी दृष्टिकरि देखिये तौ सर्वकर्मनितैं रहित चैतन्यमात्र देव अविनाशी आत्मा अंतरंगविषै आप विराजे है। यह प्राणी पर्यायबुद्धि बहिरात्मा याकूं बाह्य हेरे है सो बड़ा अज्ञान है॥ आगैं शुद्धनयका विषयभूत आत्माकी अनुभूति है सोही ज्ञानकी अनुभति है ऐसा आगली गाथाकी सूचनिकाके अर्थरूप काव्य कहे हैं—

आत्मानुभूतिरिति शुद्धनयात्मिका या ज्ञानानुभूतिरियमेव किलेति बुद्ध्वा।
आत्मानमात्मनि निवेश्य सुनिष्प्रकंपमेकोऽस्ति नित्यमवबोधघनः समंतात्॥ १३॥

सं. टी.—किल-इति निश्चितं, इति पूर्वोक्तप्रकारेण, या शुद्धनयात्मिका-शुद्धनय एव आत्मा-स्वरूपं यस्याः सा, आत्मानुभूतिः-आत्मनः शुद्धचैतन्यस्य, अनुभूतिः-अनुभवः-उपलब्धिर्वा. पारमार्थिकी आत्मोपलब्धिरित्यर्थः, इयमेव-आत्मानुभूतिरेव, ज्ञानानुभूतिः-ज्ञानस्य सम्यग्बोधस्य, अनुभूतिः-अनुभवः-उपलब्धिर्वा, इति-इत्थं बुद्ध्वा-मत्वा, एकः-अद्वितीयः, अस्ति-वर्तते, समंतात्-सामस्त्येन, किंभूतः ? नित्यं-निरंतरं, अवबोधघनः-केवलज्ञानपिंडः, किंकृत्वैकोऽस्ति ? निवेश्य-आरोप्य, सुनिष्प्रकंपं-अविचलं यथा भवति तथा, आत्मनि स्वस्वरूपे, आत्मानं स्वस्वभावं ।१३। अथ परमात्मस्वरूपप्रकाशनं नः आशास्ति—

अर्थ–ऐसैं जो पूर्वोक्त शुद्धनयस्वरूप आत्माकी अनुभूति कहिये अनुभव है सोही यह ज्ञानकी अनुभूति है ऐसैं प्रकट जाणिकरि, बहुरि आत्माविषैं आत्माकूं निश्चल स्थापिकरि, अर सदा सर्वतरफ एक ज्ञानघन आत्मा है ऐसा देखना।

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

भावार्थ–पहलैं सम्यग्दर्शनकूं प्रधानकरि कह्या था अब ज्ञानकूं प्रधानकरि कहे हैं—जो यह शुद्धनयका विषयस्वरूप आत्माकी अनुभूति है सोही सम्यग्ज्ञान है ॥

अखंडितमनाकुलं ज्वलदनंतमंतर्वहिर्महः परममस्तु नः सहजमुद्विलासं सदा ।
चिदुच्छ्वलननिर्भरं सकलकालमालंबते यदेकरसमुल्लसल्लवणखिल्यलीलायितं ॥१४॥

सं० टी०–अस्तु-भवतु, किं तत् ! परमं महः-जगदुत्कृष्टं ज्योतिः जगत्प्रकाशकत्वात्, केषां ? नः-अस्माकं, किं भूतं ? अखंडितं-न खंडितं-अध्वस्तं, केनापि प्रमाणेन कैश्चिद्विवादिभिस्तत्स्वरूपस्य खंडयितुमशक्यत्वात्, "सूक्ष्मं जिनोदितं तत्त्वं हेतुमिर्नैव हन्यते' इति वचनात्, अनाकुलं न केनापि व्याकुलीकृतं तत्स्वरूपस्य केनापि पुद्गलादिसंयोगेनास्पृष्टत्वात्, जलेन विशनीपत्रवत्, भूयः किंभूतं ? अनंतं-न विद्यते, अंतो-विनाशो यस्य तत्, तद्गुणाविर्भावेन विनाशरहितत्वात्, अंतः अभ्यंतरे, वहिः घाह्ये, ज्वलत्-देदीप्यमानं, वहिरंतः स्वरूपप्रकाशकत्वात्, सहजं-स्वाभाविकं, केनापीश्वरादिनाऽकृत्रिमत्वात्, सदा-निरंतरं, उद्विलासं-उत्-उर्ध्वं तनुवातवलये विलासः-सुखानुभवनं अथवा उदयमानो विलासो यस्य तत्, चिदुच्छ्वलननिर्भरं-चितश्चैतन्यस्य, उच्छ्वलनं तेन निर्भरं, प्रवर्धमानचित्स्वभावत्वात्, यत्-परंज्योतिः-सकलकालं-पूर्वापरवर्तमानकालं, एकरसं शुद्धपरमात्मरसं, आलंबते-अवलंबयति, लवणरसवत्-यथैव हि व्यंजनलुब्धानामबुद्धानां लोकानां विचित्रव्यंजनसंयोगोपजातस्य सामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यामनुभूयमानं लवणं स्वदते, न पुरन्यसंयोगशून्यतोपजातसामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यां, तथैव ज्ञेयलुब्धानामबुद्धानां विचित्रप्रमेयाकारकरंवितसामान्यविशेषतिरोभावाविर्भावाभ्यामनुभूयमानं ज्ञानं स्वदते न पुनस्तदन्यसंयोगशून्यतोपजातसामान्यविशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यां, ज्ञानिनां-केवललवणरसिकानां तु तदेकं स्वदते । भूयः किं भूतमिति पदं सर्वत्र विशेषणे योज्यं, उल्लसदित्यादि–उल्लसन्- उल्लासं गच्छन्, स चासौ लवणखिल्यश्च-लवणखंडं तस्य लीला, तद्वदायतं-विस्तृतं । यथा-अलुब्धवुद्धानां केवलः सैंधवखिल्यः परद्रव्यसंपर्कराहित्येनैवानुभूयमानः सर्वतोऽप्येकलवणरसत्वाल्लवणत्वेन स्वदते तथात्मापि सकलपरद्रव्यवैकल्येन केवल एव कल्पमानः सर्वतोप्यद्वितीयविज्ञानघनत्वाद् बोधत्वेन स्वदते ॥ १४ ॥ अथ तस्यैवोपासनं संधत्ते---

अर्थ–आचार्य कहे हैं, जो, तत् कहिये सो परम उत्कृष्ट मह कहिये तेज प्रकाशरूप हमारे होऊ, जो सदाकाल चैतन्यका उछलन कहिये परिणमन ताकरि भरया, जैसैं लूणकी डली एक क्षाररसकी लीलाकूं आलंबन करे है, तैसैं

P. P. A... ratansuriji M.S.   Jin Gun ... Trust

एक ज्ञानरसस्वरूपकूं आलंबन करे है। बहुरि सो तेज कैसा है ? अखंडित है, जामैं ज्ञेयनिके आकाशरूप नाहीं खंडते है। बहुरि कैसा है ? अनाकुल है, जामैं कर्मके निमित्ततैं भये रागादिक तिनिकरि भई जो आकुलता सो नाहीं है। बहुरि कैसा है ? अंतर्बहिरनंतं ज्वलत् कहिये अंतरहित अविनाशी जैसें होय तैसें अंतरंग तौ चैतन्यभावकरि दैदीप्यमान अनुभवमें आवे है अर बाह्य वचनकायकी क्रियाकरि प्रगट दैदीप्यमान हो है, जान्या जाय है। बहुरि सहज कहिये स्वभावकरि भया है, काहूने रचा नाहीं है। बहुरि सदा उद्विलासं कहिये निरंतर उदयरूप है विलास जाका एकरूप प्रतिभासमान है। भावार्थ–आचार्यने प्रार्थना करी है, जो, यह स्वरूप ज्योतिर्ज्ञानानन्दमय एकाकार हमारे सदा प्राप्त रहो, ऐसा जानना ॥ १४ ॥

एष ज्ञानघनो नित्यमात्मा सिद्धिमभीप्सुभिः ।
साध्यसाधकभावेन द्विधैकः समुपास्यतां ॥ १५ ॥

सं० टी०--एष आत्मा-चिद्रूपः, नित्यं-सदा, समुपास्यतां-सेव्यतां-ध्यायतामित्यर्थः, कैः ? सिद्धिं-स्वात्मोपलब्धि, 'सिद्धिः स्वात्मोपलब्धिरिति' वचनात् अभीप्सुभिः-प्राप्तुमिच्छुभिः, किंभूतः ? ज्ञानघनः-बोधपिंडः, एकः, योद्वितीयः साध्यसाधकभावेन-साध्यश्च साधकश्च तौ, तयोर्भावेन-स्वभावेन, स एव आत्मा ध्येयरूपतया साध्यः, स एव ध्यायकरूपतया साधकः। नत्वन्य-साध्यः नत्वन्यश्च साधकः, तेन स्वरूपेण द्विधा- द्विप्रकारः ॥ १५ ॥ अथात्मनस्त्रित्वमेकत्वमाह--

अर्थ–यहू पूर्वोक्त ज्ञानस्वरूप नित्य आत्मा है, सो सिद्धि जो स्वरूपकी प्राप्ति ताके इच्छकपुरुषनिकरि साध्यसाधकभावके भेदकरि दोय प्रकारकरि एकही सेवनेयोग्य है, सो सेवो ॥ भावार्थ–आत्मा तौ ज्ञानस्वरूप एकही है, परंतु याका पूर्णरूप साध्यभाव है अर अपूर्णरूप साधकभाव है, ऐसैं भावभेदकरि दोय प्रकारकरि एक ही सेवना ॥ १५ ॥

दर्शनज्ञानचारित्रैस्त्रित्वादेकत्वतः स्वयं ।
मेचकोऽमेचकश्चापि सममात्मा प्रमाणतः ॥ १६ ॥

सं० टी०–आत्मा-परमात्मा, समं-युगपत्, मेचकः-विचित्रस्वभावः, कुतः ? दर्शनज्ञानचारित्रैः कृत्वा त्रित्वात्-त्रिस्वभावत्वात् । अपि च, अमेचकः-विचित्रस्वभावरहितः, कुतः ? स्वयं-स्वतः-एकत्वतः-एकस्वभावत्वात्, । ननु यः एकस्वभावः

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

सोऽनेकः कथं स्यात् एकानेकयोः परस्परं विरोधात् ? इति चेन्न प्रमाणतः-प्रत्यक्षपरोक्षप्रमाणतः, एकानेकस्वभावत्वसाधनात् । तानि पुनस्त्रीण्यपि परमार्थेन, आत्मैक एव, वस्त्वंतराभावात् । देवदत्तस्य यथा श्रद्धानं, ज्ञानं, आचरणं, तत्स्वभावानतिक्रमात् तत्स्वभाव एव न वस्त्वंतरं, तथात्मन्यपि तत्त्रितयं तत्स्वभावानतिक्रमात् आत्मा एव न वस्त्वंतरं, मेचकचित्रज्ञानवद्वा एकत्वानेकत्वं ॥ १६ ॥ अथ मेचकामेचकत्वमात्मनः पद्यद्वयेन विवृणुते--

अर्थ--यह आत्मा प्रमाणदृष्टिकरि देखीये तब एकैकाल मेचक कहिये अनेक अवस्थारूप भी है अर अमेचक कहिये एक अवस्थारूप भी है। जातैं याकै दर्शनज्ञानचारित्रकरि तौ तीनपणा है बहुरि आपकरि आपकैं एकपणा है। भावार्थ--प्रमाणदृष्टिमैं त्रिकालात्मक वस्तु द्रव्यपर्यायरूप देखिये है, तातैं आत्मा भी युगपत् एकानेकस्वरूप देखना।१६। आगैं नयविवक्षा कहे हैं--

विशेष---आत्माके मेचकत्व अमेचकत्वमें देवदत्तके दर्शन आदि वा चित्रज्ञान भी दृष्टांत समझलेना चाहिये अर्थात् जिसप्रकार देवदत्तके दर्शन ज्ञान चारित्र पदार्थ भिन्न २ प्रतीत होते हैं परंतु वास्तवमें वे देवदत्तके स्वभाव होनेसे दूसरे पदार्थ नहीं उसीप्रकार आत्माके दर्शन आदि जुदे २ मालूम पड़ते हैं और उनसे वह तीन स्वरूप जान पडता है परंतु ये उसके स्वभाव ही हैं भिन्न पदार्थ नहीं इसलिये वह एकही स्वरूप है। तथा हरा पीला काला आदि रंगोंका समूह चित्र (चितकवरा) कहा जाता है तो जिसप्रकार वहां जुदे २ रंगोंकी अपेक्षाकी जाय तो अनेक स्वरूपता और समूहकी अपेक्षाकी जाय तो एक रूपता सिद्ध होती है उसीप्रकार दर्शन आदिकी भिन्न २ विवक्षासे आत्मा अनेकरूप सिद्ध होता है और वे आत्मासे जुदे पदार्थ नहीं उसीके स्वभाव हैं ऐसा निश्चलरूपसे विचारनेपर आत्मा एकरूप ही निश्चित होता है ॥ १६ ॥

दर्शनज्ञानचारित्रैस्त्रिभिः परिणतत्वतः ।
एकोऽपि त्रिस्वभावत्वाद् व्यवहारेण मेचकः ॥ १७ ॥

सं० टी०--आत्मा, एकोऽपि-चैतन्यैकस्वभावेनाद्वितीयः, व्यवहारेण-व्यवहारदशायां, मेचकः-नानास्वभावः, त्रिस्वभावत्वात्-त्रयः-दर्शनादिलक्षणाः, स्वभावा यस्य तस्य भावस्तत्त्वं तस्मात् त्रिस्वभावत्वं । किं कृत्वा ? त्रिभिः-त्रिसंख्याकैः, दर्शनज्ञानचारित्रैः-आत्मश्रद्धानावबोधानुचरणैः, ॥ १७ ॥

अर्थ--व्यवहारदृष्टिकरि देखिये तब आत्मा एक है तौऊ तीन स्वभावपणाकरि मेचक कहिये अनेकाकाररूप है। जातैं दर्शन ज्ञान चारित्र इनि तीन भावनिकरि परिणमे है ॥ भावार्थ--शुद्धद्रव्यार्थिकनयकरि आत्मा एक है इस नयकूं

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

प्रधानकरि कहिये तब पर्यायार्थिक नय गौण भया, सो एक कूं तीनरूप परिणमता कहता सोही व्यवहार भया असत्यार्थ भी भया ऐसैं व्यवहारनयकरि दर्शनज्ञानचारित्रपरिणामकरि मेचक कह्या है ॥ १७ ॥ अब परमार्थनयकरि कहे हैं—

परमार्थेन तु व्यक्तज्ञातृत्वज्योतिषैककः ।
सर्वभावांतरध्वंसिस्वभावत्वादमेचकः ॥ १८ ॥

सं० टी०–तु-पुनः, आत्मा एककः-एक इति संज्ञा यस्य सः संज्ञायां कप्रत्ययविधानात् । अथवा एक एव, एककः, परमार्थेन- द्रव्यादेशतया, अमेचकः-अखंडैकस्वभावः। केन ? व्यक्तेत्यादि-व्यक्तं-स्पष्टं, तच्च तज्ज्ञातृत्वं-बोधकत्वं तदेव ज्योतिः-महः तेन कृत्वा। कुतः ? सर्वेत्यादि-सर्वे च ते भावांतराश्च अन्यपदार्थाः, तान् ध्वंसयति विनाशयति ततो विविक्तो भवतीत्येवं शीलः स्वभावो यस्य स, तस्य भावस्तत्त्वं तस्मात् ॥ १८ ॥ अथात्मनः साध्यं प्रतिफलते-

अर्थ–परमार्थ जो शुद्धनिश्चयनय ताकरि देखिये तब प्रगट ज्ञायकज्योतिर्मात्रकरि आत्मा एकस्वरूप है। जातैं याका शुद्धद्रव्यार्थिकनयकरि सर्वही अन्यद्रव्यके स्वभाव तथा अन्यके निमित्तैं भये विभाव, तिनिका दूरि करनेरूप स्वभाव है, यातैं अमेचक है, शुद्ध एकाकार है। भावार्थ–भेददृष्टिकूं गौण कहि अभेददृष्टिकरि देखीये तब आत्मा एकाकार ही है, सो ही अमेचक है ॥१८॥ आगैं प्रमाणनयकरि मेचक अमेचक कह्या सो इस चिंताकूं मेटि, जैसैं साध्यकी सिद्धि होय तैसं करना यह कहे हैं—

विशेष–स्पष्ट भाव इस श्लोकका यह है कि अखंड ज्ञानका धारक, समस्त कर्मोंसे रहित, एक, शुद्ध ही यह आत्मा परभाव और परभावोंके विकारोंसे रहित होनेके कारण शुद्धनिश्चयनयसे अमेचक कहा जाता है ॥ १८ ॥

आत्मनश्चिंतयैवालं मेचकामेचकत्वयोः ।
दर्शनज्ञानचारित्रैः साध्यसिद्धिर्न चान्यथा ॥ १९ ॥

सं० टी०—आत्मनः-चिद्रूपस्य, मेचकामेचकत्वयोः-एकत्वानेकत्वयोः-शुद्धत्वाशुद्धत्वयोर्वा, चिंतयैव-चिंतनेनैव, विचारणेनेत्यर्थः, अलं पूर्यतां, तद्विचारणे न किमपीत्यर्थः। तर्हि कुतः साध्यसिद्धिः? दर्शनज्ञानचरित्रैः-आत्मश्रद्धानावबोधानुचरणैः साध्यो-मोक्षः भव्यात्मनां मुक्तेरेव साध्यत्वात्, तस्य सिद्धिर्दर्शनज्ञानचारित्रैर्भवतीत्याध्याहार्यं, अन्यथा तत्-श्रद्धानादिमंतरेण साध्य- २३

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S.   Jin Gun Aradhak Trust

सिद्धिर्न च नैव रसांगवत्-यथा उपास्यमानो रसांगस्तद्गुणश्रद्धानतत्सेवनानुचरणविधानतो रोगो वनीवच्यते नान्यथा तथात्मनो दर्शनादिकं ॥ १९ ॥ अथात्मनस्त्रित्वैकत्वाभ्यामभिन्नत्वेन सर्वमुपपनीपद्यते—

अर्थ–यह आत्मा मेचक है, भेदरूप अनेकाकार है, तथा अमेचक है, अभेदरूप एकाकार है। ऐसी चिंताकरि तो पूरी पडो, साध्य आत्माकी तौ सिद्धि है सो दर्शन ज्ञान चारित्र इनि तीनि भावनिकरि ही है, अन्यप्रकार नाहीं है यह नियम है। भावार्थ–आत्माकी शुद्धद्रव्यार्थिकनयकरि सिद्धि भया ऐसा शुद्धस्वभाव साध्य है, सो पर्यायार्थिकस्वरूप व्यवहारनयहीकरि साधिये है, तातैं ऐसैं कह्या है, जो भेदाभेदकी कथनी करि कहा, जैसैं साध्यकी सिद्धि होय तैसैं करना, व्यवहारी जन पर्यायहीमें समझे हैं। तातैं दर्शनज्ञानचारित्र तीन परिणाम हैं सोही आत्मा है। ऐसैं भेदप्रधानकरि अभेदकी सिद्धि करनी कही ॥ १९ ॥

कथमपि समुपात्तत्रित्वमप्येकताया अपतितमिदमात्मज्योतिरुद्गच्छदच्छं।
सततमनुभवामोऽनंतचैतन्यचिह्नं न खलु न खलु यस्मादन्यथा साध्यसिद्धिः ॥ २० ॥

सं०–टी०–अनुभवामः-अनुभवविषयीकुर्मः, किं तत्? इदं-संवेद्यमानं सुखादिभिः, आत्मज्योतिः-परं महः, कियंतं कालं? सततं-निरंतरं, किंभूतं तत्? कथमपि-केनचित्प्रकारेण-रत्नत्रयात्मलक्षणेन, समुपात्तत्रित्वमपि-सं-सम्यक्, उपात्तं-गृहीतं, सम्यग्दर्शनज्ञान चारित्ररूपेण त्रित्वं त्रयात्मकत्वं येन तत्, ईदृक्षमपि एकतायाः चैतन्यैकस्वभावायाः सकाशात्, अपतितं–अभिन्नं, आत्मनस्त्रित्वैकत्वसमर्थनात्, पुनः किं भूतं? उद्गच्छत्-ऊर्ध्वगमनस्वभावं, उद् ऊर्ध्वं–अग्रेऽग्रे गच्छति जानातीति, उद्गच्छत् विशुद्धकर्मक्षयादनंतरं, ऊर्ध्वगमनस्वभावत्वात्, विशुद्धिविशेषादग्रे ज्ञानस्य प्राचुर्याच्च। पुनः किं भूतं? अच्छं निर्मलं कर्मकर्दमरहितत्वात्, अनंतेत्यादि-अनंतं–विनाशरहितं. चैतन्यं–चेतनस्वभावः, तदेव चिन्हं लक्ष्म यस्य, तत्। कुत एतत् अनुभवामः? यस्मात्-यतः कारणात् अन्यथा-आत्मानुभवमंतरेण, साध्यसिद्धिः-साध्यस्य-चिद्रूपलक्षणस्य, सिद्धिः-प्राप्तिः-, न खलु न खलु (न खलु) निश्चयेन नैव भवतीत्यर्थः। वीप्सार्थोऽयमतिशयेन निषेधकः। अधिकवचनं च किंचिदभीष्टं ज्ञापयत्याचार्यः तथोपपत्त्यान्यथानुपपत्त्या चात्मनः साध्यसिद्धिर्नान्यथा, आत्मानुभवनेनैव मुक्तिप्राप्तिरिति तथोपपत्तिः, तदनुभवनमंतरेण कदाचित्कचिदपि कस्यचित् न तत्सिद्धिरित्यन्यथानुपपत्तिः ॥ २० ॥ अथ तल्लाभलंभनं स्तौति—

अर्थ–आचार्य कहे हैं, जो यह आत्मज्योति है, ताहि हम निरंतर अनुभवे हैं। कैसा है? अनंत अविनश्वर जो चै-

P. P. A. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

तन्य सो है चिह्न जाका, काहेते अनुभवे हैं? जातैं याके अनुभवविना अन्यप्रकार साध्य आत्माकी सिद्धि नाहीं है। ऐसा नियम है। कैसा है यह आत्मज्योति? कथंचित्प्रकार अंगीकार किया है तीनपणा जानैं, तौऊ एकपणातैं च्युत न भया है। बहुरि कैसा है? निर्मल जैसैं होय तैसैं उदयकूं प्राप्त होता है। भावार्थ–आचार्य कहे हैं-कोई प्रकार पर्यायदृष्टिकरि जाके तीनपणा प्राप्त है, तौऊ शुद्धद्रव्यदृष्टिकरि जो एकपणातैं नाहीं च्युत भया है, ऐसा आत्मज्योति अनंत चैतन्यस्वरूप निर्मल उदयकूं प्राप्त होता, ताहि हम निरंतर अनुभवे हैं। ऐसैं कहनेतैं ऐसा भी आशय जानिये, जो सम्यग्दृष्टि पुरुष हैं, ते ऐसैं ही अनुभव करौ, जैसैं हम अनुभवे हैं ऐसैं जानना। आगैं कोऊ तर्क करे है, जो, आत्मा तो ज्ञानतैं तादात्म्यस्वरूप है, जुदा नाहीं, तातैं ज्ञानको नित्य सेवै ही है। ज्ञानका उपासने योग्यपणाकरि याकूं काहेतैं शिक्षा दीजिये है? तहां आचार्य कहे हैं, जो-यह ऐसैं नाहीं है, तातैं आत्मा ज्ञानकरि तादात्म्यरूप है, तौऊ एक क्षणमात्र भी ज्ञानकूं नाहीं सेवै है। जातैं स्वयंबुद्धत्व कहिये आपहीकरि जाननेतैं तथा बोधितबुद्धत्व कहिये परके जनावनेकरि याकै ज्ञानकी उत्पत्ति होय है। कै तौ काललब्धि आवै तब आप ही जाणि ले, कोई उपदेश देनेवाला मिलै तब जाणै, जैसैं सूता पुरुष कै तो आप ही जागै, कै कोई जगावै तब जगेगा। ऐसैं इहां फेरि पूछैं हैं, जो ऐसैं है तो, जाननेका कारण पहली आत्मा अज्ञानी ही है। जातैं सदा ही याकै अप्रतिबुद्धपणा है। तहां आचार्य कहे हैं, यहू ऐसैं ही है, अज्ञानी ही है। बहुरि फेरि पूछैं हैं, जो यह आत्मा केतै एककाल अप्रतिबुद्ध है सो कहौ? तहां आचार्य कहे हैं–

विशेष–पं. जयचंद्रजीने 'उद्गच्छदच्छं' इन पदोंका अर्थ उत्तरोत्तर निर्मल होता हुआ उदयको प्राप्त होता है ऐसा किया है और भ. शुभचंद्रजीने उद्गच्छत्-इसका अर्थ ऊर्ध्वगमन स्वभाववाला वा उत्तरोत्तर विशेष ज्ञानवान होता चला जाता है क्योंकि जिससमय समस्त कर्मोंका क्षय हो जाता है उससमय स्वभावसे ही यह ऊर्ध्वगमन करता है अथवा विशुद्धि विशेषसे उत्तरोत्तर ज्ञानमें अधिकता होती जाती है यह अर्थ किया है एवं अच्छका अर्थ कर्ममलसेरहित बतलाया है। तथा ग्रंथकारने न खलु न खलु पदोंका दो बार उच्चारण किया है उनसे भट्टारक शुभचंद्रजीने--अधिकका फल अधिक' होता है इस न्यायके अनुसार साध्यसिद्धि और आत्मानुभवमें तथोपपत्ति औरं अन्यथानुपपत्ति-अन्वय व्यतिरेक भी बतलाया है-अर्थात् आत्माके अनुभवसे ही मोक्ष प्राप्त होता है विना उसके अनुभवके मोक्षप्राप्ति नहिं हो सकती ॥ २० ॥

कथमपि हि लभंते भेदविज्ञानमूलामचलितमनुभूतिं ये स्वतो वान्यतो वा।

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

प्रतिफलननिमग्नाऽनंतभावस्वभावैर्मुकुरवदविकारा संततं स्युस्त एव ॥ २१ ॥

सं० टी०--हीति-स्फुटं-लभंते-प्राप्नुवंति, ये-भव्याः, कां ? अनुभूतिं-आत्मानुभवनं-आत्ममाहात्म्यं वा, कथं ? अचलितं निश्चलं यथा भवति तथा, कथं लभंते ?--कथमपि महता कष्टेन, भवाब्धौ स्वरूपप्राप्तेर्दुष्प्राप्यत्वात् । कुतः प्राप्तिः ? स्वतो वा-स्वयमेव, अभ्यंतरात्कर्मलाघवत्वलक्षणात्कारणात्, जातिस्मरण-देवागम-दर्शन--विशुदभ्रपरशरीरादिविघटनदर्शनाद्वा, अनित्याद्यनुप्रेक्षा-चिंतनं तत आत्मस्वरूपप्राप्तेः 'णमो सयं बुद्धाणं, इत्यागमवचनात् । वा--अथवा, अन्यतः--गुरूपदेशादेः । किं भूतां तां ? भेदे-त्यादिः-आत्मशरीरयोर्भेदः-भिन्नत्वं, तस्य वि-विशिष्टं यथोक्तं ज्ञानमुपलब्धिः, तदेव मूलकारणं यस्याः सा तां त एव-ये अनुभू-तिभावुकास्ते एव भव्या नान्ये । स्युः-भवंति, संततं-निरंतरं, अविकाराः-मानसभावादिविकृतिरूपविकाररहिताः, " विकारो मानसो भावः" इत्यमरः । कैः ? प्रतीत्यादिः-प्रतिफलनं-प्रतिबिंबं, आत्मनि प्रतिभासत्वमित्यर्थः, तेन निमग्नाः-आत्मांतर्गताः, प्रतिभासत्वधर्मेणात्मांतर्गतत्वं, न तु तदुत्पत्ति-तादात्म्य-तदध्यवसायत्वेन, ते च ते भावाश्च, तेषां स्वभावाः-जीर्णनूतनागुरु-लघुत्वादिलक्षणास्तैः, मुकुरवत्-यथा मूर्तस्य मुकुरस्य स्वपराकारावच्छेदिका स्वच्छतैव वहिरूष्मणस्तत्र प्रतिभाता ज्वाला, औष्ण्यं च तथा नीरूपस्यात्मनः स्वपराकारावच्छेत्री ज्ञातृतैव पुद्गलानां कर्मनोकर्मेंद्रियादीनां च ।२१। अथ मोहादीनस्यति-

अर्थ--ये पुरुष आपहीतैं तथा परके उपदेशतैं कोई प्रकारकरि भेदविज्ञान है मूल उत्पत्ति कारण जाका ऐसी अविचल निश्चल अपने आत्माविषैं अनुभूतिकूं पावे हैं, तेही पुरुष आरसेकी ज्यों आपमैं प्रतिबिंबित भये जे अनंतभावनिके स्वभाव तिनिकरि निरंतर विकाररहित होय हैं, ज्ञानमैं ज्ञेयनिके आकार प्रतिभासैं तिनिकरि रागादिविकारकूं नाहीं प्राप्त होय हैं।

विशेष--इस श्लोकका खुलासा भाव यह है कि जिसप्रकार स्वच्छ दर्पणमें अग्निका प्रतिबिंब पडता है परंतु अग्निकी ज्वाला और उष्णता अग्निमें ही रहती है उनसे दर्पण विकृत नहि बनता उसीप्रकार जिस मनुष्यके, भेदविज्ञान है कारण जिसमें ऐसी अनुभूति प्राप्त होगई है उस मनुष्यके अंतरंगमें यद्यपि इष्ट अनिष्ट पदार्थ प्रतिबिंबित होते हैं परंतु उनसे उसकी आत्मामें राग द्वेष आदि विकार नहिं होते ॥ २१ ॥

त्यजतु जगदिदानीं मोहमाजन्मलीढं रसयतु रसिकानां रोचनं ज्ञानमुद्यत् ।

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

इह कथमपि नात्मानात्मना साकमेकः किल कलयति काले क्वापि तादात्म्यवृत्तिं ॥२२॥

सं० टी०—इदानीं-आत्मस्वरूपप्रकाशनध्यानकाले, जगत्-विष्टपं, मोहं--ममेदं, अहं अस्य, आसीन्मम पूर्वमिदं, अहमेतस्यासं, भविष्यति पुनर्ममैतत्' एतस्याहमपि भविष्यामि, इत्यादिरूपं मोहं त्यजतु-जहातु, किंभूतं? आजन्मलीढं-आसंसारात्प्रवृत्तं। ज्ञानं-भेदविज्ञानं, रसयतु-आस्वादयतु-ध्यानविषयीकरोत्वित्यर्थः। किंभूतं तत्? रसिकानां-शुद्धचिद्रूपरसास्वादकानां, रोचनं-रुचिकरं, उद्यत्-उदयं गच्छत्। इह-जगति, क्वापि काले-कस्मिंश्चित्समये,-क्षयोपशमविशुद्ध्यादिलब्धिपंचकसामग्रीसद्भावसमये, किल इति-निश्चितं-एकः, आत्मा-जीवः, अनात्मना-परद्रव्येण-शरीरादिना, साकं-सह, तादात्म्यवृत्तिं-तन्मयत्ववृत्तिं एकत्ववृत्तिं, न कलयति-नांगीकरोति-तन्मयो न भवतीत्यर्थः कथमपि-केनचित् प्रकारेणापि ॥२२॥ अथ मोहहापनार्थं देहहापनं ख्यापयति—

अर्थ—जगत् कहिये लोक है सो अनादिसंसारतैं लेकरि आस्वाद्या अनुभूया जो मोह ताहि अवतो छोडो। बहुरि रसिकजनको रुचनेवाला उदय होता जो ज्ञान, ताही आस्वादो। जातैं इस लोकविषैं आत्मा है सो अनात्मा जो परद्रव्य ताकरि सहित काहूही कालविषै प्रगटपणे तादात्म्यवृत्ति कहिये एकपणा ताहि काहू ही प्रकार करि नाहीं प्राप्त होय है, जातैं, आत्मा एक है, सो अनात्मा जो दूजा अन्यद्रव्य, ताकरि एकतारूप नाहीं होय है। भावार्थ—आत्मा परद्रव्यतैं काहू प्रकार कोई कालविषै एकताका भावकूं नाहीं प्राप्त होय है। तातैं आचार्यनैं ऐसी प्रेरणा करी है, जो, अनादितैं लग्या जो परद्रव्यतैं मोह ताका भेद ज्ञान बताया है सो याका एकपणा रूपमोहकूं अबही छोडो, अर ज्ञानकूं आस्वादो, मोह है सो वृथा है, झूठा है, दुःखका कारण है। आगैं अप्रतिबुद्धके प्रतिबोधनेके अर्थी व्यवसाय कहिये व्यापार उपाय कहे हैं—

'अयि कथमपि मृत्वा तत्त्वकौतूहली सन्ननुभव भव मूर्तेः पार्श्ववर्ती मुहूर्तं।
पृथगथ विलसंतं स्वं समालोक्य येन त्यजसि झगिति मूर्त्या साकमेकत्वमोहं ॥ २३ ॥

सं० टी०—अयीति-कोमलालापेऽव्ययं, तत्त्वकौतूहली-तत्त्वं-परात्मलक्षणं, तस्यावलोकने कौतूहली, सन्-भवन्. हे मित्रेत्यध्याहार्यं, कथमपि-केनचित् प्रकारेण-, मायादिप्रकारेण, मृत्वा-च्युत्वा, साक्षान्मरणे तदनंतरं तत्क्षणे साक्षात्तत्त्वावलोक-

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

नाभावात् । मुहूर्ते-द्विनालिकापर्यंतं, मूर्तेः-शरीरस्य, पार्श्ववर्ती-नैकट्यवर्ती, भव, तच्छरीरस्वभावावलोकनार्थं, । अथ मृत्वा पार्श्ववर्तिभवनानंतरं, स्वं-परमात्मानं, अनुभव-अनुभवगोचरीकुरु-स्वध्यानविषयं कुर्वित्यर्थः । किं कृत्वा ? समालोक्य-दृष्ट्वा पृथग्-भिन्नं, विलसंतं-स्वस्वरूपे विलासं कुर्वंतं आत्मव्यतिरिक्ताचेतनादिशरीरावस्थाज्ञानादिपरिणतावस्थामवलोक्य स्वस्वरूपे स्थिरीभवत्वित्यर्थः, येन पृथक् स्वानुभवनेन, मूर्त्या-शरीरेण, साकं, सह एकत्वमोहं 'ममेदं शरीरं, शरीरस्याहमित्येकत्वलक्षणं मोहं, त्यजसि जहासि झगिति तत्कालं विलंबमंतरेणेत्यर्थः । ननु शरीरमेवात्मा, तद्व्यतिरिक्तस्य कस्य चिदात्मनोऽनुपलभ्यमानत्वात्, अन्यथा महामुनीनां तीर्थंकरशरीराद्यतिशयवर्णनानुपपत्तिः, इति युक्तिमुद्भाव्य मिथ्यात्मवादिनं योगिनं प्रति कश्चिद्-प्रतिबुद्धः शिष्यः, इति पद्यमुत्प्लवते—

अर्थ—अयि ऐसा कोमल आमन्त्रण संबोधन अर्थमैं अव्यय है, ताकरि कहे हैं—भाई ! तू कथमपि कहिये कोई ही प्रकारकरि बड़ा कष्टकरि तथा मरिहूकरि तत्त्वनिका कौतूहली हुवा संता, इस शरीरादि मूर्तद्रव्यका एक मुहूर्त दोय घडी पाडोसी होऊ, अर आत्माका अनुभव करि । जाकरि अपने आत्माकूं विलासरूप सर्व परद्रव्यतैं न्यारा देखिकरि इस शरीरादिमूर्तिक पुद्गलद्रव्यकरि सहित एकपणाका मोहकूं शीघ्रही छोडैगा । भावार्थ—जो यह आत्मा दोय घडी पुद्गलद्रव्यतैं भिन्न अपना शुद्धस्वरूपकूं अनुभवै तामैं लीन होय परीषह आये चिगै नाहीं, तौ घातिकर्मका नाशकरि केवलज्ञान उपजाय मोक्षकूं प्राप्त होय । आत्मानुभवका ऐसा माहात्म्य है तो मिथ्यात्वका नाशकरि सम्यग्दर्शनका प्राप्ति होना तौ सुगम है । तातैं श्रीगुरुनिनैं यह ही प्रधानकरि उपदेश कीया है ।

विशेष—' कथमपि मृत्वा ' यहांपर पं. जयचंद्रजीने ' कथमपि ' अर्थात् किसीप्रकारसे-बडे कष्टसे वा मृत्वा अर्थात् मर कर भी यह अर्थ किया है और भट्टारक शुभचंद्रजीने कथमपि अर्थात् किसीप्रकारसे माया छल कपट आदिसे मृत्वा अर्थात् च्युत्वा-रहित होकर यह अर्थ किया है । और मृत्वाके च्युत्वा अर्थ करनेमें यह युक्ति भी दी है कि साक्षात् मरणके होजाने पर उसके वाद तत्त्व का अवलोकन होना असंभव है इसलिये यहां च्युत्वा अर्थ ही युक्तियुक्त है । इन दोनों अर्थोंमें पं. जयचंद्रजीका अर्थ जरा खटकता है क्योंकि उन्होंने कथमपि और मृत्वा पदको आपसमें न मिलाकर अर्थ किया है जो प्रकृतमें असमंजस सरीखा जान पडता है परंतु उसका असली भाव 'संसारमें मरणके समान अन्य कोई कष्ट नहीं यह मानकर ग्रंथकारने मूर्त्तिक शरीर आदि पदार्थोंके विचार करनेमें और आत्माके अनुभव करनेमें अन्य कष्टकी तो क्या बात ? 'यदि किसी प्रकारसे मरण भी हो जाय तथापि' यह है ॥२३॥

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

कांत्यैव स्नपयंति ये दश दिशो धाम्ना निरुंधंति ये धामोद्दाममहस्विनां जनमनो मुष्णंति रूपेण च।
दिव्येन ध्वनिना सुखं श्रवणयोः साक्षात्क्षरंतोऽमृतं वंद्यास्तेऽष्टसहस्रलक्षणधरास्तीर्थेश्वराः सूरयः॥

सं० टी०--ते-प्रसिद्धाः, नाभेयादयस्तीथश्वराः-श्रुतज्ञानलक्षणतीर्थनायकाः वंद्याः, नमस्करणीयाः, ये-भगवंतः, कांत्यैव-द्युत्या एव--केवलं, दश दिशः-ककुभः, स्नपयंति-प्रक्षालयंति, स्वकांत्यैव समस्ता दिशः प्रकटयंतीत्यर्थः। ये-जिनाः धाम्ना-घातिकर्म-क्षयोत्पन्नकोटिसूर्याधिकशरीरतेजसा, उद्दाममहस्विनां-अमर्यादीभूततेजस्विनां, स्वर्ण-रत्न-मुक्ताफल-नक्षत्र-विमान-सूर्य-चंद्र-दीपाग्न्यादीनां, धाम-तेजः, निरुंधंति-निवारयंति,-स्वल्पीकुर्वंतीत्यर्थः। तथा चोक्तं—

आकस्मिकमिव युगपद्दिवसकरसहस्रमपगतव्यवधानं। भामंडलमिव भावितरात्रिंदिवभेदमतितरामाभाति ॥ १ ॥ इति।

ये रूपेण कृत्वा जनमनः-त्रिलोकनिवासिप्राणिचित्तं, मुष्णंति-हरंति, तच्चित्ताकर्षणं कुर्वंतीत्यर्थः-। किंभूतास्ते? सुखं उभयोः शर्म यथा भवति तथा, श्रवणयोः-कर्णयोः, साक्षात्-प्रत्यक्षं, अमृतं-धर्मसुधां संसारदुःखापहारित्वात् क्षरंतः--स्रवंतः, केन? दिव्येन-अन्यजनातिशायिना, ध्वनिना-तीर्थंकरपुण्यकर्मातिशयविजृंभमाणध्वनिना, पुनः किंभूताः? अष्टेत्यादि-अष्टाभिरधिकानि सहस्राणि तानि च तानि लक्षणानि वज्र-कुशेशय-तोरण-छत्राकारादीनि तेषां धराः-धारकाः, ते तथोक्ताः नवशतव्यंजनोपलक्षिताष्टशतलक्षणलक्षितत्वात् तथा च सूरयः-आचार्याः, वंद्याः, ॥ २४ ॥ अथ कथं कांत्येत्यादिशरीरस्तवनेन तदधिष्ठातृत्वादात्मनो निश्चयेन स्तवनं न युज्यते, इत्युक्ते प्रत्युत्तरयति पद्यद्वयेन—

अर्थ—ते तीर्थंकर आचार्य वंदिवे योग्य हैं कैसे हैं ते? अपनी देहकी कांतिकरि तौ दशदिशानिकूं स्नपन करे है। धोवे हैं, निर्मल करे हैं। बहुरि अपने तेजकरि तेजतैं उत्कृष्ट जो सूर्यादिक तेजस्वी तिनिका तेजकूं रोके हैं। बहुरि वे रूपकरि लोकनिके मनकूं हरे हैं। बहुरि दिव्यध्वनिवाणीकरि काननविषैं साक्षात् सुख अमृत वर्षावे हैं। बहुरि एक हजार आठ लक्षणनिको धारे हैं। इत्यादिक तीर्थंकर आचार्यनिकी स्तुति है सो सर्वही मिथ्या ठहरे है। तातैं हमारै तौ यह ही एकांतकरि निश्चयप्रतिपत्ति है, जो, आत्मा है सो ही शरीर है पुद्गलद्रव्य है, ऐसा अप्रतिबुद्धने कह्या। तहां आचार्य कहे हैं, जो ऐसा नहीं है—तू नयविभागका जाननेवाला नाहीं है।

प्राकारकवलितांबरमुपवनराजीनिगीर्णभूमितलं।

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

पिबतीव हि नगरमिदं परिखावलयेन पातालं ॥ २५ ॥

सं० टी०—इदं-प्रसिद्धं, नगरं-पत्तनं, पिबतीव-पानं करोति-गलतीत्यर्थः, इव-उपमायां, किं ? पातालं-अधोभवनं, केन ? परिखावलयेन, अतिमात्रं निम्नत्वात्, किंभूतं ? प्राकारेत्यादिः-प्राकारेण-शालेन, कवलितं-कवलीकृतं, व्याप्तमित्यर्थः, अंबरं-नभः, येन तत् अत्युच्चैस्तरत्वात्। उपेत्यादि-उपवनानां-वाटिकानां, राजिः-पंक्तिस्तया निगीर्ण-व्याप्तं, भूमितलं-पृथ्वीतलं, येन तत्। इति नगरे वर्णितेऽपि राज्ञस्तदधिष्ठातृत्वेऽपि प्राकारादिस्वरूपाभावात् वर्णनं नो भवति। तथैव—

अर्थ-यह नगर है सो कैसा है ? प्राकार कहिये कोट, ताकरि तो ग्रस्या है आकाश जानैं ऐसा है। भावार्थ-कोट ऊंचा बहुत है। बहुरि उपवन कहिये बाग, तिनिकी राजी कहिये पंक्ति, तिनिकरि निगल्या है भूमितल जानैं ऐसा है, भावार्थ-सर्वतरफ बागनितैं पृथ्वी छायरही है। बहुरि कैसा है ? कोटके चौगिरद खाईका वलयकरि मानूं पातालकूं पीवै ही है, ऐसा है, भावार्थ-खाई ऊंडी बहुत है। ऐसैं नगरका वर्णन करते संते, राजा याकै आधार है तौऊ कोट बाग खाई आदि सहित राजा नाहीं है। तातैं राजाका वर्णन याकरि नाहीं होय है। तैसैंही तीर्थंकरका स्तवन, शरीरका स्तवन कीये नाहीं होय है, ताका भी काव्य है।

नित्यमविकारसुस्थितसर्वांगमपूर्वसहजलावण्यं ।
अक्षोभमिव समुद्रं जिनेंद्ररूपं परं जयति ॥ २६ ॥

सं० टी०—जिनेंद्ररूपं-सर्वज्ञरूपं जयति-सर्वोत्कर्षेण वर्तते, किं भूतं ? नित्यं-यावच्छरीरभावित्वात् स्थिरमित्यर्थः, अवीत्यादि-अविकारेण-नेत्रहस्तादिविकृत्यभावेन, सुस्थितानि सर्वशरीरांगानि-सर्वावयवा यस्य तत्, पुनः किंभूतं ? अपूर्वेत्यादि-अपूर्वं-अन्यजीवासंभवि, सहजं-अकृत्रिमं, स्वाभाविकमित्यर्थः, लावण्यं लवणिमा यस्य तत्, समुद्रमिव अक्षोभं-न केनापि क्षुभ्यत इत्यक्षोभं। इति शरीरस्तूयमाने तीर्थंकर-केवलिपुरुषस्य तदधिष्ठातृत्वेऽपि सुस्थितसर्वांगादिगुणाभावात् स्तवनं न स्यात् ॥ २६ ॥ यद्येवं तीर्थंकराचार्यस्तुतिः समस्ताप्यप्रशस्ता स्यात् ततः शरीरात्मनोरैकांतिकी प्रतिपत्तिः ? नैवं नयविभागाभावात्। तं नयमुल्लेखयति—

अर्थ-जिनेंद्रका रूप है सो उत्कृष्ट जैसा होय तैसैं जयवंत वर्तै है-कैसा है ? नित्य ही अविकार अर भलैप्रकार सुख-

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

रूप तिष्ठ्या है सर्वांग जामैं, बहुरि कैसा है? अपूर्व स्वाभाविक है अर जन्महीतैं लेकरि उपजा है लावण्य जामैं। भावार्थ- सर्वकूं प्रिय लागे है, बहुरि कैसा है ? समुद्रकी ज्यों क्षोभरहित है, चलाचल नाहीं है । ऐसैं शरीरका स्तवन करते भी तीर्थंकर केवलीपुरुषके शरीरका अधिष्ठातापणा है, तौऊ सुस्थित सर्वांगपणा अर लावण्यपणा आत्माका गुण नाहीं । तातैं तीर्थंकर केवलीपुरुषके इनि गुणनिका अभावतैं याका स्तवन न होय । अब जैसैं तीर्थंकर केवलीकी निश्चयस्तुति होय तैसैं कहे हैं-तहां प्रथम ही ज्ञेयज्ञायकके संकरदोष आवे ताका परिहार करि स्तुति कहे हैं । अब इहां इस निश्चय-व्यवहाररूप स्तुतीके अर्थके कलशरूप काव्य कहे हैं—

एकत्वं व्यवहारतो न तु पुनः कायात्मनोर्निश्चयान्नुः स्तोत्रं व्यवहारतोऽस्ति वपुषः स्तुत्या न तत्तत्त्वतः
स्तोत्रं निश्चयतश्चितो भवति चित्स्तुत्यैव सैवं भवेन्नातस्तीर्थकरस्तवोत्तरबलादेकत्वमात्मांगयोः ॥

सं० टी०—कायात्मनोः-देहदेहिनोः, एकत्वं-कथंचिदेकता, व्यवहारतः,-व्यवहारनयमाश्रित्य, लोकव्यवहारं वा ' आत्मकर्म-वशान्नोकर्मरूपेण पुद्गलस्कंधबंधो देहः, कनककलधौतयोरेकस्कंधव्यवहारवत् नीरक्षीरवद्वा, पुनः निश्चयात्-निश्चयनयमाश्रित्य नैकत्वं, तयोः परस्परं भिन्नत्वात् । त्वित्यधिकपदं विशेषज्ञापकं, निश्चयाद्धि देहदेहिनोः अनुपयोगोपयोगरूपयोः, कनककलधौ-तयोः पीतपांडुत्वस्वभावयोरिव, अत्यंतव्यतिरिक्तत्वेनैकार्थत्वानुपपत्तेर्नानात्वं, एवं किल नयविभाग इति अतः कारणात् वपुषः-शरीरस्य स्तुत्या-स्तवनेन, शरीरगुणवर्णनेन, नुः-आत्मनः, स्तोत्रं-स्तवनं, अस्ति-भवति, कुतः-व्यवहारतः व्यवहारनयात्, तत् स्तोत्रं निश्चयात्-परमार्थतः, न हि । ननु आत्मस्तोत्रं कथं ? निश्चयतः-परमार्थतः, चितः-चिद्रूपस्यात्मनः, स्तोत्रं-स्तवनं गुणवर्णनमित्यर्थः भवति-अस्ति, कया ? चित्स्तुत्यैव चिद्रूपस्यामूर्ताखंडज्ञानदर्शनाद्यनंतगुणस्तवनेन, एवं निश्चयस्तुतिरेव, आत्मस्तुतिः, एवं सति सा-निश्चयस्तुतिः स्तुतिर्भवेत् । अतः-आत्मशरीरयोर्भिन्नत्वसमर्थनात्, एकत्वं-अभिन्नत्वं न भवतीत्यर्थः कयोः ? आत्मांगयोः-चिद्रूपदेहयोः, कुतः ? तीर्थेत्यादिः-तीर्थकरस्य-नाभेयादिजिनस्य, स्तवः-अष्टप्रातिहार्यादिगुणवर्णनं, तीर्थ-करशरीरगुणवर्णनमेव परमार्थस्तवनमिति प्रत्युत्तरबलाधानात् एकत्वं न कदाचन ॥ २७ ॥ अथैकत्वनिरासमुपसंहरति—

अर्थ—कायकै अर आत्माकै व्यवहारनयकरि एकपणा है । बहुरि निश्चयनयकरि एकपणा नाहीं है । याहीतैं शरीर-के स्तवनतैं आत्मा पुरुषका स्तवन व्यवहारनयकरि भया कहिये, अर निश्चयतैं न कहिये । निश्चयतैं तौ चैतन्यके स्तवन-तैं ही चैतन्यका स्तवन होय है । सो चैतन्यका स्तवन इहां जितेंद्रिय, जितमोह, क्षीणमोह ऐसैं कह्या तैसैं होय है ।

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

तातैं यह सिद्ध भया-जो अज्ञानीनै तीर्थंकरके स्तवनका प्रश्न कीया था ताका यह नयविभागकरि उत्तर दिया, ताके बलतैं आत्माकै अर शरीरकै एकपणां निश्चयतैं नाहीं है ॥ फेरि याही अर्थके जाननेकरि भेदज्ञानकी सिद्धि होय है ऐसे अर्थरूप काव्य कहे हैं—

इति परिचिततत्त्वैरात्मकायैकतायां नयविभजनयुक्त्यात्यंतमुच्छादितायां ।
अवतरति न बोधो बोधमेवाद्य कस्य स्वरसरभसकृष्टः प्रस्फुटन्नेक एव ॥ २८ ॥

सं० टी०—अद्य-इदानीं, एव-निश्चयेन, कस्य-पुरुषस्य, बोधः-भेदविज्ञानं, बोधं-बुध्यते-जानातीति बोधः-आत्मा, अथवा गुणे गुणिन उपचारः, तं न अवतरति-न प्रादुर्भवति? अपि तु प्रादुर्भवत्येव। किंभूतः सः ? स्वेत्यादिः-स्वस्य-आत्मनः, रसः-ज्ञानशक्तिविशेषः, तस्य रभसः-वेगः, तेन कृष्टः-आकृष्टः, विशदीकृत इत्यर्थः। भूयः किंभूतः ? प्रस्फुटन्-प्रकर्षेण निर्मलीभवन्-प्रकटीभवन्वा, एक एव नान्यः, बोधं विना आत्मानं प्रत्यवतरयितुं न कश्चित्क्रमः, इत्यर्थः । क सत्यां-आत्मेत्यादिः-आत्मा च कायश्च आत्मकायौ तयोरेकता-ऐक्यं, तस्यां, उच्छादितायां-निराकृतायां सत्यां, कया ? नयेत्यादि नयस्य-निश्चयव्यवहारलक्षणस्य विभजनं-विभागः, तस्य युक्तिः-दर्शनोपन्यासः, तया, कैः ? इति पूर्वोक्तप्रकारेण परिचितं-परीचयीकृतं, तत्त्वं-शुद्धचिद्रूपलक्षणं यैस्ते, इति परिचिततत्त्वास्तैः । २८ । अथ यावत्पर्यंतं परभावाभावस्तावत्स्वानुभव इति संतन्यते—

अर्थ—ऐसैं परिचयरूप कीया है वस्तूका यथार्थस्वरूप जिनिनैं ऐसैं मुनीनैं आत्मा अर शरीरके एकपणाकूं नयके विभागकी युक्तिकरि अत्यंत उच्छादन कीया निषेध्या है याकै होतैं तत्काल ज्ञान है सो यथार्थपणाकूं कौन पुरुषके अवतार न धरै अवश्य अवतार धरैही धरै ॥ कैसा होयकरि ? अपना निजरसका वेगकरि खेंच्या हूवा प्रगट होता एक स्वरूप होयकरि ॥ भावार्थ—निश्चयव्यवहारनयके विभाग करि आत्माका अर परका अत्यंत भेद दिखाया, सो याकूं जानिकरि, ऐसा कौन पुरुष है जाकै भेदज्ञान न होय होयही होय । जातैं ज्ञान है सो अपना स्वरस करि आप अपना रूप जानै, तब अवश्य आप न्यारा ही अपने आत्माकूं जनावै है ॥ इहां कोई दीर्घसंसारी ही होय तो ताका कछु कहना है नाहीं ॥ ऐसैं अप्रतिबुद्धने कह्या था, जो " हमारै तो यह निश्चय है, जो देह है सोही आत्मा है " ताका निराकरण किया । आगैं कहे हैं, जो, ऐसैं यहू अप्रतिबुद्ध अज्ञानी जीव अनादिके मोहके संतानकरि निरूपण कीया जो आत्माका अर शरीरका एकपणा, ताका संस्कारपणाकरि अत्यंत अप्रबुद्ध था, सो अब प्रगट उदय भया है तत्त्वज्ञान- ३२

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

स्वरूप ज्योति जाकै "जैसैं कोई पुरुषके नेत्रमैं विकार था, तब वर्णादिक अन्यथा दीखे थे, अर जब विकार मिटै, तब जैसाका तैसा दीख्या" तैसैं प्रगट उघड्या है पटलस्थानीय आवरणकर्म जाका, ऐसा भया संता प्रतिबुद्ध भया, तब साक्षात् देखनेवाला आपकूं आपही करि ज्ञान अर श्रद्धान करि अर तिसकूं आचरण करनेका इच्छक भया संता पूछै है, जो इस आत्मारामके अन्यद्रव्यनिका प्रत्याख्यान कहिये त्यागना, सो कहा होय ? ऐसैं पूछते संते आचार्य कहै हैं जो, ऐसैं कहना—

विशेष—बोधं इस द्वितीयांत पदका यथार्थपना अर्थकर पं. जयचंद्रजीने कस्य बोधः बोधं न अवतरति-इस वाक्यका अर्थ 'ज्ञान है सो यथार्थपणाकूं कौन पुरुषके अवतार न धरै अवश्य अवतार धरै ही धरै' यह किया है और भट्टारक शुभचंद्रजीने 'बोधं' इसका आत्मा अर्थ कर 'किसकी आत्मामें सम्यग्ज्ञान अवतार नहिं लेता' उस वाक्यका यह अर्थ किया है । हमें भट्टारक शुभचंद्रजीका 'बोधं' का आत्मा अर्थ प्रकृतोपयोगी और विशेष महत्त्वका जान पडता है ॥ २८ ॥

अवतरति न यावद् वृत्तिमत्यंतवेगादनवमपरभावत्यागदृष्टांतदृष्टिः ।
झटिति सकलभावैरन्यदीयैर्विमुक्ता स्वयमियमनुभूतिस्तावदाविर्बभूव ॥ २९ ॥

सं० टी०—यावत्-यावत्पर्यंतं, अनवं-सत्यं यथा भवति तथा, अत्यंतवेगात्-अतिशीघ्रं, अपरेत्यादिः-अपरे च ते भावाश्च अपरभावाः-अन्यपदार्थाः, तेषां त्यागः-त्यजनं, तदुल्लेखाय यो दृष्टांतः, तत्र दृष्टिः, यथाहि कश्चिन्नरः, रजकात् परकीयमंबरमादाय संभ्रात्यात्मीयप्रतिपत्त्या परिधाय शयानः स्वयमज्ञानी सन्, अन्येन तद्वस्त्रस्वामिना तदंचलमालंव्य बलान्नग्नीक्रियमाणो मंक्षु प्रतिबुद्ध्यस्व, अर्पय परिवर्तितमेतद्वस्त्रं मामकमिति असकृद्वचः शृण्वन्, अखिलैश्चिन्हैः सुपरीक्ष्य परकीयमिति निश्चित्याचिरात्, ज्ञानी सन् मुंचति तथा ज्ञातापि परभावान् संभ्रांत्या स्वप्रतिपत्त्यात्मसात्कुर्वन् शयानः स्वयमज्ञानी सन् गुरुणा परभावे विवेकं कृत्वैकीक्रियमाणो मंक्षु प्रतिबुध्यस्व, एकः खल्वयमात्मा, इत्यसकृत् श्रुतिं श्रौतीं शृण्वन् अखिलैश्चिन्हैः सुपरीक्ष्य सर्वान् परभावान्निश्चित्य ज्ञानी सन् मुंचति परभावानिति दृष्टांतदृष्टिः, वृत्ति-परभावप्रवृत्तिं प्रति न अवतरति-अवतरणं न करोति तावत्पर्यंतं इयमनुभूतिः-आत्मानुभवज्ञानं, स्वयं-स्वतः, आविर्बभूव-प्रकटीबभूव, झटिति-शीघ्रं । किंभूता ? विमुक्ता-त्यक्ता, कैः ? अन्यदीयैः-परकीयैः, सकलभावैः-सकलचेतनाचेतनपदार्थैः, ॥ २९ ॥ अथ स्वरसं रसामीति रचयति—

अर्थ--यह परभावके त्यागके दृष्टांतकी दृष्टि है सो "पुरानी न पड़े ऐसैं जैसैं होय तैसैं" अत्यंत वेगतैं जेतैं प्रवृ-

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

त्तिकूं नाहीं प्राप्त होय है ता पहलैही तत्काल सकल अन्यभावनिकरि रहित आपही यह अनूभूति तौ प्रगट होती भई । भावार्थ--यह परभावका त्यागका दृष्टांत कह्या, तापरि दृष्टि पडै ते पहलै समस्त अन्यभावनितैं रहित अपना स्वरूपका अनुभवन तौ तत्काल होय गया, जातैं यह प्रसिद्ध है-जो, वस्तूकूं परकी जाने पीछैं ममत्व रहै नाहीं ॥ आगैं या अनुभूति तैं परभावका भेदज्ञान कौन प्रकार भया ऐसी आशंकाकरि प्रथम तौ भावक मोहकर्मका उदयरूप भाव ताका भेद विज्ञानका प्रकार कहै हैं---

विशेष--अन्यभावका दृष्टांत यह यह है कोई पुरुष धोबीसे अन्यका वस्त्र लाकर और भ्रमसे उसै अपना मान ओढकर सो रहा था और उसे जरा भी इसबातका ज्ञान न था किं यह किसी दूसरेका है इतने ही में जिसका वह वस्त्र था वह पुरुष आया और वस्त्रका पल्लड खींचकर और सोते हुये पुरुषको नंगाकर इसप्रकार कहने लगा-जल्दी उठो इसवस्त्रको मुझें दो यह वस्त्र मेरा है वदल गया है । तो जिसप्रकार वह सोता हुआ मनुष्य उसके बार बार उठो २ ये वचन सुनकर और समस्त चिह्नोंसे भले प्रकार परीक्षापूर्वक जानकर कि यह वस्त्र दूसरेका है तत्काल छोड देता है उसीप्रकार यह आत्मा भी परपदार्थोंको अपना मानकर अज्ञानी है मोहकी नींदमें सो रहा है जब श्रीगुरु मोहभावका विवेक कराकर इसे परपदार्थोंसे रहित एकाकी बताते हैं और यह उपदेश देते हैं कि जल्दी प्रतिवुद्ध हो यह आत्मा परभावोंसे रहित एक है तव वह ‘ आत्मा एक है, आत्मा एक है ’ ये शब्द वार वार सुनकर और परीक्षापूर्वक परपदार्थोंको निश्चयकर पूर्ण ज्ञानवान हो परपदार्थोंको छोड देता है ॥ २९ ॥

सर्वतः स्वरसनिर्भरभावं चेतये स्वयमहं स्वमिहैकं ।
नास्ति नास्ति मम कश्चन मोहः शुद्धचिद्घनमहोनिधिरस्मि ॥ ३० ॥

सं० टी०—इह—जगति, अहं—आत्मा, स्वयं—आत्मना, स्वं—आत्मानं चेतये—अनुभवामि, उपलभे—जानामीत्यर्थः । किंभूतमात्मानं ? सर्वतः-सामस्त्येन, स्वेत्यादिः-स्वस्य-आत्मनः, रसः-रुचिः-अनुभवनमिति यावत्, तेन निर्भरो भावः स्वभावो यस्य तं, मम-आत्मनः कश्चन-कोऽपि, शरीरादौ मोहः-ममत्वं नास्ति नास्ति--पुनः पुनर्न विद्यते, अस्मि-भवाम्यहं, कीदृक्षः ? शुद्धेत्यादिः-शुद्धा निर्मला कर्मकलंकराहित्यात् सा चासौ चित्-चेतना तस्याः घनो-निविडः स चासौ, महोदधिः-महासमुद्रश्च, घनरसानामिव निःशेषगुणानामाधारत्वात् । ३० । अथात्मपरद्रव्ययोर्विवेकं तंतन्यते—

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

अर्थ--मैं इसलोकमें आपहीकरि अपने एक आत्मस्वरूपकूं अनुभवूं हूं। कैसा है मेरा स्वरूप ? 'सर्वतः' कहिये सर्वांगकरि अपने निजरस जो चैतन्यका परिणमन, ताकरि पूर्ण भऱ्या ऐसा है भाव जामैं, याहीतैं यह मोह है सो मेरा किछू भी लागता नाहीं है, । याके अर मेरे किछू भी नाता नाही है। मैं तो शुद्ध चैतन्यका 'घन' कहिये समूहरूप तेजःपुंजका निधि हूं। भावकभावका भेदकरि ऐसैं अनुभवन करे ॥ ३० ॥

इति सति सह सर्वैरन्यभावैर्विवेके स्वयमयमुपयोगो विभ्रदात्मानमेकं।
प्रकटितपरमार्थैर्दर्शनज्ञानवृत्तैः कृतपरिणतिरात्माराम एव प्रवृत्तः ॥ ३१ ॥

सं० टी०—अयं-उपयोगः-ज्ञानदर्शनोपयोगः, स्वयं-स्वरूपेण आत्मा-चिद्रूप एव प्रवृत्तः-प्रवृत्तिं प्राप्तः, क्व सति ? इति-पूर्वोक्तप्रकारेण, सर्वैः-समस्तैः, अन्यभावैः-धर्माधर्मादिलक्षणैः परपदार्थैः, सह-सार्कं, विवेके-पृथग्भावे जाते सति, किंभूतः आत्मा ? विभ्रद्-दधद्, कं ? एकं-अद्वितीयं, आत्मानं-स्वस्वरूपं, भूयः किंभूतः ? कृतपरिणतिः-कृता परिणतिः-परिणमनं-एकता, यस्य सः, कैः सह ? दर्शनज्ञानवृत्तैः तच्छ्रद्धानबोधचरित्रैः, आत्मनस्तन्मयत्वात्, कीदृक्षैस्तैः ? प्रकटितपरमार्थैः-परमः-उत्कृष्टः, सर्वप्रकाशकत्वात् स चासौ अर्थश्च परमात्मलक्षणोऽर्थ इति यावत्, प्रकटितः-प्रकाशं नीतः परमार्थो येन स तथोक्तः, भूयः किंभूतः ? रामः-रमणीयः,-मनोज्ञः, जगच्छ्रेष्ठत्वात् ॥ ३१ ॥ अथ ज्ञानसमुद्रे मज्जनादिना जगदुद् युज्यते—

अर्थ--ऐसैं पूर्वोक्तप्रकार भावकभाव अर ज्ञेयभावनितैं भेदज्ञान होतैं, सर्वही जे अन्यभाव तिनितैं भिन्नता भई, तब यह उपयोग है सो, आपही अपने एक अत्माहीकूं धारता संता प्रगट भया है परमार्थ जिनिका, ऐसैं जे दर्शनज्ञानचारित्र तिनिकरि करी है परिणति जानैं, ऐसा हूवा संता, अपना आत्माराम जो आतमारूपी बाग क्रीडावन, ताहिविषैं प्रवर्ते है, अन्य जागा न जायगा न जाय है। भावार्थ--सर्वपरद्रव्य तथा तिनितैं भये जे भाव तिनितैं भेद जान्या तब उपयोगकूं रमनेकूं आत्मा ही रह्या, अन्य ठिकाना रह्या नाहीं । ऐसैं दर्शनज्ञानचारित्रतैं एकरूप भया आत्माहीविषैं रमैहै ऐसा जानना ॥ आगैं ऐसे दर्शन ज्ञान चारित्र रूप परिणया जो आत्मा ताके स्वरूपका संचेतन कैसा होयहै ऐसा कहता संता आचार्य इसकथनकूं संकोचै है समेटै है—

विशेष—मूलमें 'प्रकटितपरमार्थैः' यह पद 'दर्शनज्ञानवृत्तैः' का विशेषण है संस्कृत टीकाकारने भी ऐसा ही किया है परंतु जिससमय वे इस पदका समासपूर्वक अर्थ करने लगे हैं उससमय उन्होंने उसे प्रथमांतपद मान 'आत्मा' का विशेषण कर दिया

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

है नहिं जानपडता ऐसा क्यों हुआ ? अथवा उन्हें प्रथमांत पद ही मिला था तो ' आत्मा ' का ही विशेषण करना योग्य था फिर 'दर्शनज्ञानवृत्तैः' का विशेषण क्यों किया ? यदि दोनों पाठ मिले थे तो उन्हें पक्षांतर लिखकर स्पष्ट लिखदेना चाहिये था फिर ऐसा क्यों नहिं किया ? क्योंकि ' प्रकटितपरमार्थैः ' इस पदको तृतीयांत वा प्रथमांत दोनोंके माननेमें दोष नहिं आसकता । इसलिये हमारी समझमें लेखक महाशय ही यहां एक दो पंक्ति भूल गये हैं । क्योंकि इतनी छोटी अशुद्धि भट्टा. शुभचंद्रजी सरीखे विद्वानसे होना असंभव मालूम पडती है । पं० जयचंद्रजीने तो ' प्रकटितपरमार्थैः ' को ' दर्शनज्ञानवृत्तैः ' काही विशेषण किया है । दूसरे-भट्टा. शुभचंद्रजीने ' आत्माराम एव ' यहांपर आत्मा पदको जुदाकर और राम को प्रथमांत मान उसका रमणीय अर्थ कर दिया है और पं० जयचंद्रजीने ' आत्मारामे ' ऐसा सप्तम्यंत पद मानकर आत्मारूपी क्रीडावनमें यह अर्थ किया है यद्यपि यहां पदोंकी ओर ध्यान देनेसे पंडित जयचंद्रजीका अर्थ उत्तम प्रतीत होता है और भट्टारक शुभचंद्रजीका अर्थ खटकता सा है परंतु भट्टारक शुभचंद्रजीका अर्थ बडा महत्त्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने ' उपयोगः, राम आत्मा एव प्रवृत्तः ' अर्थात् उपयोग अतिशय सुंदर आत्मस्वरूपही हो गया ' इसप्रकार निश्चयनयका अवलंबन किया है जोकि प्रकरणमें सर्वथा कार्यकारी है । और पं० जयचंद्रजीने ' उपयोगः, आत्मारामे ' अर्थात् उपयोग आत्मारूपी क्रीडावनमें प्रवृत्त हुआ इसप्रकार व्यवहार नयका आश्रय किया है क्योंकि उपयोग और आत्माकी इन्होंने यहां भेदविवक्षा मानी है ॥ ३१ ॥

मज्जंतु निर्भरममी सममेव लोका आलोकमुच्छलति शांतरसे समस्ताः ।
आप्लाव्य विभ्रमतिरस्करिणीं भरेण प्रोन्मग्न एष भगवानवबोधसिंधुः ॥ ३२ ॥

सं० टी०—उन्मग्नः-उच्छलितः, प्रकटीभूत इति यावत्, कोसौ ? एषः-अवबोधसिंधुः-अवबोधो-ज्ञानं । स एव सिंधुः, अनंतगुणाधारत्वात् ' किंकृत्वा ? आप्लाव्य-प्लावयित्वा, निराकृत्येत्यर्थः, कां ? विभ्रमेत्यादिः-विभ्रमो-ममेदमिति मोहः, मद्यवद् भ्रमकारकत्वात्, स एव तिरस्करिणी-यवनिका तां कंटकादिभिर्दुःस्पर्शत्वेन, उभयोरुपमानोपमेययोः सादृश्यत्वात् जलेन सस्यविनाश्यत्वात्, कथं ? भरेण-अतिशयेन, मज्जंतु-मज्जनं कुर्वंतु, कर्ममलक्षालनहेतुत्वात् तस्य, के ? अमी समस्ताः-सर्वे लोकाः-भव्यजनाः, कथं ? निर्भरं-अत्यर्थं, सममेव-युगपदेव, क्व ? शांतरसे-शांतः-उपशमत्वं, स एव रसः-पानीयं, शम्यस्य पापप्रक्षालनशीलत्वात्, आलोकं त्रिलोकशिखरपर्यंतं, उच्छलति-ऊर्ध्वगमनं कुर्वति सति-आलोकं व्याप्ते सति, इत्यर्थः । अन्यथा रिधिजलस्योच्छलनशीलत्वात् ॥ ३२ ॥

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

अर्थ–यह ज्ञानसमुद्र भगवान् आत्मा है सो विभ्रमरूप आडी चादर थी ताकूं समूलतैं डबोयकरि दूरि करि, आप सर्वांग प्रगट भया है। सो, अब समस्त लोक हैं ते याके शांतरसविषैं एकैकाल ही अतिशयकरि मग्न होऊ। कैसा है शांतरस? समस्तलोकताई उछल्या है॥ भावार्थ–जैसैं समुद्रके आडा किछू आवै तब जल दीखै नाही, अर जब आड दूरी होय, तब प्रकट होय लोककूं प्रेरणा योग्य होय, जो या जलविषैं सर्व लोक स्नान करौ। तैसैं यह आत्मा विभ्रमकरि आच्छादित था, तब याका रूप न दीखे था, अब विभ्रम दूरि भया तब यथार्थस्वरूप प्रगट भया अब याके वीतराग विज्ञानरूप शान्तरसविषैं एककाल सर्व लोक मग्न होऊ। ऐसैं आचार्य प्रेरणा करी है अथवा ऐसा भी अर्थ है, जो आत्माका अज्ञान दूरि होय तब केवलज्ञान प्रगट होय है, तब समस्त लोकमें तिष्ठते पदार्थ एकैकाल ज्ञानविषैं आय झलके हैं ताको सर्व लोक देखो। ऐसैं इस समयप्राभृतग्रंथविषै पहला जीवाजीवाधिकारविषैं टीकाकार पूर्वरंगस्थल कह्या।

इहां टीकाकारका आशय ऐसा- जो, इस ग्रंथकूं अलंकारकरि नाटकरूप वर्णन कीया है, सो नाटकविषै पहलैं रंगभूमि आखाडा रचिये है। तहां देखनेवाला नायक तथा सभा होय है, अर नृत्य करनेवाले होय हैं ते अनेकस्वांग धरे हैं। तथा शृंगारादिक आठ रसका रूप दिखावे हैं। तहां शृंगार, हास्य, रौद्र, करुणा, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत ए आठ रस हैं ते लौकिकरस हैं। नाटकमें इनिहीका अधिकार है। नवमा शांतरस है सो अलौकिक है। सो नृत्यमें ताका अधिकार नाहीं है। इनि रसनिके स्थायीभाव, सात्विकभाव, अनुभाविकभाव, व्यभिचारिभाव तथा इनिकी दृष्टि आदिका वर्णन रसग्रंथनिमें है सो तो तहांते जान्या जाय। अर सामान्यपणें रसका यह स्वरूप है-जो, ज्ञानमें जो ज्ञेय आया, तिसतैं ज्ञान तदाकार भया, तातैं पुरुषका भाव लीन होजाय, अन्य ज्ञेयकी इच्छा न रहै सो रस है सो आठ रसका रूप नृत्यमें नृत्य करनेवाले दिखावे हैं। अर इनिका कवीश्वर वर्णन करैं जब अन्यरसकूं अन्यरसके समान करि भी वर्णन करैं तब अन्यरसका अन्यरस अंगभूत होनेतैं, तथा रसनिके भाव अन्यभाव अंग होनेतैं, रसवत् आदि अलंकारकरि नृत्यका रूप करि वर्णन किया है॥

तहां प्रथम ही रंगभूमिस्थल कीया, तहां देखनेवाला तो सम्यग्दृष्टि पुरुष है, तथा अन्य मिथ्यादृष्टि पुरुष हैं तिनकी सभा है, तिनकूं दिखावे हैं। अर नृत्य करनेवाले जीव अजीव पदार्थ हैं। अर दोऊका एकपणा तथा कर्तृकर्मपणा आदि तिनिके स्वांग हैं। तिनिमैं परस्पर अनेकरूप होय हैं। ते आठ रसरूप होय परिणमे हैं, सो तो

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

इनि सर्व स्वांगनिकूं कर्मकृत जाणि शांतरसहीमैं मग्न है, अर मिथ्यादृष्टि जीवाजीवका भेद न जाणे हैं। यातैं इनि स्वांगनिहीकूं सांचे जाणि इनिविषैं लीन होय हैं। तिनिकूं सम्यग्दृष्टि यथार्थ दिखाय तिनिका भ्रम मेटि शांतरसमें तिनिकूं लीन करि सम्यग्दृष्टि करे है। ताकी सूचनारूप रंगभूमिके अंतमें आचार्यने "मज्जंतु निर्भर०" इत्यादि यह काव्य रचा है। सो आगैं जीव अजीवका स्वांग वर्णन करी, सो ताकी सूचनारूप यह काव्य है ऐसा आशय सूचे है। सो इहांताई तो रंगभूमिका वर्णन भया ॥

दोहा— नृत्य कुतूहलतत्त्वको । मरियविदेखो धाय ॥
निजानंदरसमें छको । आन सवे छिटकाय ॥

इति समयसारवृत्तिः, अस्याः परमाध्यात्मतरंगिण्यपरनामधेयाया व्याख्यायामात्मख्यातौ पूर्वरंगः समाप्तः ॥ १ ॥

इसप्रकार पं० जयचंद्रजीकृत परमाध्यात्मतरंगिणीकी भाषा वचनिकामें **पूर्वरंगस्थल** समाप्त हुआ ॥ १ ॥

अथ ज्ञानविलासमाख्याति।

आगैं जीवद्रव्य अर अजीवद्रव्य ए दोऊ एक होय करि रंगभूमीमें प्रवेश करे हैं। तहां आदिविषैं मंगलका आशय लेकरि आचार्य ज्ञानकी महिमा करे हैं। जो सर्ववस्तुका जाननहारा यह ज्ञान है सो जीव अजीवके सर्वस्वांगनिको नीके पहिचाने है, ऐसा सम्यग्ज्ञान प्रगट होय है, इस अर्थरूप काव्य कहे हैं—

जीवाजीवविवेकपुष्कलदृशा प्रत्याय्य (य) यत्पार्षदानासंसारनिबद्धबंधनविधिध्वंसाद्विशुद्धं स्फुटत्।
आत्मारामनंतधाम सहसाध्यक्षेण नित्योदितं धीरोदात्तमनाकुलं विलसति ज्ञानं मनो ह्लादयत्।

सं० टी०—ज्ञानं-शुद्धात्मबोधः, विलसति-विलासं कुरुते, तदित्याध्याहारः, यत् ज्ञानं विशुद्धं-निर्मलं, कुतः ? आसंसारेत्यादिः-आसंसारं-पंचसंसारमभिव्याप्येत्यासंसारं निबद्धानि-बंधनं प्राप्तानि, तानि च तानि बंधनानि च प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशलक्षणानि, तेषां विधिः-विधानं तस्य ध्वंसः-विनाशः, तस्मात्, पुनः किंभूतं ? स्फुटत्-प्रादुर्भवत्, किंकृत्य ? प्रत्याय्यप्रतीतिगोचरान्कृत्वा, कान् ? पार्षदान्-सभापतीन्, कया ? जीवेत्यादिः-जीवश्चाजीवश्च जीवाजीवौ तयोर्विवेकः-पृथक्करणं,

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

स एव पुष्कला विस्तीर्णा, दृक्-दृष्टिस्तया, किंभूतं ? आत्मारामं-आत्मा-चिद्रूपः, स एव आरामः-क्रीडावनं-निवासस्थानं, यस्य तत्, पुनः किंभूतं ? अनंतधाम-अनंतं-अंतातीतं धाम-तेजः, यस्य तत्, नित्योदितं--नित्यं--निरंतरं, उदितं-उदयप्राप्तं, केन अध्यक्षेण सकलकेवलालोकप्रत्यक्षेण, महसा--तेजसा, लोकातिक्रांतप्रकाशेन, धीरोदात्तं-धीरं निष्कंपं धैर्यादिगुणयुक्तत्वात् तच्च तदुदात्तं च-उत्कटं, धीरोदात्तं, अनाकुलं-आकुलतारहितं, मनः-भव्यचित्तं, ह्लादयत्-हर्षोद्रेकं कुर्वत् ॥२३॥ अथ परविवेकेनोत्साहयति

अर्थ–ज्ञान है सो मनकूं आनंदरूप करता संता प्रगट होय है। कैसा है ? 'पार्षद, कहिये जीवाजीवके स्वांगकूं देखनेवाले महंत पुरुष तिनिकूं, जीव अजीवका भेद देखनेवाली जो बडी उज्ज्वल निर्दोष दृष्टि, ताकरि भिन्नद्रव्यकी प्रतीति उपजावता संता है। बहुरि अनादिसंसारतैं दृढ बंध्या है बंधन जाका ऐसा जो ज्ञानावरण आदि कर्म, ताके नाशतैं विशुद्ध भया है, स्फुट भया है। जैसैं फूलकी कली फूले तैसैं विकाशरूप है। बहुरि कैसा है ? आत्मा ही है आराम कहिये रमनेका क्रीडावन जाकै, अनंतज्ञानका आकार आनि झलके है, तौऊ आप अपने स्वरूपहीमें रमे है बहुरि अनंत है धाम कहिये प्रताप जाका। बहुरि प्रत्यक्ष तेजकरि नित्य उदयरूप है। बहुरि कैसा है ? धीर है, उदात्त कहिये उत्कट है, याहीतैं अनाकुल है सर्ववांछातैं रहित निराकुल है। इहां धीर उदात्त अनाकुल विशेषण है, सो ए शांतरूप नृत्यके आभूषण जानने, ऐसा ज्ञान विलास करे है ॥ भावार्थ–यह ज्ञानकी महिमा करी, सो जीव अजीव एक होय रंगभूमीमें प्रवेश करे हैं तिनिकूं यह ज्ञान ही भिन्न जाने है। जैसैं कोई नृत्यमें स्वांग आवै ताकूं यथार्थ जाने ताकूं स्वांग करनेवाला नमस्कार करि, अपना रूप जैसाका तैसा करी ले, तैसैं इहां भी जानना ऐसा ज्ञान सम्यग्दृष्टि पुरुषनिके होय है मिथ्यादृष्टि भेद जाने नाही ॥ २३ ॥

अब इहां पुद्गलतैं भिन्न जो आत्माकी उपलब्धि, ताप्रति विप्रतिपन्न कहिये अन्यथा ग्रहण करनेवाला पुद्गलहीकूं आत्मा जानता जो, पुरुष, ताकूं साम कहिये ताके हितरूप मिलापकी वार्ता कहिकरि, समभावहीतैं उपदेश कहना सोही काव्यमें कहे हैं–

विरम किमपरेणाकार्यकोलाहलेन स्वयमपि निभृतः सन् पश्य षण्मासमेकं ।
हृदयसरसि पुंसः पुद्गलाद्भिन्नधाम्नो ननु किमनुपलब्धिर्भाति किंचोपलब्धिः ॥ ३४ ॥

सं० टी०--ननु शब्दोत्र-आमंत्रणे, विरम-विरक्तो भव संसारदुःखादेः, परादवचोव्यापराद्य, अपरेण-परकीयेन, अकार्यकोलाहलेन-कार्यादन्योऽकार्यः,

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

तत्रभावे निषिद्धे च स्वरूपार्थेऽप्यतिक्रमे । ईषदर्थे च सादृश्यात्तद्विरुद्धतदन्ययोः ॥

इति नञ्शब्दस्य तदन्यवाचित्वात्, अकार्यश्चासौ कोलाहलश्च स, तेन-तथाहि-नैसर्गिकरागद्वेषकर्मकल्माषितं, अध्यवसानमेव जीवः, तथाविधाध्यवसानादंगारस्येव कार्त्स्न्यात्तदतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वात् इति केचित् ॥ १ ॥ अनाद्यनंतपूर्वापरीभूतावयवैकसंसरणक्रियारूपेण क्रीडन् कर्मैव जीवः, कर्मणातिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वात् इति केचित् ॥ २ ॥ तीव्रमंदानुभवभिद्यमानदुरंतरागरसनिर्भराध्यवसानसंतान एव जीवस्ततोऽतिरिक्तस्यान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् ॥ ३ ॥ नवपुराणावस्थादिभावेन वर्तमानं नोकर्मैव जीवः शरीरादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् ॥ ४ विश्वमपि पुण्यपापरूपेणाक्रामन् कर्मविपाक एव जीवः शुभाशुभभावादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् ॥ ५ ॥ सातासातरूपेणाभिव्याप्तसमस्ततीव्रगुणाभ्यां भिद्यमानः कर्मानुभव एव जीवः सुखदुःखातिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् ॥ ६ ॥ मज्जितावदुभयात्मकत्वादात्मकर्मोभयमेव जीवः कार्त्स्न्यतः कर्मणोऽतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् ॥ ७ ॥ अर्थक्रियासमर्थः कर्मसंयोग एव जीवः, कर्मसंयोगात् खट्वाया इव काष्ठसंयोगादतिरिक्तत्वेनान्यस्यानुपलभ्यमानत्वादिति केचित् । एवमेवं प्रकारेण कोलाहलेन किं ? न किमपि, तर्हि किं कर्तव्यं ? एकं षण्मासंषन्माण्सपर्यंतं, पश्य-अवलोकय, किंभूतः सन् ? स्वयमपि स्वत एव-परनिरपेक्षो भूत्वा, निभृतः सन् निश्चलः सन्-समस्तव्यापारतन्वादिचिंतां विहाय, क ? हृदयसरसि-हृदयं-चित्तमेव. सरः-सरोवरं, तस्मिन्, पुंस आत्मनः, तदा अनुपलब्धिः-अप्राप्तिः, किं ? भाति,-प्रतिभासते, च-पुनः, पक्षांतरे-उपलब्धिः-प्राप्तिः, किं भाति, निश्चलं स्वात्मस्वरूपेऽवलोकिते सति षण्मासाभ्यंतरे आत्मनः, अनुपलब्धिः उपलब्धिर्वा भवति इत्यर्थः, किंभूतस्य पुंसः ? पुद्गलात्-परमाण्वादिद्रव्यात्. भिन्नधाम्नः भिन्नं-अतिरिक्तं, धाम-तेजो यस्य तत् ॥ ३४ ॥ अथ सकलद्रव्यव्यतिरिक्तमात्मद्रव्यं विचकास्ति——

अर्थ—हे भव्य, तेरें अन्य जे विनाकार्य निकम्मा कोलाहलकरि कहा साध्य है ? तिस कोलाहलतैं तूं विरक्त होऊ अर एक चैतन्यमात्र वस्तुकूं आप निश्चल लीन होय देखि । ऐसैं छह महिना अभ्यास करि । ऐसैं कीये, अपना हृदसरोवरविषैं पुद्गलतैं भिन्न है तेज प्रताप प्रकाश जाका ऐसा जो पुरुष आत्मा, ताकी कहा प्राप्ति न होय है ? ऐसा नियम है, जो प्राप्ति होय ही होय ॥ भावार्थ—जो अपने स्वरूपका अभ्यास करै, तो, ताकी प्राप्ति होय ही होय । जो परवस्तु होय, तौ, ताकी तौ प्राप्ति न होय । अपना स्वरूप तौ विद्यमान है, भूलि रह्या है सो चेतकरि देखे तौ पासही है । इहां छह महिना अभ्यास कह्या सो ऐसा न जानना, जो एतेहीमैं होय, याका होना तौ मुहूर्तमात्रमेंही है । परंतु शिष्यकूं बहुत

P. P. A. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

कठिण भासै तौ ताका निषेध है, जो बहुतकाल समझतैं लागेगा, तौ छह महिना सिवाय न लागेगा । तातैं अन्य निष्प्रयोजन कोलाहल छोडि यामैं लागै शीघ्र रूपकी प्राप्ति होयगी ऐसा उपदेश है ॥

विशेष–' अकार्यकोलाहलेन किं ' अर्थात् व्यर्थके कोलाहलमें क्या रक्खा है यहांपर संस्कृत टीकाकारने कोलाहल शब्दका इसप्रकार स्पष्टीकरण किया है-कोई मानते हैं कि-स्वाभाविक राग द्वेष कर्मोंसे मालन अध्यवसान ही आत्मा है क्योंकि अंगारके समान जाज्वल्यमान इस अध्यवसान (ज्ञान) से अतिरिक्त कोई जीव पदार्थ अनुभवमें नहिं आता । १ । किन्हींका मत है– अनादि अनंत जो पूर्वापर अवयव [परमाणु पुंज] उनमें सदा संसरण रूप क्रियाका करनेवाला कर्म ही जीव पदार्थ है क्योंकि सिवाय कर्मके अन्य कोई भी जीव पदार्थ उपलब्ध नहिं होता ।२। किन्हींका सिद्धांत है कि जिसके तीव्र अनुभव और मंद अनुभव भेद हैं और जो परिणाममें दुःखदायी है ऐसे रागरससे परिपूर्ण अध्यवसानसंतान ही जीव है किंतु इससे भिन्न संसारमें कोई जीव पदार्थ नहीं क्योंकि यदि होता तो उपलब्ध होता ॥ ३ ॥ अनेक ऐसा मानते हैं–कभी नवीन कभी पुराना होनेवाला नोकर्म (शरीर) ही जीव है क्योंकि शरीरसे भिन्न कोई जीव पदार्थ नहिं प्रतीत होता ॥ ४ ॥ बहुतोंका मत है कि-समस्त लोकको पुण्यपापरूपसे व्याप्त करता हुआ कर्मविपाक (अनुभव) ही जीव है क्योंकि शुभ अशुभ भावसे अतिरिक्त कोई भी जीव पदार्थ नहीं ॥ ५ ॥ कोई २ यह मानते हैं कि–जिसके तीव्र और मंदगुण सात और असात रूपसे व्याप्त हैं अर्थात् सात असात स्वरूप हैं एवं इन गुणोंके भेदसे जिसका भेद है ऐसा कर्मोंका अनुभव ही जीव पदार्थ है क्योंकि सुख दुःखसे भिन्न कोई भी जीव पदार्थ अनुभवमें नहिं आता ॥ ६ ॥ अनेकोंका यह मत है कि--परस्परमें एकमएक आत्मा और कर्म दोनों ही जीव हैं क्योंकि कर्मसे अतिरिक्त कोई भी पदार्थ अनुभवमें नहिं आता ॥ ७ ॥ तथा कोई २ यह मानते हैं कि अर्थक्रियासमर्थ कर्मसंयोग ही जीव है क्योंकि जिसप्रकार काष्ठके संयोगसे खाट कोई अतिरिक्त पदार्थ नहीं-काष्ठका समूह ही खाट है उसी प्रकार कर्मका संयोग ही आत्मा है कर्मसंयोगको छोडकर अन्य कोई भी आत्मा पदार्थ दृष्टिगोचर नहिं होता ॥ ८ ॥ इसप्रकारके आत्मस्वरूप विषयक व्यर्थ कोलाहलकी क्या आवश्यकता है कुछ समय अपने हृदयमें उसके स्वरूपका विचार करो जैसा आत्मा है वैसा तुम्हें अपने आप उपलब्ध हो ही जायगा और तब तुम भलेप्रकार उसके स्वरूपको जान जावोगे ॥ ३४ ॥

सकलमपि विहायाह्नाय चिच्छक्तिरिक्तं स्फुटतरमवगाह्य स्वं च चिच्छक्तिमात्रं ।

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

इममुपरि चरंतं चारु विश्वस्य साक्षात् कलयतु परमात्मात्मानमात्मन्यनंतं ॥ ३५ ॥

सं० टी०–कलयतु-ध्यायतु,-पश्यतु-जानातु वा कलिवलिकामधेनुरिति वचनात्, कः ? आत्मा-चिद्रूपः, कं ? इमं प्रत्यक्षीभूतं स्वानुभवादिभिः, आत्मानं-स्वस्वरूपं, क्व ? आत्मनि-स्वस्वरूपे, किंभूतं ? साक्षात्-प्रत्यक्षं, विश्वस्य-जगतः, उपरि चरंतं-अग्रिमभागे परिस्फुरंतं लोकातिशायिमाहात्म्यं, लोकालोकपरिच्छेदकं वा चरधातोर्ज्ञानार्थवाचकत्वात्, परं-उत्कृष्टं, अनंतं-अंतातीतं, किं कृत्वा ? स्वं-आत्मानं, अवगाह्य-अनुभूय, किंभूतं स्वं ? चिच्छक्तिमात्रं-ज्ञानशक्तिमात्रं-स्फुटतरं-अतिव्यक्तं, च-पुनः, किंकृत्य ? विहाय-त्यक्त्वा, सकलमपि समस्तमपि परद्रव्यं, नत्वेकदेशेनेत्यपिशब्दार्थः, किंभूतं तत् ? चिच्छक्तिरिक्तं-ज्ञानशक्तिमुक्तं-अचेतनमिति यावत्, अह्नाय शीघ्रं, शीघ्रवाच्यव्ययं, 'स्रगझगित्यंजसाह्नाय' इत्यमरः ॥३५॥ अथ चेतनाचेतने विभजति-

अर्थ–भव्य आत्मा है सो अपने एक केवल आत्माकूं आत्माही विषैं अभ्यास करो, अनुभव करो कैसा आत्माका अनुभव करो ? जो सकलही चिच्छक्तितैं रीतै रहित अन्यभाव हैं तिनिकूं सर्वहीकूं मूलतैं छोडिकरि अर प्रगटपणै अपने चिच्छक्तिमात्र भावकूं अवगाहन करि अर यह समस्त पदार्थसमूह जो लोक ताकै उपरि प्रवर्तता संता है, ताका साक्षात् अनुभव करो। कैसा है यह ? अनंत है, अविनाशी है ॥ भावार्थ–यह आत्मा परमार्थतैं समस्त अन्यभावनितैं रहित चैतन्यशक्तिमात्र है, ताका अनुभवका अभ्यास करौ, ऐसा उपदेश है ॥ आगैं चिच्छक्तितैं अन्य जे भाव हैं, ते सर्व पुद्गलद्रव्यसंबंधी हैं ऐसा कहे हैं–

चिच्छक्तिव्याप्तसर्वस्वसारो जीव इयानयं ।
अतोऽतिरिक्ताः सर्वेऽपि भावाः पौद्गलिका अमी ॥ ३६ ॥

सं० टी०—अयं जीवः-आत्मा, इयान् एतावन्मात्रः, चिच्छक्तीत्यादि-चिच्छक्त्या-ज्ञानाविभागप्रतिच्छेदेन, व्याप्तं सर्वस्वसारं सर्वतः-सामस्त्येन, सारं- अंतर्भागो यस्य सः, अमी प्रत्यक्षाः-शरीरादयः, सर्वेऽपि-समस्ता अपि, भावाः-पदार्थाः, पौद्गलिकाः पुद्गले भवाः पौद्गलिकाः, अतः एतस्मात् चैतन्यात्, अतिरिक्ताः-भिन्नाः-ज्ञानशून्या इत्यर्थः ॥३६॥ अथ वर्णादीनां विविक्तं बंभण्यते–

अर्थ–यह जीव है सो चैतन्यशक्तिकरि व्याप्त है सर्वस्व सार जाका ऐसा एतावन्मात्र है, इस चिच्छक्तितैं रीते जे भाव हैं ते सर्वही पुद्गलजन्य हैं ते पुद्गलकेही हैं ॥

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

वर्णाद्या वा रागमोहादयो वा भिन्ना भावाः सर्व एवास्य पुंसः ।
तेनैवांतस्तत्त्वतः पश्यतोऽमी नो दृष्टाः स्युर्दृष्टमेकं परं स्यात् ॥ ३७ ॥

सं० टी०-अस्य-प्रत्यक्षस्य, पुंसः-आत्मनः, वर्णाद्या वा-वर्णगंधरसस्पर्शरूपशरीरसंस्थानसंहनननादयो वह्निर्भावाः, वा-पुनः- रागमोहादयः-रागद्वेषमोहप्रत्ययकर्मनोकर्मवर्गवर्गणास्पर्धकाध्यात्मस्थानानुभागस्थानयोगस्थानबंधस्थानोदयस्थानमार्गणास्थानस्थितिबंधस्थानसंक्लेशस्थानविशुद्धिस्थानसंयमलब्धिस्थानजीवस्थानादयः, सर्वे- समस्ताः, एव-निश्चयेन, भावाः-पदार्थाः, भिन्नाः-अतिरिक्ताः, आत्मातिरिक्ता इत्यर्थः, तेनैव वर्णादीनां भिन्नत्वकारणेनैव, तत्त्वतः-परमार्थतः, अंतः-अभ्यंतरे स्वस्वरूपे, पश्यतः-अवलोकयतः-स्वध्यानं कुर्वत-इति भावः, अमी-वर्णरागादयः, नो दृष्टाः-नावलोकिताः, स्युः-भवेयुः। अवलोकनेऽतः सति किं दृष्टं ? एकं-अद्वितीयं-परं-उत्कृष्टं-परमात्मानमित्यर्थः, दृष्टं-अवलोकितं, अंतःपश्यतः पुंसः स्याद्-भवेत् ॥ ३७ ॥ अथ पुद्गलेन निर्वृत्तस्य पौद्गलिकत्वं पिपर्ति——

अर्थ–वर्णादिक अथवा रागमोहादिक सर्वही भाव कहे ते सर्वही या पुरुषके भिन्न हैं । तिसही कारणकरि अंतर्दृष्टिकरि देखतेकूं ए सर्वही नाहीं दीखे । केवल एक चैतन्यभावस्वरूप अभेदरूप पुरुषही दीख्या । भावार्थ–परमार्थनय अभेदही है, तातैं तिसदृष्टिकरि देखतैं भेद नाहीं दीखे है, तिसनयकी दृष्टिमैं चैतन्यमात्रही पुरुष दीखै है । तातैं ते सर्वही वर्णादिक तथा रागादिक पुरुषके भिन्न ही हैं । अर इनि वर्णकूं आदि लेकरि गुणस्थानपर्यंत भाव हैं, तिनिका स्वरूप विशेषकरि जान्या चाहै, सो गोमठसार आदि ग्रंथनितैं जाणियो ॥

निर्वर्त्यते येन यदत्र किंचित्तदेव तत्स्यान्न कथं च नान्यत् ।
रुक्मेण निर्वृत्तमिहासिकोशं पश्यंति रुक्मं न कथंचनासिं ॥ ३८ ॥

सं०टी०–अत्र-जगति, यत्-शरीरादि,किंचित्-किमपि, येन-पुद्गलादिना, निर्वर्त्यते-निष्पाद्यते,तत्-शरीरादि, तदेव-पौद्गलिकमेव, स्याद्-भवेत्, कथंचन-केनापि प्रकारेण संस्कारादिना अन्यत् पुद्गलातिरिक्तं न भवेत् अथवा अन्यत्-आत्मादिद्रव्यं केनापि प्रकारेण पौद्गलिकं न हि. इममर्थं दृष्टांतयति–इह-जगति, रुक्मेण-कार्तस्वरेण निर्वृत्तं-निष्पन्नं, असिकोशं-कनकपत्रनिष्पन्नं खड्गपेटारकं, रुक्मं-सौवर्णं, पश्यंति अवलोकयंति सर्वे व्यवहारिणः, कथंचन-केनापि प्रकारेणाधाराधेयादिना, असिं-खड्गं न सौवर्णं पश्यंति ॥ ३८ ॥ अथ वर्णादीनां पौद्गलिकत्वं पूरयति——

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

अर्थ–जिस वस्तुकरि जो कियो भाव वणे सो वह भाव वस्तुही है, किछू अन्य वस्तु नाहीं है ॥ जैसै रूपेसोनेकरि खड्गका कोश बन्या, ताही लोक रूपा, सोना ही देखे हैं, तिसकूं खड्ग तौ कोई प्रकार भी नाही देखे है ॥ भावार्थ–वर्णादिक पुद्गलतैं वने हैं, ते पुद्गलही हैं, ते जीव नाहीं हैं ॥

वर्णादिसामग्र्यमिदं विदंतु निर्माणमेकस्य हि पुद्गलस्य ।
ततास्त्विदं पुद्गल एव नात्मा यतः स विज्ञानघनस्ततोऽन्यः ॥ ३९ ॥

सं० टी०–विदंतु-जानंतु, दक्षाः, इत्याध्याहार्यं, इदं-प्रत्यक्षं, वर्णादिसामग्र्यं वर्णादीनि-वर्णगंधरसस्पर्श शरीरसंस्थानसंहननादीनि तेषां सामग्र्यं- समग्रस्य भावः सामग्र्यं, निर्माणं निष्पत्तिः, एकस्य धर्मादिपंचद्रव्यनिरपेक्षस्य, पुद्गलस्य-परमाणुद्रव्यस्य, हीति-निश्चितं, नान्यन्निष्पादितं ततः-तस्मात् कारणात्–वर्णादिनिर्माणस्य पुद्गलत्वसाधनात्, इदं तु-वर्णादि पुद्गल एव वर्णादिनामप्रकृतिनिष्पादितत्वात् नात्मा-चिद्रूपो नहि । वर्णादि चिद्रूपः कुतो न ? यतः–यस्माद्धेतोः, सः-आत्मा, विज्ञानघनः-विशिष्टेन ज्ञानेन बोधेन, घनो-निविड़ः, विज्ञानस्य घनो यत्र स तथोक्तः, ततः-वर्णादीनां विज्ञानाभावात्, अन्यः-वर्णादेर्भिन्न एव ॥ ३९ ॥ अथ जीवानां वर्णादिप्रतिपादनं मिथ्येति मथ्नाति—

अर्थ–अहो ज्ञानी जनहो, ए वर्णादिक गुणस्थानपर्यंत भाव हैं, ते समस्त ही एक पुद्गलकै रचे तुम जाणूं, तातैं ए पुद्गलही होहू, आत्मा मति होहू, जातैं आत्मा तौ विज्ञानघन है, ज्ञानका पुंज है तातैं इनि वर्णादिकतैं अन्यही है ॥

घृतकुंभाभिधानेऽपि कुंभो घृतमयो न चेत् ।
जीवो वर्णादिमज्जीवजल्पनेऽपि न तन्मयः ॥ ४० ॥

अर्थ–ज्ञानी जन हैं ते कर्मतैं अर कर्मके फलतैं अत्यंत विरक्तभावनाकूं निरंतर भाव करि, बहुरि समस्त अज्ञानचेतनाका नाशकूं स्पष्ट प्रगटपणैं नृत्य कराय अर अपना निजरसतैं पाया स्वभावरूप जो ज्ञानचेतना ताकूं, आनंदसहित जैसैं होय तैसैं पूर्ण करि नृत्य करावते संते इहांतैं आगै प्रशमरस जो कर्मका अभावरूप आत्मिकरस अमृत ताही सदाकाल पीवो। यह ज्ञानी जननिकूं प्रेरणा है ॥ भावार्थ–यह पहलै तौ तीन कालसंबंधी कर्मका कर्तापणारूप कर्मचेतनाके गुणचास भंगरूप त्यागकी भावना कराई। पीछै एकसो अठतालीस कर्मप्रकृतिका उदयरूप कर्मका फलका त्यागकी भावना कराई। ऐसैं अज्ञानचेतनाका प्रलय कराय अर ज्ञानचेतनामैं प्रवर्तनेका उपदेश कीया है। यह ज्ञानचेतना सदा आनंदरूप अपना स्वभावका अनुभवरूप है। ताकूं ज्ञानी जन सदा भोगवो। यह श्रीगुरुनिका उपदेश है ॥ आगैं यह सर्व विशुद्धज्ञानका अधिकार है सो ज्ञानकूं कर्ताभोक्तापणातैं भिन्न दिखाय अब अन्यद्रव्य अर अन्यद्रव्यनिके भाव तिनितैं ज्ञानकूं न्यारा दिखावै हैं। ताकी सूचनिकाका काव्य है–

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

इतः पदार्थप्रथनावगुंठनात् विना कृतेरेकमनाकुलं ज्वलत् ।
समस्तवस्तुव्यतिरेकनिश्चयाद्विवेचितं ज्ञानमिहावतिष्ठते ॥ ४१ ॥

सं० टी०—इह-आत्मनि जगति वा, ज्ञानं-बोधः, विवेचितं-भिन्नं, अवतिष्ठते-आस्ते, कुतः ? इतः-अस्मात्, पदार्थेत्यादिः-पदार्थानां शास्त्रशब्दरूपरसगंधवर्णस्पर्शकर्मधर्माधर्मकालाकाशाध्यवसायादीनां प्रथनं-विस्तारः, तस्य अवगुंठनात् न श्रुतं ज्ञानं अचेतनत्वात् ततो ज्ञानश्रुतयोर्व्यतिरेकः एवं शब्दादिषु योज्यं, कृतिः-कारणं तस्य विना-अंतरेण क्रियाया अंतरेण स्वभावादित्यर्थः एकं-अद्वितीयं, पुनः कीदृक्षं ? अनाकुलं-आकुलतारहितं, पुनः ज्वलत्-देदीप्यमानं, कुतः ? समस्तेत्यादिः-समस्तानां निखिलानां, वस्तूनां-शास्त्रशब्दादीनां, व्यतिरेकः-भिन्नत्वं, ज्ञानान्यार्थयोर्भिन्नत्वं तस्य निश्चयः-निर्णयः, तस्मात् ॥ ४१ ॥ अथ ज्ञानस्य मध्याद्यंतराहित्यमर्हते—

अर्थ—इहांतैं आगै इस ज्ञानके अधिकारविषैं समस्तवस्तुनितैं व्यतिरेक कहिये भिन्नका निश्चयतैं विवेचित कहिये न्यारा कीया जो ज्ञान सो अवस्थान करै है, निश्चल तिष्ठै है। कैसा हुवा तिष्ठै है ? पदार्थका जो प्रथना कहिये फैलना ताका अवगुंठन कहिये ज्ञेयज्ञानसंबंधकरि एकसे दीखना, तातैं भई जो अनेकरूप कृति कहिये कर्तृत्वभावरूप क्रिया, ताविना एक ज्ञानक्रियामात्र सर्व आकुलतातैं रहित दैदीप्यमान होता तिष्ठै है ॥ भावार्थ—सर्ववस्तुनितैं न्यारा ज्ञानकूं प्रगट दिखावै हैं।

अन्येभ्यो व्यतिरिक्तमात्मनियतं बिभ्रत्पृथग्वस्तुता–
मादानोज्झनशून्यमेतदमलं ज्ञानं तथावस्थितं ।
मध्याद्यतविभागमुक्तसहजस्फारप्रभाभासुरः
शुद्धज्ञानघनो यथास्य महिमा नित्योदितस्तिष्ठति ॥ ४२ ॥

सं० टी०—तथा-तेनैव प्रकारेण, एतत्-प्रसिद्धं, ज्ञानं-बोधः, अवस्थितं-व्यवस्थितं, कीदृक्षं ? अन्येभ्यः-सर्वपरद्रव्येभ्यः, व्यतिरिक्तं-भिन्नं, अनेनातिव्याप्तिः परिहृता, आत्मनियतं-सर्वदर्शनादिजीव स्वप्रतिष्ठं, अनेनाव्याप्तिः परिहृता ज्ञानस्य। पुनः पृथग्वस्तुतां-परपदार्थेभ्यो भिन्नस्वभावं परिच्छेदकलक्षणं बिभ्रत्-दधत् अनेन असंभवः परिहृतः। आदानोज्झनशून्यं-परवस्तुनः

P. P. A. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

आदानं ग्रहणं त्यजनं च ताभ्यां शून्यं रहितं, अमलं कर्ममलातिक्रांतं तथा, कथं ? यथा अस्य ज्ञानस्य नित्योदितः-नित्यमुदीयमानः-प्रकाशमानः, महिमा माहात्म्यं तिष्ठति, कीदृक्षः सः ? मध्येत्यादि-मध्यं च आदिश्च अंतश्च मध्याद्यंताः तेषां विभागः, भेदः, तैः मुक्ता रहिता सा चासौ सहजा-स्वाभाविकी, स्फारा विस्तीर्णा, प्रभा-दीप्तिश्च लक्षणया ज्ञायकत्वं तया भासुरः-प्रकाशनशीलः, पुनः कीदृशः ? शुद्धेत्यादि-शुद्धज्ञानेन घनः निरंतरः ॥ ४२ ॥ अथात्मधारणामनुमोदते—

अर्थ–यह ज्ञान है सो तैसैं अवस्थित भया है, जैसें, याका महिमा निरंतर उदयरूप तिष्ठै, प्रतिपक्षी कर्म न रहै ॥ कैसा अवस्थित भया है ? अन्य जे परद्रव्य तिनितैं व्यतिरिक्त कहिये न्यारा अवस्थित भया है । बहुरि कैसा है ? आत्मनियतं कहिये आपहीविषैं निश्चित है । बहुरि कैसा है ? पृथक् कहिये न्याराही वस्तुपणाकूं धारता संता है । वस्तूका स्वरूप सामान्यविशेषात्मक है, सो ज्ञानभी सामान्यविशेषपणाकूं धार्‍या है । बहुरि कैसा है ? आदानोज्झन कहिये ग्रहणत्याग तिनिकरि शून्य हैं रहित है । ज्ञानमैं किछू त्याग ग्रहण नाही है । बहुरि कैसा है ? अमल कहिये रागादिक मलतैं रहित है ऐसा है । बहुरि याका महिमा नित्य उदयरूप तिष्ठै है सो कैसा है ? मध्य अर आदि अर अंत जे विभाग तिनिकरि मुक्त कहिये रहित, अर सहज कहिये स्वाभाविक, अर स्फार कहिये फैल्या विस्तर्‍या जो प्रभा कहिये प्रकाश ताकरि दैदीप्यमान है । बहुरि शुद्धज्ञानका घन कहिये समूह है ऐसा जाका महिमा सदा उदयमान है । तैसैं अवस्थित भया है ठहर्‍या है ॥ भावार्थ–ज्ञानका पूर्णरूप सर्वकूं जानना है । सो जब यह प्रकट होय है तब तिनि विशेषणनिसहित प्रकट होय है । सो याकी महिमाकूं कोई बिगाडि सकै नाही सदा उदयमान रहै है ॥ अब कहै हैं, ऐसे ज्ञानस्वरूप आत्माका धारणा सोही कृतकृत्यपणा है–

उन्मुक्तमुन्मोच्यमशेषतस्तत्तथात्तमादेयमशेषतस्तत् ।
यदात्मनः संहृतसर्वशक्तेः पूर्णस्य संधारणमात्मनीह ॥ ४३ ॥

सं० टी०—इह अस्मिन् आत्मनि चिद्रूपे, आत्मनः-ज्ञानस्वरूपस्य, तत्-प्रसिद्धं, संधारणं-धारणं, एकाग्रताप्रापणं । कीदृशस्य ? संहृतेत्यादि:-संहृता-निवारिता, सर्वा कर्मोपाधिजा शक्तिः सामर्थ्यं येन तस्य, पूर्णस्य-संपूर्णज्ञानशक्तिविशिष्टस्य तत् यत् संधारणं तदेव अशेषतः-सामस्त्येन, उन्मोच्यं उन्मोक्तुं त्यक्तुं योग्यं, शरीरादि उन्मुक्तं-त्यक्तं, तथा-येन प्रकारेण सर्वं त्यक्तं तेनैव प्रकारेण तत् आत्मसंधारणं, अशेषतः आदेयं-गृहीतुं योग्यं दर्शनज्ञानादि आत्तं-गृहीतं, आत्मनउपादानमेव हेयोपादेययोः परित्यागग्रहणमित्यभिप्रायः ॥ ४३ ॥ अथास्यानाहारकत्वं शंक्यते—

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

अर्थ–जो समेटी है सर्व शक्ति जानैं ऐसा जो पूर्णस्वरूप आत्मा, ताका आत्महीविषैं धारण करना सो धारण किया अर उन्मोच्य कहिये जो छोडनेयोग्य था, सो तौ सर्व उन्मुक्त कहिये छोड्या ॥ अर जो आदेय कहिये लेनेयोग्य था, सो समस्त लीया ॥ भावार्थ–जो पूर्णज्ञानस्वरूप सर्वशक्तीका समूहस्वरूप आत्मा, ताकूं धारणा सोही धारण किया अवर त्यागने योग्य तौ सर्वही त्यागा । अर ग्रहण करनेयोग्य था सो ग्रहण कीया । यह ही कृतकृत्यपणा है ॥ आगैं कहै हैं, जो, ऐसे ज्ञानकै देहभी नाही है ताकी सूचनिकाका श्लोक है–

व्यतिरिक्तं परद्रव्यादेवं ज्ञानमवस्थितं ।
कथमाहारकं तत्स्याद्येन देहोऽस्य शंक्यते ॥ ४४ ॥

सं० टी०—तत्-ज्ञानं, आहारकं-आहार्यवस्तुग्राहकं, कथं स्यात् ? केन प्रकारेण स्यात् ? न केनापि, तस्यामूर्तत्वात् आहारकस्य मूर्तत्वात् । तत् किं ? यत्-ज्ञानं, एवं-अन्येभ्य इत्यादि पूर्वोक्तयुक्त्या, परद्रव्यात् व्यतिरिक्तं-भिन्नं, अवस्थितं सुप्रतिष्ठं। अस्य-ज्ञानस्य, देहः-शरीरं येन कथं शंक्यते-आरेक्यते-संभाव्यते ? न कथमपि अस्यानाहारकत्वात् ॥४४॥ अथालिंगमालिंग्यते–

भावार्थ–एवं कहिये पूर्वोक्तप्रकार परद्रव्यतैं न्यारा ज्ञान अवस्थित भया ठहर्या ॥ सो ऐसा ज्ञान आहारक कहिये कर्मनोकर्मरूप आहार करनेवाला कैसा होय ? अर जब आहारक नाही तब याके देहकी शंका कैसी करिये ? नाही करिये ॥

एवं ज्ञानस्य शुद्धस्य देह एव न विद्यते ।
ततो देहमयं ज्ञातुर्न लिंगं मोक्षकारणं ॥ ४५ ॥

सं० टी०—एवं-मूर्तत्वामूर्तत्वप्रकारेण यतः शुद्धस्य निष्कल्मषस्य ज्ञानस्य, देह एव निश्चयेन न विद्यते-नास्ति, ततः-तस्माद्देहाभावात् ज्ञातुः-ज्ञायकस्य. पुंसः लिंगं पार्षडिलिंगं गृहिलिंगं वा न मोक्षकारणं-न मुक्तेर्मार्गः, हेतुगर्भितविशेषणमाह-देहमयं-देहनिर्वृत्तं, यदि देहः स्वकीयो न तर्हि तदाश्रितं लिंगं स्वकीयं कथं स्यात् ॥ ४५ ॥ तर्हि को मोक्षमार्गः ? इति चेत्

अर्थ–एवं कहिये पूर्वोक्तप्रकारकरि शुद्धज्ञानकै देहही नाही विद्यमान है । तातैं ज्ञाताकै देहमयी लिंग है, चिन्ह है, भेष है सो मोक्षका कारण नाही है ॥

दर्शनज्ञानचारित्रत्रयात्मा तत्त्वमात्मनः ।

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

एक एव सदा सेव्यो मोक्षमार्गो मुमुक्षुणा ॥ ४६ ॥

सं० टी०—मुमुक्षुणा-मोक्तुमिच्छुना पुंसा, एक एव-जिनोपदिष्ट एव न मिथ्योपकल्पितः, मोक्षमार्गः, मोक्षसाधनोपायः सदा-नित्यं, सेव्यः-आश्रयणीयः, कीदृक्षः? दर्शनेत्यादिः-स्वश्रद्धान-स्वज्ञान-स्वचरणत्रयस्वरूपः, एतत्त्रयमंतरेण तस्यानुपलब्धेः, पुनः आत्मनः तत्त्वं-स्वरूपं, दर्शनादित्रयमंतरेणात्मस्वरूपाभावात् मोक्षमार्गस्य दर्शनादित्रयात्मकत्वात् च ॥ ४६ ॥ अथ तमेव मोक्षमार्गं मार्गयति—

अर्थ--जातैं आत्माका तत्त्व कहिये यथार्थरूप दर्शनज्ञानचारित्रका त्रिकस्वरूप है तातैं मोक्षके इच्छक पुरुषनिकरि एकही यह मोक्षमार्ग सदा सेवनेयोग्य है ॥

एको मोक्षपथो य एष नियतो दृग्ज्ञप्तिवृत्त्यात्मक-
स्तत्रैव स्थितिमेति यस्तमनिशं ध्यायेच्च तं चेतति ।
तस्मिन्नेव निरंतरं विहरति द्रव्यांतराण्यस्पृशन्
सोऽवश्यं समयस्य सारमचिरान्नित्योदयं विंदति ॥ ४७ ॥

सं० टी०—यः-सर्वजनप्रसिद्धः, मोक्षमार्गः-नानामिथ्यामतिविजृंभितः, अनेकतां दधानोऽपि स एषः मोक्षपथः, दृगित्यादिः-दर्शनज्ञानचारित्रत्रयात्मकः सन्, एकः-न त्वनेकधा नियतः-अनेकप्रमाणनयोपन्यासैर्निश्चितः, यः-पुमान्, तत्रैव-मोक्षपथे दर्शनादिरूपे, स्थितिं-निश्चलतां स्वात्मनः, एति-प्राप्नोति, च-पुनः, अनिशं-निरंतरं- तं-रत्नत्रयरूपं मोक्षपथं एकाग्रो भूत्वा, ध्यायेत्-ध्यानविषयीकुर्यात्, पुनः यः तं-मोक्षपथं, सकलकर्मफलचेतनासन्न्यासेन शुद्धज्ञानचेतनामयीभूत्वा चेतति-मुहुर्मुहुरनुभवति निरंतरं-प्रतिक्षणं, तस्मिन्नेव-दर्शनादित्रयात्मके मोक्षपथे, विहरति-अनुचरति । कीदृक्षः सन्? द्रव्यांतराणि-परद्रव्याणि, अस्पृशन्-अनाश्रयन् मनागपि स्वकीयान्यकुर्वन्, सः-पुमान्, अचिरात्-शीघ्रं, तद्भवे तृतीयभवादौ वा अवश्यं-नियमतः, समयस्य-पदार्थस्य-सिद्धांतशासनस्य वा सारं-परमात्मानं टंकोत्कीर्णस्वभावं विंदति-लभते, साक्षात् परमात्मा भवतीति यावत् कीदृशं? नित्योदयं-नित्यमुदीयमानं ॥ ४७ ॥ अथ लिंगस्य वैयर्थ्यं सार्थयति—

अर्थ-जो दर्शनज्ञानचारित्रस्वरूप यह एक मोक्षका मार्ग है सो जो पुरुष तिसही विषैं स्थितीकूं प्राप्त होय है तिष्ठै

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

है, बहुरि जो तिसहीकूं निरंतर ध्यावै है, बहुरि जो तिसहीकूं चेतै है, अनुभवै है, बहुरि जो तिसहीविषैं निरंतर विहार करै है प्रवर्तै है, कैसा भया संता ? अन्यद्रव्यनिकूं नाही स्पर्शता संता, सो पुरुष थोरेही कालमें अवश्य समयसार जो परमात्माका रूप जाका नित्य उदय रहै ऐसा अनुभवै है पावै है। भावार्थ–निश्चयमोक्षमार्गके सेवनतैं थोरेही कालमें मोक्षकी प्राप्ति होय यह नियम है ॥ आगै कहै हैं, जो द्रव्यलिंगहीकूं मोक्षमार्ग मानि ता विषैं ममत्वभाव राखै हैं ते मोक्ष नाही पावै हैं। ताकी सूचनिकाका काव्य है–

ये त्वेनं परिहृत्य संवृतिपथप्रस्थापितेनात्मना
लिंगे द्रव्यमये वहंति ममतां तत्त्वावबोधच्युताः।
नित्योद्योतमखंडमेकमतुलालोकं स्वभावप्रभा-
प्राग्भारं समयस्य सारममलं नाद्यापि पश्यंति ते ॥ ४८ ॥

सं० टी०--ते-पुरुषाः, अद्यापि-इदनीमपि, साक्षात्स्वरूपप्रकाशनावसरेऽपि, समयस्य सारं-आत्मानं, न पश्यंति-नेक्षंते, कीदृक्षं नित्योद्योतं-सदा प्रकाशमानं, अखंडं-संपूर्णं, एकं-कर्मद्वैतरहितं, अतुलालोकं-अनुपमेयप्रकाशं, तत्प्रकाशसदृशस्यापरस्याभावात्, स्वेत्यादिः-स्व एव भावः-पदार्थः, तस्य प्रभा-ज्ञानं, अथवा स्वभावज्ञानस्य प्रभा-द्योतकत्वं तया प्राग्भारं-पूर्वं भृतं, अमलं-निर्मलं, ते के ? ये पुरुषा आत्मना कृत्वा द्रव्यमये-नाग्न्यत्रिदंडिप्रमुखद्रव्यनिर्मापिते लिंगे-वेषे, ममतां 'अहं श्रमणः, अहं श्रमणोपासकश्च इति ममत्वं वहंति- कुर्वंति, कीदृक्षाः ? ये तत्त्वेत्यादिः-तत्त्वस्य-वस्तुयाथात्म्यस्य, अवबोधः-परिज्ञानं, तेन च्युताः, कीदृशेनात्मना ? समित्यादिः-संवृतिपथे-कल्पनापथे, प्रस्थापितेन-आरोपितेन, किंकृत्वा ? एनं-दर्शनज्ञानचारित्रलक्षणं भावलिंगं परिहृत्य-मुक्त्वा, इतस्ततो द्रव्यलिंगे प्रवृत्तस्य न मुक्तिरित्यभिप्रायः ॥ ४८ ॥ अथ व्यवहारं विमूढयति—

अर्थ–जे पुरुष यह पूर्वोक्त परमार्थस्वरूप मोक्षमार्ग ताकूं छोडिकरि अर व्यवहार मार्गविषैं वलाया स्थाप्या जो अपना आत्मा ताहीकरि, द्रव्यमय जो यह बाह्यलिंग भेष ताविषैं ममता करै हैं; जानै हैं, कि यह ही हमकूं मोक्ष प्राप्त करेगा; ते पुरुष तत्त्वके यथार्थ ज्ञानतैं रहित भये संते मुनिपद लिया है तौऊ इस समयसारकूं नाही अवलोकन करै हैं, नाही पावै हैं। कैसा है समयसार ? नित्य है उदय जाका, कोई प्रतिपक्षी होय ताका उदयका विच्छेद न करि-

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

सकै है । बहुरि कैसा है ? अखंड है, जामैं अन्य ज्ञेय आदिके निमित्ततैं खंड नाही होय है। बहुरि कैसा है ? एक है पर्यायनिकरि अनेक अवस्था होय हैं, तौऊ एकरूपपणाकूं नाही छोडै है । बहुरि कैसा है ? अतुल कहिये जाके बराबरी अन्य नाही ऐसा है आलोक कहिये प्रकाश जाका, सूर्यादिकका प्रकाशकी ज्ञानप्रकाशकूं उपमा नाही लागै । बहुरि अपने स्वभावकी जो प्रभा ताका प्राग्भार है. जाका भार अन्य सहारी सकै नाही । बहुरि अमल है, रागादिक विकारमलकरि रहित है । ऐसा परमात्माका स्वरूपकूं द्रव्यालिंगी नाही पावै है ॥

व्यवहारविमूढदृष्टयः परमार्थं कलयंति नो जनाः ।
तुषबोधविमुग्धबुद्धयः कलयंतीह तुषं न तंडुलं ॥ ४९ ॥

सं० टी०—व्यवेत्यादिः-व्यवहारेण-श्रमणश्रमणोपासकलक्षणद्विविधेन लिंगेन मोक्षमार्गः इति स्वरूपेण विमूढा-मोहिता दृष्टिर्येषां ते, जनाः-लोकाः परमार्थं-निश्चयं, न कलयंति-न प्राप्नुवंति-न जानंति वा तस्य स्वयमशुद्धद्रव्यानुभवनात्मकत्वे सति परमार्थत्वाभावात् । अत्र दृष्टांतोपन्यासः-इह-जगति, तुषेत्यादिः-तुषबोधः-तंडुलाच्छादकत्वज्ञानं तेन विमुग्धा सर्वमिदं तुषमेवेति विमुग्धा-विमोहिता बुद्धिर्येषां ते जनाः तुषं-तंडुलाच्छादिकां त्वचं कलयंति-जानंति पुनस्तत्र स्थितं तंडुलं-अक्षतं न जानंति तत्र तस्य परिज्ञानाभावात् वैतालीयनाम छंदः ।

षट् विषमेऽष्टौ समे कलास्ताश्च समे स्युर्नो निरंतराः । न समात्र पराश्रिता कला वैतालीये रलौ गुरुः ॥ १ ॥

इति छंद उक्तलक्षणसद्भावात् ॥ ४९ ॥ द्रव्यलिंगिना कुतः स्वरूपाप्राप्तिः ? इति चेत्—

अर्थ—जे जन व्यवहारहीविषैं विमूढ मोही है बुद्धि जिनिकी ऐसे हैं ते परमार्थकूं नाही जानै हैं। जैसैं लोकविषैं जे तुसहीके ज्ञानविषैं विमुग्धबुद्धि जन हैं ते तुसहीकूं तंदुल जानै हैं अर तंदुलकूं तंदुल नाही जानै हैं ॥ भावार्थ—जे परमार्थ आत्माका स्वरूप नाही जानै हैं अर व्यवहारविषैं मूढ होय रहे हैं शरीरादि परद्रव्यहीकूं आत्मा जानै हैं ते परमार्थ आत्माकूं नाही जानै हैं । जैसैं तुष तंडुलका भेद तौ जानै नाही अर परालकूं कूटैं तिनिकै तंडुलकी प्राप्ति नही। तुस तंडुलका भेदज्ञान भये संते तंडुल पावै । आगै इसही अर्थकूं दृढ करनेकूं कहै हैं—

द्रव्यलिंगममकारमीलितैर्दृश्यते समयसार एव न ।

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

द्रव्यलिंगमिह यत्किलान्यतो ज्ञानमेकमिदमेव हि स्वतः ॥ ५० ॥

सं० टी०—समयसारः-समयेषु पदार्थेषु सारः, एव निश्चितं न दृश्यते-नेक्ष्यते, कैः ? द्रव्यलिंगे-श्रमणोहं, श्रमणोपासकोह-मिति यः ममकारः अहंकारः तेन मीलितैः-आच्छादितैः, पुंभिः; कुतः ? यत् यस्मात्कारणात्-किल इति स्पष्टं, इह-जगति, द्रव्यलिंगं-वेषधारणादिचिह्नं, अन्यतः-परद्रव्याच्छरीरादेः भवति, हीति-निश्चितं इदं-प्रसिद्धं एकं-अद्वितीयं ज्ञानमेव-परमात्म-ज्ञानमेव, स्वतः-स्वरूपात्, जायते नान्यतस्तत्-नान्यत्ततः ॥ ५० ॥ अथ शास्त्रे परमामन्यते–

अर्थ–द्रव्यलिंगके ममकारकरि मिलित हैं मोही आंधे हैं तिनिकरि समयसार है सो देखियेही नाही है। जातैं इस लोकविषैं द्रव्यलिंग है सो तौ अन्यद्रव्यतैं होय है। अर यह ज्ञान है सो आप आत्मद्रव्यतैंही होय है ॥ भावार्थ–जे द्रव्यलिंगकूंही आपा मानै हैं ते आँधे हैं। तिनिकूं आपा पर सूझ्या नाही ॥

अलमलमतिजल्पैर्दुर्विकल्पैरनल्पैरयमिह परमार्थश्चेत्यतां नित्यमेकः ।
स्वरसविसरपूर्णज्ञानविस्फूर्तिमात्रान्न खलु समयसारादुत्तरं किंचिदस्ति ॥ ५१ ॥

सं० टी०—अलमलं-पूर्यतां-पूर्यतां, कैः ? अतिजल्पैः-इदं मोक्षहेतुः, इदं नेत्यादि वचोजल्पनैः पुनः अनल्पैः-प्रचुरैः, दुर्विकल्पैः-तत्तन्मानससंकल्पैः, अलमलं, अथवा तद्विशेषणं दुर्-दुष्टा विकल्पा यत्रातिजल्पे तैः, जल्पस्य विकल्पपूर्वकत्वात्, इह-जगति, नित्यं, एकः, अयं परमार्थः-परा-उत्कृष्टा, मा-ज्ञानादिलक्ष्मीर्यस्य स चासावर्थः, कुतः आत्मार्थः, चेत्यतां-ध्यायतां ? खलु-निश्चितं, समयसारात्-परमात्मनः सकाशात्, उत्तरं-अपरं, किंचित्-किमपि-ध्येयं नास्ति। कीदृशात् तस्मात्? स्वेत्यादिः-स्वस्य-आत्मनः, रसः, तस्य विसरः-समूहः, तेन पूर्ण-परिपूर्णं तच्च तत् ज्ञानं च विस्फूर्तिमात्रं-विस्फुरणकात्स्न्र्यं यत्र तस्मात् ॥ ५१ ॥ अथ शास्त्रं परिसमापयत् तन्माहात्म्यमावर्ण्यते—

अर्थ–आचार्य कहै हैं, जो अति बहुत कहनेकरि अर बहुत दुर्विकल्पनिकरि तौ पूरि पडो। इस अध्यात्म-ग्रंथविषैं यह परमार्थ है, सोही एक निरंतर अनुभवन करना। जातै निश्चयकरि अपने रसका फैलावकरि पूर्ण जो ज्ञान ताका स्फुरायमान होनेमात्र जो समयसार परमात्मा तिस शिवाय अन्य किछूभी सार नाही है ॥ भावार्थ–पूर्णज्ञानस्वरूप आत्माका अनुभवन करना। निश्चयकरि इस उपरांति किछूभी सार नाही है ॥ आगैं इस समयसार ग्रंथकूं पूर्ण करै हैं। ताकी सूचनिकाका श्लोक है– १९८

P. P. A... ...anasuriji M.S. Jin Gun A... ...k Trust

इदमेकं जगच्चक्षुरक्षयं याति पूर्णतां ।
विज्ञानघनमानंदमयमध्यक्षतां नयत् ॥ ५२ ॥

सं० टी०—इदं-अध्यात्मतरंगिणीनाम शास्त्रं, समयसारप्राभृतं वा, एकं-सकलशास्त्रातिशायित्वात् परमात्मस्वरूपप्रकाशकत्वात्, अक्षयं-आचंद्रार्कं शाश्वतं सत्, पूर्णतां-भव्यतां पूर्णतां-संपूर्णतां याति-प्राप्नोति, कीदृशं ? जगच्चक्षुः-जगन्नेत्रं, तत्प्रकाशकत्वात्, पुनः कीदृशं ? विज्ञानघनं-आत्मानं अध्यक्षतां नयत्-प्रापयत्, कीदृशं तं ? आनंदमयं-आत्यंतिकसुखनिर्वृत्तं, इदं शास्त्रं ब्रह्मप्रकाशकत्वात् शब्दब्रह्मायमाणमधीत्योत्तमं सौख्यं विंदति इत्यभिप्रायः ॥ ५२ ॥ अथात्मतत्त्वोपसंहारं दंध्वन्यते—

अर्थ–इदं कहिये यह समयप्राभृत है सो पूर्णताकूं प्राप्त होय है । कैसा ? अक्षय कहिये जाका विनाश न होय ऐसा जगतके अद्वितीय नेत्रसमान है । जातैं कहा करता है ? विज्ञानघन जो शुद्ध परमात्मा समयसार आनंदमय ताकूं प्रत्यक्ष प्राप्त करता संता है ॥ भावार्थ–यह समयप्राभृत ग्रंथ है सो वचनरूप तथा ज्ञानरूप दोऊही प्रकार करि नेत्रसमान है । जातैं जैसैं नेत्र घटपटादिककूं प्रत्यक्ष दिखावै हैं तैसैं यह शुद्ध आत्माका स्वरूपकूं प्रत्यक्ष अनुभवगोचर दिखावै है ॥

इतीदमात्मनस्तत्त्वं ज्ञानमात्रमवस्थितं ।
अखंडमेकमचलं स्वसंवेद्यमबाधितं ॥ ५३ ॥

सं० टी०—इति-उक्तयुक्त्या, ज्ञानमात्रं-ज्ञानमयं, इदं आत्मनस्तत्त्वं-स्वरूपं, अवस्थितं-सुप्रतिष्ठं ज्ञानादपरस्य तत्राभावात् तस्य तन्मयत्वाच्च अन्यथा अचेतनत्वप्रसंगात् अखंडं-परवादिभिः प्रमाणैः खंडयितुमशक्यत्वात्, एकं-कर्मोपाधिनिरपेक्षत्वात्, अचलं-शाश्वतत्वात्, स्वसंवेद्यं-स्वानुभावप्रत्यक्षत्वात् अबाधितं-तत्स्वरूपबाधकस्य प्रमाणस्य कस्य चित्परमाणोश्चासंभवात् ॥ ५३ ॥ अथ स्वरूपनिरूपणानंतरं विशदस्याद्वादविद्यानवद्यवादविनोदवेदनाय पातिकापद्यं निगद्यते—

अर्थ–इति कहिये या प्रकार आत्माका तत्त्व कहिये परमार्थभूत स्वरूप ज्ञानमात्र अवस्थित भया निश्चित ठहरया । कैसा है ज्ञानमात्रतत्त्व ? अखंड है अनेक ज्ञेयाकारकरि तथा प्रतिपक्षिकर्मकरि खंड खंड दीखे है, तौऊ ज्ञानमात्रविषै खंड नाहीं है । बहुरि याहीतैं एकरूप है । बहुरि अचल है । ज्ञानरूपतैं चल न होय अर ज्ञेयरूप नाहीं है । बहुरि स्वसंवेद्य १९९

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S.
Jin Gun Aaradhak Trust

है आपहीकरि आप जाननेयोग्य है। बहुरि अबाधित है काहू खोटी युक्तिकरि बाध्या नाही जाय है॥ भावार्थ–इहां आत्माका निजस्वरूप ज्ञानही कह्या है। जातैं आत्मामैं अनंत धर्म हैं, तिनिमैं केई तौ साधारण हैं, ते तौ अतिव्याप्तिरूप हैं। तिनितैं आत्मा पिछाण्या जाय नाही। बहुरि केई पर्यायाश्रित हैं, कोई अवस्थामैं है कोईमैं नाही हैं, ते अव्याप्तिरूप है। तिनितैं भी आत्मा पिछाण्या जाय नाही। बहुरि चेतनता है सो यद्यपि लक्षण है तथापि शक्तिमात्र है, सो अदृष्ट है। तातैं ताकी व्यक्ति दर्शन ज्ञान हैं। तिनिमैं ज्ञान साकार है, प्रकट अनुभवगोचर है। तातैं याहीके द्वारै आत्मा पहिचान्या जाय है॥ तातैं या ज्ञानहीकूं प्रधानकरि आत्मतत्त्व कह्या है॥ ऐसा मति जानूं, जो आत्माकूं ज्ञानमात्र तत्त्व कह्या है। सो एताही परमार्थ है अन्य धर्म झूटे हैं आत्मामैं नाही हैं ऐसा सर्वथा एकांत कीये मिथ्यादृष्टि होय है। विज्ञानाद्वैतवादी बौद्धका मत आवै है। तथा वेदांतका मत आवै है। सो ऐसा एकांत बाधासहित है॥ ऐसा एकांत अभिप्रायकरि मुनिव्रतभी पालै, अर आत्माका ज्ञानमात्रका ध्यान भी करै तौ मिथ्यात्व कटै नाही। मंदकषायनिके वशतैं स्वर्ग पावै तौ पावौ, मोक्षका साधन तौ होय नाही। तातैं स्याद्वादकरि यथार्थ समझना॥ ऐसै इहातांई गाथाका व्याख्यान अर तिस व्याख्यानके कलशरूप तथा सूचनिकारूप काव्य टीकाकार कीये। अब इहां टीकाकार विचारे हैं-जो इस ग्रंथमैं ज्ञानकूं प्रधानकरि ज्ञानमात्र आत्मा कहते आये। तहां कोई ऐसा तर्क करै, जो जैनमत तौ स्याद्वाद है, ज्ञानमात्र कहनेमैं एकांत आया, स्याद्वादतैं विरोध आया। तथा एकही ज्ञानमैं उपायतत्त्व अर उपेयतत्त्व ए दोय कैसैं बणैं? ऐसैं तर्कके निराकरणके अर्थि किछू कहिये हैं। ताका श्लोक है–

अत्र स्याद्वादशुद्ध्यर्थं वस्तुतत्त्वव्यवस्थितिः।
उपायोपेयभावश्च मनाग्भूयोऽपि चिंत्यते॥ ५४॥

सं० टी०—अत्र-समसारपद्यपूर्णताप्रस्तावे भूयोऽपि-पुनरपि-पूर्वं तत्त्वस्वरूपमुक्तं ततोऽपि पुनः मनाग्-संक्षेपतः किंचित्, वस्त्वित्यादिः-वस्तुनः तत्त्वं-स्वरूपं, तस्य व्यवस्थितिः-व्यवस्था, चिंत्यते-विचार्यते च। उपेत्यादिः-उपायः-स्वप्राप्तये दर्शनज्ञानचारित्रप्राप्तये उपायः, उपेयः-तेनोपायेन प्राप्यः-आत्मा तयोर्भावः-स्वरूपं, चिंत्यते, किमर्थं? स्यादित्यादिः-स्याद्वादः-अनेकांतवादः, तत्र यदेव तत् तदेवातत्, यदेकं तदेवानेकं द्रव्यपर्यायार्पणात् यदेव सत् तदेवासत् स्वपरद्रव्यक्षेत्रकालभावविवक्षातः यदेव नित्यं तदेवानित्यं द्रव्यपर्यायार्पणात् इत्याद्यनेकांतस्य युक्तितोऽष्टसहस्र्यां निरूपणात् तस्य शुद्ध्यर्थं प्रतिपाद्यचित्तध्वां-

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

तनिवारणात् तस्य स्वतः शुद्धत्वाच्च ॥ ५४ ॥ अथ तत्र ज्ञानस्यातदात्मकत्ववादिवादमनूद्य तत्समाधानसंधानमादधते--

अर्थ--इहां इस अधिकारविषैं स्याद्वादके शुद्धताके अर्थि वस्तुतत्त्वकी व्यवस्था है सो विचारिये है तथा एकही ज्ञानमैं उपायभाव अर उपेयभाव किछु एक फेरिभी विचारिये है ॥ भावार्थ--यद्यपि इहां ज्ञानमात्र आत्मतत्त्व कह्या है तथापि वस्तुका स्वरूप सामान्यविशेषात्मक अनेक धर्मस्वरूप है, सो स्याद्वादतैं सधै है । सो ज्ञानमात्र आत्माभी वस्तु है, ताकी व्यवस्था स्याद्वादकरि साधिये है । अर इस ज्ञानहीमैं उपायभाव अर उपेयभाव कहिये साध्यसाधकभाव विचारिये है । अब याकी व्यवस्था कहै हैं--स्याद्वाद है सो समस्तवस्तूका साधनेवाला एक निर्बाध अर्हत्सर्वज्ञका शासन है मत है । सो स्याद्वाद सर्ववस्तु अनेकांतात्मक हैं ऐसैं कहै है । जातैं सर्वही वस्तूका अनेकांतात्मक कहिये अनेकधर्मरूप स्वभाव है । असत्यार्थ कल्पनाकरि नाही कहे है । जैसा वस्तूका स्वभाव है तैसाही कहै है ॥ सो इहां आत्मा नामा वस्तूकूं ज्ञानमात्रपणाकरि कहते संते स्याद्वादका परिकोप नाही है । ज्ञानमात्र आत्मवस्तूकैभी स्वयमेव अनेकातांत्मकपणा है । सो कैसा है सोही कहै हैं ॥ तहां अनेकांतका ऐसा स्वरूप है, जो, जोही वस्तु तत्त्वस्वरूप है, सोही वस्तु अतत्स्वरूप है । वहुरि जोही वस्तु एकस्वरूप है सोही वस्तु अनेकस्वरूप है । बहुरि जोही वस्तु सत्स्वरूप है सोही वस्तु असत्स्वरूप है वहुरि जोही वस्तु नित्यस्वरूप है सोही वस्तु अनित्य स्वरूप है ऐसैं एकवस्तुविषैं वस्तुपणाकी निपजावनहारी परस्परविरुद्ध दोय शक्तिका प्रकाशना सो अनेकांत है । सो ऐसी विरुद्ध दोय शक्ति अपना आत्मवस्तूकै ज्ञानमात्रपणा होतैभी पाइए है । सोही कहिये हैं । आत्माकै ज्ञानमात्रपणा होतैभी अतरंगविषैं चिमकता प्रकाशमान् जो ज्ञानस्वरूप ताकरि तौ तत्स्वरूपपणा है । बहुरि बाह्य जेते अनंतज्ञेयभावकूं प्राप्त अर ज्ञानस्वरूपतैं भिन्न जे परद्रव्यनिके रूप, तिनिकरि अतत्स्वरूपपणा है । तिनि स्वरूपज्ञान नाही है ॥ बहुरि सहभूत प्रवर्त्तते अर क्रमरूप प्रवर्त्तते जे अनंत चैतन्यके अंश तिनिका समुदायरूप अविभागरूप जो द्रव्यपणा ताकरि तौ एकपणा है बहुरि अविभाग एकद्रव्यविषैं व्याप्त जे सहभूत प्रवर्तते अर क्रमरूप प्रवर्तते चैतन्यके अनंत अंश, तिनिरूप पर्याय, तिनिकरि अनेकपणा है ॥ बहुरि अपने द्रव्य क्षेत्र काल भावरूप होनेकी शक्तीका स्वभावपणाकरि सत्त्वरूप है ॥ वहुरि परके द्रव्य क्षेत्र काल भावका होनेकी शक्तीका स्वभावपणाकै अभावकरि असत्त्वस्वरूप है ॥ बहुरि अनादिनिधन अविभाग एकवृत्तिरूप जो परिणमन तिसपणाकरि नित्यपणा स्वरूप है ॥ बहुरि क्रमकरि प्रवर्तते जे एकसमयपरिणाम अनेकवृत्तीके अंश तिनिकरि परिणमनेपणाकरि अनित्यपणा २०१

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

स्वरूप है ॥ ऐसैं तत्पणा, अतत्पणा एकपणा अनेकपणा, सत्पणा, असत्पणा, नित्यपणा अनित्यपणा, प्रकट प्रकाशेही है ॥ इहां तर्क, जो, आत्मवस्तूके ज्ञानमात्रपणा होतेभी स्वयमेव अनेकांत प्रकाशै है, तौ, अर्हंत भगवान् तिसके साधनपणाकरि अनेकांतकूं कौन अर्थी अनुशासन करै हैं उपदेशरूप करै हैं ? ताका समाधान-जो अज्ञानी जन हैं तिनिके ज्ञानमात्र आत्मवस्तूका प्रसिद्ध करनेके अर्थी कहे हैं। निश्चयकरि अनेकांतविना ज्ञानमात्र आत्मवस्तुही प्रसिद्ध नाही होय है। सोही कहिये हैं। स्वभावही थकी बहुत भावनिकरि भरचा जो यह लोक ताविषैं सर्वभावनिकै अपने स्वभावकरि अद्वैतपणा है। तौऊ द्वैतपणाका निषेध करनेका असमर्थपणा है। तातैं समस्तही वस्तु है सो स्वरूपविषैं प्रवृत्ति अर पररूपतैं व्यावृत्ति इनि दोऊ रीतिकरि दोऊ भावनिकरि आश्रित है, युक्त है, यह नियम है। सोही ज्ञानमात्र भावविषैं लगावना। तहां ज्ञानभाव है सो अन्य बाकीके ज्ञेयभावनिकरि सहित अपना निजज्ञानरसका भरकरि प्रवर्त्या जो ज्ञाताज्ञेयका संबंध तिसपणाकरि अनादिहीतैं ज्ञेयाकार परिणमताही दीखै है। तातैं जो अज्ञानी जन हैं सो ज्ञान तत्त्वकूं ज्ञेयरूप अंगीकार करि अज्ञानी होयकरि अर आप नाशकूं प्राप्त होय है। तिस काल यह अनेकांत है, सो अपना ज्ञानस्वरूपकरि ज्ञेयतैं भिन्न ज्ञानतत्त्वकूं प्रकट करि अर इस आत्माकूं ज्ञातापणाकरि परिणमनतैं ज्ञानी करता संता तिस आत्माकूं उदयरूप करै है। नाश न होने दे है ॥१॥ बहुरि अज्ञानी जन जिस काल ऐसैं मानै हैं, जो यह सर्व जगत् है सो निश्चयकरि एक आत्मा है। ऐसैं अज्ञानतत्त्वकूं अपना ज्ञानस्वरूपकरि अंगीकार करि अर समस्त जगतकूं आपा मानि ग्रहण करि, अपना भिन्न आत्माका नाश करै है। तिस काल परभावस्वरूपकरि अतत् कहिये सर्व जगत् एकही आत्मा नाही है, ऐसैं भिन्न आत्मस्वरूपपणा प्रकट करि अर यह अनेकांत है सो समस्त जगत्तैं भिन्न ज्ञानकूं दिखावता संता आत्माका नाश नाही करने दे है ॥ २ ॥ बहुरि जिस काल अनेक ज्ञेयनिके आकारनिकरि खंड खंड रूप कीया जो एक ज्ञानका आकार ताकूं देखी एकांतवादी ज्ञानतत्त्वकूं नाशकूं प्राप्त करै है। तिस काल यह अनेकांत है सो ज्ञानतत्त्वके द्रव्यकरि एकपणाकूं प्रकट करता संता ताकूं जीवावै है। नाश नाही होने देवै है ॥ ३ ॥ बहुरि जिस काल एकांती ज्ञानका एक आकारका ग्रहण करनेका अर्थि अनेक ज्ञेयनिके आकार ज्ञानमैं आवै हैं, तिनिका त्याग करि अर ज्ञानस्वरूप आत्माका नाश करै है। तिस काल यह अनेकांत है सो ज्ञानके पर्यायनिकरि अनेकपणाकूं प्रकट करता संता आत्माका नाश नाही करने दे है ॥ ४ ॥ बहुरि जिस काल एकांती है सो ज्ञायमान ज्ञानमैं आवै जे परद्रव्य तिनिके

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

परिणमनतैं ज्ञाताद्रव्यकूं परद्रव्यपणाकरि अंगीकार करि आत्माका नाश करै है। तिसकाल अपना स्वद्रव्यकरि आत्माका सत्त्वकूं प्रकट करता संता अनेकांत है सोही तिस आत्माकूं जीवावे है नाश नाही होने दे है ॥ ५ ॥ बहुरि जिस काल एकांती है, सो, सर्वद्रव्य हैं ते मै ही हैं, ऐसैं परद्रव्यनिकूं ज्ञाताद्रव्यकरि अंगीकार करि आत्माका नाश करै है, तिस काल, परद्रव्यरूप आत्मा नाही है, ऐसैं परद्रव्यकरि आत्माका असत्त्वकूं प्रकट करता संता अनेकांतही नाश करने नाही दे है ॥ ६ ॥ बहुरि परक्षेत्रविषैं प्राप्त जे ज्ञेय पदार्थ तिनिके आकार तिनिसारिखा परिणमनेतैं परक्षेत्रहीकरि ज्ञानकूं सद्रूप अंगीकार करि एकांती नाशकूं प्राप्त करै है, तिस काल अपना क्षेत्रकरि अस्तित्वकूं प्रकट करता संता अनेकांतही जीवावे है, नाश नाही होने दे है ॥ ७ ॥ बहुरि अपने क्षेत्रविषैं होनेके अर्थि परक्षेत्रविषैं प्राप्त जे ज्ञेय तिनिका आकार ज्ञानका होना ताका त्यागकरि ज्ञानकूं ज्ञेयाकाररहित तुच्छ करता संता एकांती आत्माका नाश करै है तिस काल अनेकांत है सो ज्ञानकै अपना क्षेत्रविषैं परक्षेत्रविषैं प्राप्त जे ज्ञेय तिनिके आकाररूप परिणमनेका स्वभावपणा है, ऐसैं परक्षेत्रकरि नास्तिपणाकूं प्रगट करता संता नाश करने न दे है ॥ ८ ॥ बहुरि जिस काल पूर्वे आलंबे थे ज्ञेय पदार्थ तिनिका विनाशका कालविषैं ज्ञानका असत्त्वकूं अंगीकार करि एकांती ज्ञानकूं नाशकूं प्राप्त करै है, तिस काल अपना ज्ञानहीका कालकरि अज्ञानका सत्त्वकूं प्रगट करता संता अनेकांतही ज्ञानकूं जीवावै है, नाश न होने दे है ॥९॥ बहुरि जिस काल अर्थका आलंबनका कालहीविषैं ज्ञानका सत्त्वकूं ग्रहणकरि एकांती आत्माका नाश करै है तिस काल परके कालकरि असत्त्वकूं प्रकट करता संता अनेकांतही नाश होने न दे है ॥१०॥ बहुरि जिस काल ज्ञायमान जाननेमैं आवता जो परभाव ताके परिणमनके आकार दीखता जो ज्ञायकभाव ताकूं परभावकरि ग्रहणकरि अर ज्ञानभावकूं एकांती नाशकूं प्राप्त करै है, तिस काल स्वभावकरि ज्ञानका सत्त्वकूं प्रकट करता संता अनेकांतही ज्ञानकूं जीवावे है नाश न होने दे है ॥ ११ ॥बहुरि जिस काल एकांती है सो ऐसा मनावै है 'जो सर्व भाव हैं ते मै हैं' ऐसैं परभावकूं ज्ञायकपणाकरि अंगीकार करि, अर आत्माका नाश करै है, तिस काल परभावनिकरि ज्ञानका असत्त्वकूं प्रकट करता संता अनेकांत है सोही आत्माका नाश न होने दे है ॥ १२ ॥ बहुरि जिस काल अनित्य जे ज्ञानके विशेष तिनिकरि खंडित भया जो नित्यज्ञानसामान्य, सो नाशकूं प्राप्त होय है ऐसा एकांत स्थापै, तिस काल ज्ञानका सामान्यरूपकरि नित्यपणाकूं प्रकट करता संता अनेकांत है सोही नाश करने न दे है ॥ १३ ॥ बहुरि जिसकाल नित्य जो ज्ञानसामान्य

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

ताका ग्रहण करनेके अर्थि अनित्य जे ज्ञानके विशेष तिनिका त्यागकरि एकांत है सो आत्माकूं नाशकूं प्राप्त करै है, तिस काल ज्ञानके विशेषरूपकरि अनित्यपणाकूं प्रकट करता संता अनेकांत है सोही तिस आत्माकूं जीवावै है, नाश होने न दे है ॥ १४ ॥ ऐसैं चौदह भंगनिकरि ज्ञानमात्र आत्माकूं एकांतकरि तौ आत्माका अभाव होना अर अनेकांतकरि आत्माका ठहैरना दिखाया। तहां तत् अतत्, अर एक अनेक, नित्य अनित्य, ऐसे तौ छह भंग भये। अर सत्त्व असत्त्वके द्रव्य क्षेत्र काल भावकरि आठ भंग कीये, ऐसे चौदह भंग जानने॥ अब इनिके कलशरूप १४ काव्य हैं, सो कहियेहैं—

वाह्यार्थैः परिपीतमुज्झितनिजप्रव्यक्तिरिक्तीभवद्विश्रांतं पररूप एव परितो ज्ञानं पशोः सीदति।
यत्तत्तत्तदिह स्वरूपत इति स्याद्वादिनस्तत्पुनर्दूरोन्मग्नघनस्वभावभरतः पूर्णं समुन्मज्जति ॥

सं० टी०—पशोः-पश्यते-बध्यते-कर्मेति पशुः, अज्ञानी तस्य अतत्स्वभाववादिनोऽज्ञानिनः, ज्ञानं-बोधः, सीदति-विशीर्णतां याति युक्तिबलाभावात्, कीदृशं तत् ? वाह्यार्थैः-अचेतनपदार्थैः परिपीतं ततः समुत्पत्तेस्तदाकारधारित्वात्तत्स्वरूपेण ज्ञानं उज्झितेत्यादिः-उज्झिता-त्यक्ता, निजप्रव्यक्तिः-स्वप्राकट्यं, तया रिक्तीभवत् स्वरूपावेदकत्वात्, पुनः-परितः-समंतात् पररूपे परात्मके अचेतनादौ द्रव्ये विश्रांतं एव निश्चयेन न स्वस्वरूपे।-ज्ञानस्यार्थप्राकट्यं न तु स्वप्राकट्यं ज्ञानं तु ज्ञायते खलु अर्थप्राकट्यान्यथानुपपत्त्या इत्यतदात्मकत्वं वदतो ज्ञानाभावप्रसंगात् अनवस्थादिदोषदुष्टत्वात्। ननु स्वात्मनि क्रियाविरोधात्स्वरूपप्रकाशात्मकत्वं कथं तदभावात् परस्वरूपेण व्यवस्था इति चेन्न, प्रदीपस्य स्वपरप्रकाशनवत् ज्ञानस्यापि स्वपरप्रकाशात्मकत्वात्, का स्वात्मनि क्रिया विरुद्धा ? न तावद्धात्वर्थलक्षणा भवनाभावप्रसंगात्, उत्पत्तिलक्षणायास्तस्था अनंगीकाराच्च ज्ञप्तिलक्षणाया विरोधाभावात्। पुनः-भूयः, इति युक्त्या स्याद्वादिनः-अनेकांतमतावलंबिनः तत् ज्ञानं पूर्णं स्वगुणपर्यायैरभिन्नं सत् समुन्मज्जति-सर्वत्र स्वप्रकाशकत्वेन समुच्छलति। इति किं ? इह जगति, यत्-ज्ञानादि, तत् तत्स्वरूपं स्वपरप्रकाशात्मकं, तत्-ज्ञानादि, स्वरूपतः-स्वभावतः ततः तदात्मकं स्यात्। कुतः ? दूरोदित्यादिः-दूरं-अनंतकालं, उन्मग्नः-स्वगुणिनि लयं गतः घनः-निरंतरं, यः-स्वभावः-स्वरूपं, तस्य भरः-अतिशयः-तस्मात् स्वरूपस्य स्वरूपिणि लीनत्वात्तदात्मत्वमेव ॥ ५५ ॥ अथाभिन्नवादिनो मतमाशंक्य स्याद्भिन्नत्वं समाचेष्टते—

अर्थ--पशु कहिये अज्ञानी तिर्यंचसमान सर्वथा एकांती, ताका ज्ञान है सो वाह्य ज्ञेय पदार्थनिकरि समस्तपणे पीया गया ऐसा होता संता छोडी जो अपनी व्यक्ति तिनिकरि रीता भया संता समस्तपणेकरि पररूपहीकेविषैं

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

विश्रांत भया रहि गया । अपना रूप किछूभी न रह्या, सो नष्ट भया । बहुरि स्याद्वादीका ज्ञान है सो जो अपने स्वरूपतैं जो है सो तत्स्वरूपही है ज्ञानस्वरूपही है, ऐसैं तत्स्वरूप भया संता अतिशयकरि प्रगट भया जो ज्ञानका समूहरूप स्वभाव ताके भरतैं संपूर्ण उदयरूप प्रकट होय है ॥ भावार्थ--कोई सर्वथा एकांती तौ ज्ञानकूं ज्ञेयाकारमात्रही मानै है । ताके तौ ज्ञानकूं ज्ञेय पीय गये आप कछू न रह्या । बहुरि स्याद्वादी ज्ञान अपने स्वरूपकरि ज्ञानही है, ज्ञेयाकार भया तौऊ ज्ञानपणाकूं नाही छोडै है, ऐसैं मानै है । तातैं तत्स्वरूप ज्ञान प्रकट प्रकाशमान है ॥

विश्वं ज्ञानमिति प्रतर्क्य सकलं दृष्ट्वा स्वतत्त्वाशया भूत्वा विश्वमयः पशुःपशुरिव स्वच्छंदमाचेष्टते।
यत्तत्तत्पररूपतो न तदिति स्याद्वाददर्शी पुनर्विश्वाद्भिन्नमविश्वविश्वघटितं तस्य स्वतत्त्वं स्पृशेत्॥

सं० टी०—ननु यदुक्तं स्याद्वादिभिरभिन्नं तदिष्टमेव तथाहि प्रतिभास एवेदं यत् प्रतिभासते तत् प्रतिभास एव यथा प्रतिभासस्वरूपं प्रतिभासमानं चेदं जगत्, न चात्र जगतः प्रतिभासमानत्वमसिद्धं साक्षादसाक्षाच्च तस्य प्रतिभासमानत्वे शब्दविकल्पगोचरातिक्रांतत्वेन वक्तुमशक्तेः प्रतिभासश्चिद्रूप एवान्यथा प्रतिभासाविरोधात् तस्य पुरुषाद्वैतत्वात् इति विश्वं ज्ञानं प्रतर्क्य विचार्य, कया ? स्वतत्त्वाशया-स्वप्रतिभासांतःप्रवेशाशया, सकलं दृष्ट्वा-प्रतिभासमयं सर्वं विलोक्य पुरुषाद्वैतमननं तस्य च देशकालाकारतो विच्छेदानुपलब्धेः नित्यत्वं सर्वगतत्वं निराकारत्वं च व्यवतिष्ठते । न हि कश्चिद्देशः कालः आकारश्च प्रतिभासशून्यः प्रतिभासविशेषाणां नीलसुखादीनां विच्छेदात् तेषामसत्यत्वात् यदि ते न प्रतिभासंते तर्हि संतीति कथं ज्ञायते ततो न तैरनैकांतिकः। यच्च कारकक्रियाभेदकर्मफललोकद्वैतविद्याविद्यावंधमोक्षद्वयं तद्बाधकमभ्यधायि तदपि निरस्तं तेषां प्रतिभासस्वभावत्वादन्यथा व्यवस्थानायोगात्। यदपि पक्षहेतुदृष्टांतानामुपनिषद्वाक्यानां च प्रतिभासनमप्रतिभासनमिति दूषणोद्भावनं तदपि प्रत्याख्यातं। प्रतिभासमात्रात्मत्वात्तेषां पंचविंशतिसांख्योपकल्पितानां प्रकृत्यादीनां तथात्वे हेतुत्वे दोषाभावात् स्याद्वादिनामनेकांतात्मकत्वे साध्ये सत्वादिसाधनवत्, तत्त्वानां यमनियमानशनादीनां संप्रज्ञातासंप्रज्ञातयोगफलकैवल्यादीनां च प्रतिभासात्मकत्वेन तदंतःप्रविष्टत्वसिद्धेः नैयायिकोपकल्पितप्रमाणप्रमेयादिषोडशतत्त्ववत् एवं मीमांसोपकल्पितानां भट्टप्रभाकरोपकल्पितानां चात्मजनफलादीनां योगाचारसौत्रांतिकवैभाषिकमाध्यमकांगीकृतानां क्षणक्षयलक्षणानां च चतुरार्यसत्यानां च वैशेषिकांगीकृतद्रव्यगुणकर्मादीनां षण्णां पदार्थानां लौकायितकेष्ट प्रथ्व्यादीनां चतुर्णा नास्तिकाध्यासितनास्तीतितत्त्वस्य च गगनकुसुमादीनां च प्रतिभासमानत्वेन प्रतिभासांतःप्रविष्टत्वसिद्धेः । अप्रतिभासमानत्वे तद् २०५

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

व्यवस्थाविरोधात् तथापि तदंगीकारेऽनिष्टतत्त्वसिद्धिप्रसंगात् न केषांचित्स्वेष्टतत्त्वसिद्धिरतः प्रतिभासमानत्वमेष्टव्यं तथा चोक्तं–

सर्वं वै खल्विदं ब्रह्म नेह नानास्ति किंचन । आरामं तस्य पश्यंति न तत्पश्यति कश्चन ॥ १ ॥

इति विश्वमयो भूत्वा कश्चिदद्वैतवादी पशुः-पशुरिव-अज्ञानीव, स्वच्छंदं-निरंकुशत्वेन, आचेष्टते-स्वेच्छयेहते प्रतिभासविशेषणां पररूपत्वेन सत्यत्वात्। पुनः स्याद्वाददर्शी कश्चित् युक्त्या तस्य वस्तुनः स्वतत्वं-स्वस्वरूपतः स्वरूपं स्पृशेत्। इति किं? यत् ज्ञानादि स्वरूपेण तत् तत्त्वं, तत्-ज्ञानादि पररूपतः-परस्वरूपतः तत्त्वं न भवति अन्यथा सर्वस्योभयरूपत्वे तद्विशेषनिराकृतेः–

नोदितो दधि खादति किमुष्ट्रं चाभिधावति ।

इत्यतिप्रसंगस्य दुर्निवारत्वात् । कीदृक्षं तत्त्वं ? विश्वात्-समस्तपदार्थाद्भिन्नं पृथक्, पुनः अविश्वेत्यादिः-अविश्वं-अविश्वस्वरूपं तच्च तद्विश्वेन विश्वपदार्थेन घटितं च निष्पादितं विश्वपदार्थपरिच्छेदकत्वात् ॥५६॥ अथानेकत्ववादमारेकयैकत्वमारेकते–

अर्थ–पशु कहिये अज्ञानी सर्वथा एकांतवादी है सो, समस्त ज्ञेयपदार्थ हैं सो ज्ञानमय हैं, ऐसैं विचारि करि, अर सकलजगतकूं निजतत्त्वकी आशाकरि देखि आप समस्तवस्तुमयी होय । अर तिर्यंचकीज्यों स्वच्छंद चेष्टा करै है ॥ बहुरि स्याद्वादका देखनेवाला है सो तिस ज्ञानका निजस्वरूपकूं ऐसा देखै है, जो अपने ज्ञानस्वरूपतैं तत्स्वरूप है ॥ सो पर जे ज्ञेयस्वरूप तिनितैं तत्स्वरूप नाही है ऐसैं समस्तवस्तुतैं भिन्न अर समस्तज्ञेयवस्तुनिकरि घड्या तौऊ समस्त ज्ञेयस्वरूप नाही, ज्ञेयाकाररूप भया तौऊ न्यारा ऐसा ज्ञानका स्वरूप अनुभवै है ॥ भावार्थ–जो वस्तु अपना स्वरूपतैं तत्स्वरूप है सोही वस्तु परका स्वरूपतैं अतत्स्वरूप है ऐसैं स्याद्वादी देखै है । सो ज्ञान अपना स्वरूपतैं तत्स्वरूप है । तैसैंही पर ज्ञेयनिका आकाररूप भया है तौऊ तिनितैं भिन्न है तातैं अतत्स्वरूप है । अर एकांतवादी समस्तवस्तुस्वरूप ज्ञानकूं मानि आपाकूं तिनि ज्ञेयमयी मानि अज्ञानी होय पशुकीज्यौं स्वच्छंद प्रवर्तै है । ऐसा अतत्स्वरूपका भंग है ।

विशेष–इस श्लोकसे ग्रंथकारने ज्ञानाद्वैतवादियोंके सिद्धांतका स्वरूप बता कर उसपर घृणा प्रकटकी है तथा जैन सिद्धांतमें ज्ञानका जो स्वरूप वतलाया है उसकाभी कुछ वर्णन किया है क्योंकि ज्ञानाद्वैतवादीका मत है कि जिसप्रकार ज्ञानका निजस्वरूप ज्ञानमें प्रसिद्ध है उसीप्रकार जो पदार्थ प्रतिभासित होते हैं देखनेमें आते हैं वेभी ज्ञानमें प्रविष्ट हैं ज्ञानस्वरूप हैं यहांपर ऐसी शंका न करनी चाहिये कि यदि सब ज्ञान स्वरूप हैं तो घट पट आदि व्यवहार क्यों और कैसे होते हैं ? क्योंकि

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

ये सब व्यवहार अवास्तविक मिथ्या हैं सबको ज्ञानस्वरूप माननेमें कोई प्रकारका दोष नहिं आसकता तथा नैयायिक जो प्रमाण प्रमेय आदि सोलह तत्त्व मानते हैं मीमांसक आत्मा जन फल आदि है, सांख्य प्रकृति पुरुष आदि पचीस, लोकायतिक पृथ्वी आदि पांच और नास्तिक नास्तितत्व मानता है वे भी सब ज्ञानस्वरूपही हैं ज्ञानसे भिन्न नहीं । परंतु यह ज्ञानाद्वैतवादीका सिद्धांत प्रत्यक्षबाधित है घट पट आदि कभी ज्ञानस्वरूप हो नहिं सकते इसलिये जैन सिद्धांतमें जो ज्ञानको ज्ञानस्वरूप और जडपदार्थोंसे भिन्न माना है वही यथार्थ है ॥ ५६ ॥

बाह्यार्थग्रहणस्वभावभरतो विश्वग्विचित्रोल्लसज्ज्ञेयाकारविशीर्णशक्तिरभितस्त्रुट्यन् पशुर्नश्यति
एकद्रव्यतया सदाप्युदितया भेदभ्रमं ध्वंसयन्नेकं ज्ञानमबाधितानुभवनं पश्यत्यनेकांतवित् ॥५७॥

सं० टी०—पशुः-सौगताख्योऽज्ञानी नश्यति-नाशं याति,-तत्कल्पितो ज्ञानक्षणो युक्त्या न व्यवस्थामेतीत्यर्थः, कीदृक्षः सः ? अभितः-समंतात्, तुट्यन्-विनश्यन् पूर्वक्षणस्वलक्षणनिर्मूलं विनश्यदुत्तरमुत्पादयति । पुनः कीदृक्षः ? विश्वगित्यादिः-विश्वक् सामस्त्येन, विचित्रा-नीलपीताद्यनेकप्रकाराः, उल्लसंतः-स्वाकारार्पणेनोल्लसंतः-गच्छंतः, ते च ते ज्ञेयानां-ज्ञानविषयभूतानां नीलादिक्षणानां आकारा ज्ञाने स्वाकारार्पकत्वं तैः विशीर्णा-अनेकधा जाता शक्तिः-सामर्थ्यं यस्य नीलपीतादीनां क्षणिकत्वात् तदुत्पत्तितस्तदाकारमनुकुर्वाणं ज्ञानं तदध्यवसायतः प्रमाणं क्षणिकं कारकगुणानां कार्यसद्भावात् क्षणिकं हि सर्वं यत्सत्तत्क्षणिकं यथा घटः संति च नीलपीतानि च। घटाद्यवयवो न कपालांशमंतरेणोपलभ्यते। स हि अवयवी अवयवेषु वर्तमानः प्रत्यवयवं साकल्येन वर्तते एकदेशेन वा । यदि साकल्पेन तदा यावंतोऽवयवास्तावंतोऽवयविनः । तत्रापि चावयवकल्पनायामनवस्था। एकदेशेन चेत् भंगित्वप्रसंगात् एकत्वं न स्यात् इत्यादियुक्त्या नीलपीताद्यवयवा एव। बाह्येत्यादिः-क्षणिकलक्षणानां बाह्यार्थानां ग्रहणं तदेव स्वभावः-स्वरूपं यस्य भवतोऽतिशयात् ज्ञानमपि क्षणिकं तदप्ययुक्तं यतः अनेकांतवित्-स्याद्वादी, एकं पूर्वापरविवर्तव्यापितया अद्वितीयं ज्ञानं पश्यति, कीदृक्षं तत् ? अबाधितेत्यादिः-अबाधितं प्रमाणैरनुभवनं यस्य तत्, न च कस्यापीदृशी प्रतीतिर्मया क्षणिकं वस्तु लब्धमिति सर्वेषां साधारणस्थूलघटादीनां प्राप्तेः, एकद्रव्यतया अहं मतिज्ञानी स एवाहं श्रुतज्ञानी यदेव मया दृष्टं तदेव मया लब्धमित्येकद्रव्यत्वेन भेदभ्रमं-भिन्नज्ञानभ्रांतिं ध्वंसयन्-विनाशयन् अन्यथा जीवांतरवत् स्वात्मन्यपि भेदप्रसंगात् स्याद्वादी कीदृक्षया तया? सदा व्युदितया-सदा-नित्यं, आबालगोपालचांडालाबालादीनां प्रसिद्ध्या विद्यमानतया ॥ ५७ ॥ अथैकज्ञानमतमार्तिं निराचिकीर्षुरनेकतां ज्ञानस्य चिकीर्षति–

P.P. Ac. Gunratansuriji M.S.
Jin Gun Aradhak Trust

अर्थ–पशु कहिये अज्ञानी सर्वथा एकांतवादी है सो ज्ञानका स्वभाव बाह्य ज्ञेयपदार्थका ग्रहणरूप है ताके भरतैं समस्त अनेक उदय भये प्रकट ज्ञानमैं आये जे ज्ञेयनिके आकार तिनिकरि खंडखंड विगडी है शक्ति जाकी ऐसा भया संता समस्तपणैंकरि तूटता खंड खंड होता आप नाशकूं प्राप्त होय है । बहुरि अनेकांतका जाननेवाला है सो सदा उदयरूप जो ज्ञानका एकद्रव्यपणा तिसकरि ज्ञेयनिके आकार होनेतैं भया जो सर्वथा भेदका भ्रम ताही दूरि करता संता निर्बाध अनुभवनस्वरूप ज्ञानकूं एक देखै ॥ भावार्थ–ज्ञान है सो ज्ञेयनिके आकार परिणमनेतैं अनेक दीखे हैं । ताकं सर्वथा एकांतवादी अनेक खंडखंडरूप देखता संता ज्ञानमय जो आपा ताका नाश करै हैं । अर स्याद्वादी ज्ञानकूं ज्ञेयाकार भया है तौऊ सदा उदयरूप द्रव्यपणाकरि एक देखै है । यह एकस्वरूप भंग है ॥

ज्ञेयाकारकलंकमेचकाचिति प्रक्षालनं कल्पय--
न्नेकाकारचिकीर्षया स्फुटमपि ज्ञानं पशुर्नेच्छति ।
वैचित्र्येऽप्यविचित्रतामुपगतं ज्ञानं स्वतः क्षालितं
पर्यायैस्तदनेकतां परिमृशन् पश्यत्यनेकांतवित् ॥ ५८ ॥

सं० टी०—पशुः-अज्ञानी सांख्यादिः कश्चित्, स्फुटमपि-अनेकाकारतया व्यक्तमपि ज्ञानं नेच्छति, कीदृक्षः सन् ? एकेत्यादिः-ज्ञानस्य एकाकारं-एकत्वं, चिकीर्षया-कर्तुमिच्छया, ज्ञेयेत्यादिः-ज्ञेयस्य-पदार्थस्य, आकारः-ज्ञाने तदाकारः, स एव कलंकः-कालिमा, ज्ञाने तदाकारस्याभावात् एकस्वभावत्वात्तस्य कूटस्थनित्यत्वात् तेन मेचकः-चित्रितः, चित्-ज्ञानं, तत्र प्रक्षालनं अनेकाकारनिवारणं, कल्पयन्-कुर्वन्, तत्राह अनेकांतवित् तत्-ज्ञानं, पश्यति-ईक्षते, कीदृशं तत् ? पर्यायैः-मतिश्रुतादिज्ञानविवर्तैः, अनेकतां-कथंचिदनेकत्वं परिमृशन्-अंगीकुर्वन्, सर्वथैकत्वे नानाज्ञेयग्रहणं न स्यात् एकार्थज्ञानस्य नित्यमसंभवात् तदभावः स्यात् । तदुक्तमष्टसहस्त्र्यां–

प्रमाणकारकैर्व्यक्तं व्यक्तं चेदिंद्रियार्थवत् । ते च नित्ये विकार्यं किं साधोस्ते शासनाद्बहिः ॥ १ ॥ इति

ननु ज्ञानं पर्यायैरनेकत्वं दधदशुद्धं स्यात् पर्यायस्याशुद्धत्वख्यापनात् इति चेन्न, स्वतः-स्वभावतः, क्षालितं-निर्मलं, यतः । ननु ज्ञानस्यानेकत्वमेवेष्टं दृष्टेष्टानां तद्विषयानामिष्टत्वात् जगतो विचित्रत्वात् ? इति चेन्न कुतः ? पर्यायापेक्षया वैचित्र्ये

P. P. A. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

ऽपि एकज्ञानद्रव्यतया अविचित्रतां-एकस्वरूपतां, उपगतं-प्राप्तं, अतः कथंचिदेकं द्रव्यार्पणात्, कथंचिदनेकं पर्यायार्पणात् ॥५८॥
अथ परद्रव्यास्तित्वन्यस्तं ज्ञानं निराकृत्य स्वास्तित्वास्तिक्यमागम्यते–

अर्थ–पशु अज्ञानी सर्वथा एकांतवादी है सो ज्ञेयनिके आकारनिकरि कलंककरि अनेकाकाररूप मलिन जो चैतन्य ताविषैं एक चैतन्यका मात्र आकार करनेकी इच्छा करि प्रक्षालन कहिये धोवना कल्पता संता ज्ञान अनेकाकार प्रकट है तौऊ ताकूं नाही मानै है एकाकारही मानि ज्ञानका अभाव करै हैं । बहुरि अनेकांतका जाननेवाला है सो ज्ञेयाकारकरि ज्ञानका विचित्रपणा है तौऊ एकपणाकूं प्राप्त ज्ञान है सो आप स्वयमेव प्रक्षाल्या हुवा शुद्ध है, एकाकार है अर पर्यायनिकरि ताके अनेकताकूं अनुभवै हैं ॥ भावार्थ–एकांतवादी तौ ज्ञानविषैं ज्ञेयाकारकूं मैल जाणि एकाकार करनेकूं ज्ञेयाकारकूं धोय दूरि करी ज्ञानका नाश करै है । बहुरि अनेकांती ज्ञानकूं स्वरूपकरि अनेकाकारपणा मानै है । सो ऐसा वस्तुस्वभाव है सो सत्यार्थ है ऐसा अनेकस्वरूप भंग है ॥

विशेष–इस श्लोकमें ज्ञानको कथंचित् एकाकार और कथंचित् अनेकाकार वतलाया है यहांपर यह शंका करना अनुचित है कि यदि ज्ञान पर्यायोंकी अपेक्षा अनेकाकार है तो पर्यायोंके अशुद्ध होनेसे ज्ञानभी अशुद्ध होगा ? क्योंकि यह ज्ञान स्वभावसे हीं निर्मल है वह अशुद्ध नहिं हो सकता । यदि कहो ज्ञानका विषय समस्त जगत है और वह विचित्र-अनेकाकार है इसलिये ज्ञानकोभी सर्वथा अनेकाकार ही मानलेना चाहिये सो ठीक नहीं क्योंकि उसकी ज्ञानद्रव्य एक ही है इसलिये द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा वह एक और पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा अनेक है ॥ ५८ ॥

प्रत्यक्षालिखितस्फुटस्थिरपरद्रव्यास्तितावंचितः
स्वद्रव्यानवलोकनेन परितः शून्यः पशुर्नश्यति ।
स्वद्रव्यास्तितया निरूप्य निपुणं सद्यः समुन्मज्जता
स्याद्वादी तु विशुद्धबोधमहसा पूर्णो भवन् जीवति ॥ ५९ ॥

सं० टी०—पशुः-परद्रव्येण सदिति प्रतिपद्यमानः कश्चित् नश्यति स्वपक्षाक्षेपं लक्षयति-परितः-सामस्त्येन स्वेत्यादिः-स्वस्य-आत्मनः, द्रव्यं द्रवति द्रोष्यति अदुद्रवत् स्वगुणपर्यायान् इति द्रव्यं, तस्यानवलोकनेन-स्वामित्वानीक्षमाणेन शून्यः, पुनः

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

कीदृक्षः ? प्रत्यक्षेत्यादिः-प्रत्यक्षेण-वैशद्यज्ञानेन-आलिखिता आज्ञाता, स्फुटा-व्यक्ता, स्थिरा-अनेककालस्थायित्वात् सा चासौ परद्रव्यास्तिता च, न च घटास्तित्वं पटास्तित्वेऽस्ति सर्वस्य सर्वार्थक्रियाकरणात्, नहि पटादयः घटादय इव पय आहरणलक्षणामर्थक्रियां कुर्वंति घटादिज्ञानं वा इति परास्तित्वाभावेपि तथा वंचितः । स्याद्वादी तु कथं व्यवतिष्ठते-अनेकांतमतमतिः स्वतत्त्वं जीवति स्थिरं स्थापयतीत्यर्थः । कीदृक्षः ? विशुद्धेत्यादि-विशुद्धज्ञानतेजसा पूर्णो भवन्-स्वमनोरथं पूर्णीकुर्वन्, कीदृशेन तेन समुन्मज्जता-समुच्छलता, जगति प्रकाशं गच्छता, किंकृत्वा ? सद्यः-तत्कालं, स्वेत्यादिः-स्वस्य-आत्मनः द्रव्यास्तित्वं तया निपुणं यथोक्तं अस्तित्वं निरूप्य अवलोक्य ॥ ५९ ॥ अथ परद्रव्यस्वरूपं ब्रह्मेतिवादिनं प्रति परद्रव्येणासदिति संन्यस्यते—

अर्थ—पशु अज्ञानी एकांतवादी है सो प्रत्यक्षप्रमाणकरि आलिखित कहिये चितारया हुवा दीखता स्फुट प्रकट स्थूल अर स्थिर कहिये निश्चल ऐसा परद्रव्यकूं देखि तिसका अस्तित्वकरि ठिग्या हुवा अपना निज आत्मद्रव्यका अस्तित्व नाही देखनेकरि समस्तपणैं सर्वथाशून्य होता आपका नाश करै है । बहुरि स्याद्वादी है सो अपना निजद्रव्यका अस्तिपणाकरि निपुण जैसें होय तैसें निज आत्मद्रव्यका निरूपणकरि तत्काल प्रकट होता जो विशुद्धज्ञानरूप तेज ताकरि पूर्ण होता जीवै नष्ट न होय है ॥ भावार्थ—एकांती बाह्य परद्रव्यकूं प्रत्यक्ष देखि ताहीका अस्तित्व मान्या । अर अपना आत्मद्रव्य इंद्रियप्रत्यक्षकरि दीख्या नाही । जाकूं शून्य मानि आत्माका नाश करै है ॥ बहुरि स्याद्वादी ज्ञानरूप तेजकरि अपना आत्मद्रव्यका अस्तित्वके अवलोकनकरि आप जीवै है, आपका नाश नाही करै है । यह स्वद्रव्यअपेक्षा अस्तित्वका भंग है ॥

सर्वद्रव्यमयं प्रपद्य पुरुषं दुर्वासनावासितः
स्वद्रव्यभ्रमतः पशुः किल परद्रव्येषु विश्राम्यति ।
स्याद्वादी तु समस्तवस्तुषु परद्रव्यात्मना नास्तितां
जानन्निर्मलशुद्धबोधमहिमा स्वद्रव्यमेवाश्रयेत् ॥ ६० ॥

सं० टी०—पशुः-अद्वैतैकांतावलंबी, स्वेत्यादिः-स्वस्य द्रव्यं तस्य भ्रमतः-भ्रांतेः, परद्रव्येषु समस्तचेतनाचेतनेष्वपरद्रव्येषु, किल-निश्चितं, विश्राम्यति-विश्रामं याति, परद्रव्यं सर्वं स्वद्रव्यमिति कृत्वा तिष्ठति, किंकृत्वा ? पुरुषं-ब्रह्म, सर्वद्रव्यमयं-समस्त-

P. P. A. [illegible]ratansuriji M.S. Jin Gun A[illegible] Trust

चेतनेतरवस्तुमयं प्रपद्य-अंगीकृत्य, तदभ्युपगमे वेदवाक्यं-"पुरुष एवेदं यद्भूतं यच्च भाव्यं स एव हि सकललोकप्रलयस्थितिहेतुरिति" सर्वेषां प्रतिभासमानत्वेन प्रतिभासांतःप्रविष्टत्वं तस्यैकत्वे घटपटलकुटमुकुटशकटादीनां भेदस्तु दुर्वासनावासितः-दुर्वासनया अविद्यया सदसन्नित्यानित्यैकानेकादिरूपेण प्रतिभासमानया वासितः-कल्पितः इति वदन् अद्वैतदुर्वासनावासितः दुर्वासनया-अनादिकालभूतमहामोहाख्ययाऽविद्यया वासितः-वासनाविषयीकृतः। स्याद्वादी तु समस्तवस्तुषु-सर्वपदार्थेषु स्वद्रव्यमेव स्वद्रव्येणास्तित्वमेव आश्रयेत्-भजेत्। किंकुर्वन्? तेषु परद्रव्यात्मना-परस्वरूपेण नास्तितां जानन् प्रमाणबलान्नास्तित्वमभ्युपगच्छन्, कीदृक्षः सः ? निर्मलेत्यादिः-निर्मलः-द्रव्यमलकलंकरहितः, शुद्धः-भावकर्मविकलः, स चासौ बोधश्च तेन महिमा-माहात्म्यं यस्य सः ॥ ६० ॥ अथ परक्षेत्रास्तित्वं निराकुर्वन् स्वक्षेत्रास्तित्वं तुदति—

अर्थ—पशु अज्ञानी एकांतवादी है सो पुरुष जो आत्मा ताकूं सर्वद्रव्यमयी एक कल्पिकरि अर कुनयकी वासनाकरि वासित हुवा प्रकट परद्रव्यविषैं स्वद्रव्यका भ्रमकरि विश्राम करै है। बहुरि स्याद्वादी है सो समस्तही वस्तूविषैं परद्रव्यस्वरूप करि नास्तिताकूं जानता संता निर्मल है शुद्धज्ञानकी महिमा जाकी ऐसा हुवा स्वद्रव्यहीकूं आश्रय करै है ॥ भावार्थ—एकांतवादी तौ सर्वद्रव्यमय एक आत्माकूं मानि परद्रव्य अपेक्षा नास्तिता है ताका लोप करै है। अर स्याद्वादी समस्तविषैं परद्रव्य अपेक्षा नास्तिता मानि अपना निजद्रव्यमें रमै है। यह परद्रव्य अपेक्षा नास्तिताका भंग है ॥

भिन्नक्षेत्रनिषण्णबोधनियतव्यापारनिष्ठः सदा
सीदत्येव बहिः पतंतमभितः पश्यन् पुमांसं पशुः।
स्वक्षेत्रास्तितया निरुद्धरभसः स्याद्वादवेदी पुन—
स्तिष्ठत्यात्मनिखातबोध्यनियतव्यापारशक्तिर्भवन् ॥ ६१ ॥

सं० टी०-कश्चिन्नैयायिकादिः पशुः-अज्ञानी, सीदत्येव-स्वस्थित्यभावाद्विषादं यात्येव। किंकुर्वन्? अभितः-समंतात् बहिः पतंतं-स्वक्षेत्रात्परक्षेत्रे पतंतं, पुमांसं-आत्मानं, पश्यन्-अवलोकयन्, सदा-नित्यं आत्मनः व्यापकत्वांगीकारात्, कीदृशः सः ? भिन्नेत्यादिः-भिन्नं च तत् क्षेत्रं तत्र निषण्णं-वर्तमानं तच्च तद्बोध्यं-ज्ञातुं योग्यं द्रव्यं च तत्र नियतः-निश्चितः, व्यापारः सन्निकर्षादिक्रिया-आत्मा मनसा संयुज्यते, मन इंद्रियेण, इंद्रियं अर्थेन इंद्रियाणां प्राप्यकारित्वनियमात् इतिसान्निकर्षादिव्यापारः बोध्यक्षेत्रगमनलक्षणः तत्र निष्ठः, तत्पक्षावलंबी स्वव्यवस्थानाभावात्सीदत्येव। स्याद्वादवेदी पुनः कथं तिष्ठति ? स्वेत्यादिः-स्वस्य २११

P. P. Ac. Gunratnasuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

क्षेत्रे अस्तिता-अस्तित्वं तया निरुद्धरभसः सन्निकर्षादीनां निरुद्धो रभसः-वेगः, येन सः, प्रमाणपरीक्षादौ सन्निकर्षस्य गतादावतिप्रसंगेन दूषितत्वात्। नायनसन्निकर्षस्य घटरूपयोः समवेतयोः सद्भावे समवेतयोर्घटरसयोः स कथं न स्यात् इति निरस्तत्वात्। तर्हि कचिदपि बोध्ये आत्मनो व्यापित्वं न स्यात् इति वदंतं प्रति स्याद्वादवादी कीदृक्षो भवंस्तिष्ठति ? आत्मेत्यादिः-आत्मनि स्वस्मिन् निखातं व्यवस्थितं तच्च यद्बोध्यं च स्वरूपलक्षणं बोध्यमित्यर्थः तत्र नियता-निश्चिता व्यापारशक्तिः, येन स ईदृक्षो भवन् सन् ॥ ६१ ॥ अथ परक्षेत्रे नास्तित्वाभावं वदंतं प्रति परक्षेत्रे नास्तित्वं कणति—

अर्थ–पशु अज्ञानी एकांतवादी है सो भिन्नक्षेत्रविषैं तिष्ठ्या जे ज्ञेयपदार्थ तिनिविषैं ज्ञेयज्ञायकसंबंधरूप निश्चितव्यापारविषैं तिष्ठ्या संता पुरुषकूं समस्तपणे बाह्यज्ञेयनिविषैंही पडता संता ताकूं देखता संता कष्टहीकूं प्राप्त होय है। बहुरि स्याद्वादका जाननेवाला है सो अपने क्षेत्रविषैं अपना अस्तिपणाकरि रोक्या है अपना रभस ज्यानैं ऐसा भया संता आत्माहीविषैं आकाररूप भये जे ज्ञेय तिनिका निश्चितव्यापारकी शक्तिरूप होता संता अपने क्षेत्रहीविषैं अस्तित्वरूप तिष्ठै है ॥ भावार्थ–एकांतवादी तौ भिन्नक्षेत्रविषैं ज्ञेय पदार्थ तिष्ठै हैं तिनिके जाननेके व्यापाररूप होता पुरुषको बाह्य पडताही मानि नष्ट करै है। बहुरि स्याद्वादी अपना क्षेत्रविषैंही तिष्ठ्या पुरुष अन्यक्षेत्रविषैं तिष्ठते ज्ञेयनिकूं जानता संता अपने क्षेत्रहीविषैं अस्तित्वकूं धारै है, ऐसा मानता संता आत्माहीविषैं तिष्ठै है। यह स्वक्षेत्रविषैं अस्तित्वका भंग है।

स्वक्षेत्रस्थितये पृथग्विधपरक्षेत्रस्थितार्थोज्झना–
तुच्छीभूय पशुः प्रणश्यति चिदाकारान् सहार्थैर्वमन्।
स्याद्वादी तु वसन् स्वधामनि परक्षेत्रे विदन्नास्तितां
त्यक्तार्थोऽपि न तुच्छतामनुभवत्याकारकर्षी परान् ॥ ६२ ॥

सं० टी०—पशुः कश्चिदज्ञानी प्रणश्यति-स्वक्षयं नयति, किंकृत्वा ? पृथगित्यादिः पृथग्,-भिन्नं, विधिः-प्रयोजनं येषां ते ते च ते परक्षेत्रे-स्वक्षेत्रादपरक्षेत्रे, स्थितार्थाश्च तेषां उज्झनं-परिहरणं तस्मात् तुच्छीभूय-निस्स्वभावं भूत्वा, किमर्थं ? स्वक्षेत्रे स्थितये-स्वक्षेत्रे भवनाय। स्याद्वादी तु पुनः परान् परिच्छेद्यपदार्थान्, आकारकर्षी -आकारग्राही सन्, न तुच्छतां-न तुच्छभावतां, अनुभवति। ननु पराकारकर्षी स्याद्वादिबोधः परार्थग्राही स्यादित्याशंकायामाह-त्यक्तार्थोऽपि त्यक्तपरद्रव्योऽपि परिच्छिनत्ति। त्यक्तार्थत्वं कथं ? परक्षेत्रे स्वक्षेत्रादपरक्षेत्रे नास्तितां वदन्-प्रतिपादयन्। ननु परक्षेत्र इव स्वक्षेत्रे मास्त्विति चेन्न यतः

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aaradhak Trust

स्वधामनि स्वक्षेत्रे वसन्-अस्तित्वं भजन्, पुनः किं कुर्वन् ? चिदाकारान्-चित्पर्यायान्, वमन् उद्गिरन्, कैः सह ? अर्थैः-पदार्थैः ॥ ६२ ॥ अथ स्वकालास्तित्वं प्रीणाति—

अर्थ—पशु अज्ञानी एकांतवादी है सो अपना क्षेत्रविषैं तिष्ठनेके अर्थी न्यारे न्यारे परक्षेत्रविषैं तिष्ठे ज्ञेय पदार्थ तिनिके छोडनेतैं तुच्छ होयकरि अपने चैतन्यके ज्ञेयरूप आकारनिकूं परज्ञेय अर्थकी साथि वमता संता जैसैं अर्थनिकू छोडै तैसैं चैतन्यके आकारनिकूंभी छोडै। तब आपा तुच्छ रह्या। ऐसा आपका नाश करै है । बहुरि स्याद्वादी अपने क्षेत्रविषैं वसता संता परक्षेत्रविषैं अपनी नास्तितताकूं जानता संता यद्यपि परक्षेत्र ज्ञेय पदार्थनिकूं छोडै है तौऊ अपने चैतन्यके ज्ञेयरूप आकार भये तिनिकूं परतैं खेचनेवाला होता तुच्छताकूं नाही अनुभवै है नष्ट नाही होय है ॥ भावार्थ—एकांती तौ परक्षेत्रविषैं तिष्ठते ज्ञेयपदार्थनिके आकार चैतन्यके आकार भये तिनिकूं जैसैं अर्थनिकूं छोडे है तैसैं चैतन्यके आकारनिकूंभी छोडै है ऐसैं जानै है। चैतन्यके आकारनिकूं अपना करूंगा तौ अपना क्षेत्र छुटि जायगा । तातैं आप चैतन्यके आकाररहित होय तुच्छ होय है, नष्ट होय है। बहुरि स्याद्वादी ज्ञेयपदार्थनिकूं छोडे है, तौऊ चैतन्यके आकारनिकूं छोडै नाही है। अपने क्षेत्रविषैं वसता परक्षेत्रविषैं अपनी नास्तितताकूं जानता तुच्छ नाही होय है, नष्ट नाही होय है ॥ यह परक्षेत्रनास्तितताका भंग है ॥

पूर्वालंबितबोध्यनाशसमये ज्ञानस्य नाशं विदन्
सीदत्येव न किंचनापि कलयन्नत्यंततुच्छः पशुः।
अस्तित्वं निजकालतोऽस्य कलयन् स्याद्वादवेदी पुनः
पूर्णस्तिष्ठति वाह्यवस्तुषु मुहुर्भूत्वा विनश्यत्स्वपि ॥ ६३ ॥

सं० टी०—पशुः-कश्चिदज्ञानी, सीदत्येव-विनश्यत्येव, किं कुर्वन् ? पूर्वेत्यादिः-पूर्व-स्वोत्पत्तिक्षणे, आलंबितं-ज्ञेयस्वरूपेण अवलंबितं तच्च तद्बोध्यं च ज्ञेयं तस्य नाशः क्षयः तस्य समये-क्षणे, ज्ञानस्य-बोधस्य, नाशं-विनाशं विदन्-जानन् अत्यंततुच्छः अत्यंत-निश्शेषं तुच्छः-निस्स्वभावः सर्वेषां तुच्छस्वभावत्वात् निरन्वयविनाशात्। सोऽपि वादी तुच्छस्वभावः तन्मध्ये पतितत्वात् किंचनापि-किमपि,चेतनाचेतनं स्थिरं न कलयन्। पुनः स्याद्वादवेदी पूर्णः-पूर्वापरकालस्थायित्वेन पूर्णमनोरथस्तिष्ठति-

P. P. Ac. Gunratansuriji M.S. Jin Gun Aradhak Trust

आस्ते। किंकुर्वन् ? अस्य-ज्ञानस्य, निजकालतः-स्वकालतः, अस्तित्वं कलयन् किंकृत्वा ? मुहुः-पुनः, बाह्यवस्तुषु-बहिःपदार्थेषु, भूत्वा-तद्ग्राहकस्वरूपेणोत्पद्य, कीदृशेषु तेषु ? विनश्यत्स्वपि-पर्यायापेक्षया प्रतिक्षणं विनाशं गच्छत्सु, अपिशब्दात् द्रव्यादेशादविनश्यत्सु। बाह्यपदार्थेषु विनश्यत्स्वपि, ज्ञानं न विनश्यति स्वकाले सत्त्वात् ॥६३॥ अथ परकाले नास्तित्वमाविभृते

अर्थ–पशु अज्ञानी एकांतवादी है सो पूर्वकालमैं आलंबे जे ज्ञेयपदार्थ तिनिका नाश होनेके समयविषैं ज्ञानकाभी नाशकूं जानता संता किछूभी नाही जानता संता तुच्छ भया नाशकूं प्राप्त होय है। बहुरि स्याद्वादका वेदी है सो इस आत्माका अपने कालतैं अस्तित्वकूं जानता संता बाह्यवस्तु वारंवार होयकरि नष्ट होते संतेभी आप पूर्णही तिष्ठै है ॥ भावार्थ–पहिले ज्ञेय पदार्थ जाने थे उत्तरकालमैं विनसि गये तिनिकूं देखि एकांती अपना ज्ञानकाभी नाश मानि अज्ञानी हुवा आत्माका नाश करै है। बहुरि स्याद्वादी ज्ञेयपदर्थनिकूं नष्ट होतैंभी अपना अस्तित्व अपनाही कालतैं मानता नष्ट न होय है ॥ यह स्वकालअपेक्षा अस्तित्वका भंग है ॥

अर्थालंबनकाल एव कलयन् ज्ञानस्य सत्त्वं बहि–
र्ज्ञेयालंबनलालसेन मनसा भ्राम्यन् पशुर्नश्यति।
नास्तित्वं परकालतोऽस्य कलयन् स्याद्वादवेदी पुन–
स्तिष्ठत्यात्मनिखातनित्यसहजज्ञानैकपुंजीभवन् ॥ ६४ ॥

सं० टी०—पशुः-कश्चिदज्ञानी, परकाले वस्तुनोऽस्तित्ववादी नश्यति-स्वपक्षक्षयेण स्वयं क्षयं याति। कीदृक्षः सन् ? मनसा-चित्तेन कृत्वा भ्राम्यन्-अन्यथार्थस्यान्यथार्थकल्पनया भ्रमं गच्छन्, कीदृशेन तेन ? बहिरित्यादिः-बहिर्ज्ञेयं-बाह्याचेतनादिद्रव्यं तदेवालंबनं-अवलंबनं तत्र लालसं यत्तेन, पुनः कीदृक्षः सः ? अर्थेत्यादिः-अर्थस्य-ज्ञेयस्य आलंबनं तदुत्पत्यादिवशादवलंबनं तस्य काले-समये एव ज्ञानस्य सत्त्वं-अस्तित्वं, कलयन्-अंगीकुर्वन् तदुक्तं तन्मते—

अर्थस्यासंभवे भावात्प्रत्यक्षे च प्रमाणता। प्रतिबद्धस्वभावस्य तद्धेतुत्वे समं द्वयं ॥ इति ॥

